ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● पौष कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2079 ● गुरुवार, 22 दिसम्बर 2022 ● वर्ष-29 ● अंक-68 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



अभ्यास
सत्र के दौरान राहुल चोटिल, ईश्वरन को मिल सकता है मौका
- पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### लड़की देखने जा रहे युवक की मौत, भाई गंभीर

**मेदिनीनगर।** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सेवती डाक बंगला के समीप बुधवार की दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे 10 फीट गड्ढे में गिर गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक इसी थाना क्षेत्र के गोइंदी निवासी संतोष यादव (40वर्ष) की मौत हो गई। जबकि उसका छोटे भाई सोनू कुमार यादव का हाथ फ्रेक्चर हो गया एवं सिर में चोट आई है। बेदानी के समीप निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद से संतोष के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### कोरोना से डरने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची।** चीन समेत कुछ अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों से एक बार फिर चिंताएँ बढ़ गयी है। कोविड की स्थिति पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि राज्य सरकार फौरी तौर पर तैयार है। कोरोना का केस नहीं है। हमें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होने कहा कि एहतियाती कदम जितने उठाने होंगे हम उठाएँगे वैसे भी सभी इससे अभ्यस्त हो चुके हैं। उन्होने कहा कि कोरोना से जंग के लिए स्वास्थ्य महकमा सभी तरह से लैस है।

### भारी मात्रा में शराब किया गया नष्ट

**खूंटी।** खूंटी में आबकारी विभाग द्वारा भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब को नष्ट किया गया है। जिसमें देशी शराब, दारु, बीयर और ह्विस्की को हुटूबदाग में शराब गोदाम के समीप जेसीबी से शराब बोतलों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि एक निश्चितकालावधि के बाद शराब को सरकारी नियमानुसार विनष्ट किये जाने का प्रावधान है। जिला उत्पाद निरीक्षक विकास कुमार निराला ने बताया कि नष्ट किये गये शराब को एक नियत समय के बाद विनष्ट कर दिया जाता है। जिसे जब्त किया गया था। जिस जब्ती में रखे 600 कार्टून देशी शराब और छोटे बड़े तीन हजार से ज्यादा अंग्रेजी शराब की बोतलों को नष्ट किया गया है।

### कंपनी के यार्ड में दुर्घटना इंजीनियर की मौत

**रांची।** रांची के कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य करा रही कंपनी के नामकुम स्थित यार्ड में बुधवार को दुर्घटना होने से एक इंजीनियर की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। बताया जा रहा है कि छड़ कांटा कराने के दौरान क्रेन से छड़ पलट गया। इसमें एक अभियंता चुरामणि कुमार की मौत हो गयी जबकि एक चालक और एक मजदूर को चोटें आयी है। उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से मृत अभियंता के परिजनों में आक्रोश है और मुआवजा की मांग कर रहे हैं। नामकुम थाना के सब-इंस्पेक्टर आकाश कुमार ने बताया कि एक इंजीनियर की मौत हुई है। दो लोग घायल हुए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण मेसर्स दिनेश अग्रवाल एंड संस कंपनी की ओर से की जा रही है।

### संताली फिल्म के निर्देशक ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में संताली फिल्म 'सकाम ओड़ेच' के निर्देशक अजित टुडू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने फिल्म प्रदर्शित किया। समाज में फैली कुरीति, छुआछूत आदि प्रवृत्ति के दुष्परिणाम पर आधारित यह एक सामाजिक फिल्म है। फिल्म में संताली कला-संस्कृति को भी प्रमोट किया गया है। मौके पर मुख्यमंत्री ने फिल्म की सराहना की तथा फिल्म के निर्देशक एवं कलाकारों के अभिनय को सराहा।

# नियोजन नीति पर आक्रोश...

## सीएम हेमंत सोरेन बोले : तीन महीने में समाधान

- युवाओं को दिलाया भरोसा
- मिलकर निकालेंगे रास्ता
- सरकार नौजवानों के साथ
- सवा तीन करोड़ लोगों के प्रति सरकार संवेदनशील
- झारखंड के जड़ में दीमक भरने का काम किया गया
- सड़कों पर दिखा गुस्सा, फार्म भरने की फी पचास रूपया किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट से नियोजन नीति-2021 रद्द होने के बाद राज्य के युवाओं में भारी आक्रोश है। इसका असर वर्तमान में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के अंदर भी दिखा। इस मसले पर विपक्ष के लगातार हमलावर होने पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपना पक्ष रखा। सदन के जरिये मुख्यमंत्री ने युवाओं को भरोसा दिलाया है कि इस विकट घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवान जो चाहेंगे, सरकान उसी निर्णय के साथ रास्ता निकालेगी।

**सीएम ने कहा :** सरकार की कोशिश थी कि कम से कम थर्ड और फोर्थ ग्रेड की 100 फीसदी नौकरियां, यहां के आदिवासी और मूलवासी को मिले। अब आगे देखना है, सवा तीन करोड़ लोगों के प्रति सरकार संवेदनशील है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बहुत होशियारी और चतुराई से झारखंड के जड़ में दीमक भरने का काम किया गया है। तत्कालीन रघुवर सरकार के कार्यकाल में शिक्षक की बहाली में बाहरी आ गये थे। ऐसा न हो, इसी का ख्याल रखते हुए दूसरा रास्ता निकाला गया था। सीएम ने कहा कि हमारी चिंता ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों के नियोजन की है।

### सरकार को है चिंता

सीएम ने कहा कि हमारे नौजवान धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी वजह से सत्ता पक्ष के विधायकों के एक शिष्टमंडल को युवाओं से मिलने के लिए भेजा गया। सीएम ने कहा कि नियोजन नीति रद्द होने के बाद से ही इस पर रास्ता निकालने को लेकर विचार विमर्श कर रहा हूं। युवाओं के भविष्य की चिंता हमारी प्राथमिकता है। हर हाल में विधि-सम्मत संवैधानिक रूप से बेहतर रास्ता निकालेंगे। इसमें नौजवानों की भी भागीदारी होगी। सीएम ने कहा कि दोबारा फॉर्म भरने और उम्र सीमा को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। हमारी सरकार ने ही फॉर्म भरने की फीस को 50 रुपये किया था।

### सीएम ने केंद्र पर साधा निशाना

सीएम ने केंद्र सरकार पर हमला साधते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बड़ी संख्या में रेलवे, आर्मी और बैंकों में नौकरी मिलती थी, लेकिन वह रास्ता भी बंद हो गया है। वह बोझ अब राज्य की सरकारों पर आ गया है। इसी वजह से सभी राज्य अपनी नियोजन नीति बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी झारखंड में कई नियोजन नीति रद्द हो चुकी है, लेकिन अफसोस की बात है कि हमारी नियोजन नीति से दूसरे राज्य के लोगों को ज्यादा तकलीफ हो रही थी।

# हमारे देश में पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है नशा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश में नशे और ड्रग्स तस्करी पर लगाम कसने के लिए सरकार की ओर से उठाये गये कदमों की जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में दी। अमित शाह ने कहा कि नशा हमारे देश में पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से होनेवाली कमाई आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगती है। इसलिए नशे पर लगाम कसकर हम एक साथ दो मोर्चों पर सफलता पा सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि तमाम दलों के बीच अक्सर कई मुद्दों पर मतभेद रहे हैं, लेकिन आतंकवाद से निपटने में सभी राज्य केंद्र के साथ मिलकर चले हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बीते तीन सालों में कई सारी व्यवस्थाएं की हैं। सबसे बड़ा बदलाव यह किया है कि हम किसी भी जांच को अलग से नहीं देख सकते।

### टीएमसी सांसद पर भड़के अमित शाह



इसी दौरान वह टीएमसी के सांसद सौगत रॉय की टोका-टोकी पर उखड़ भी गये। उन्होंने पहले तो सौगत रॉय से कहा कि वह शांत रहें और मेरा भाषण समाप्त होने के बाद ही बात करें। इसके बाद भी सौगत रॉय लगातार बोलते रहे तो अमित शाह का गुस्सा और बढ़ गया। वह अपनी सीट पर ही बैठ गये और कहा कि दादा पहले आप बोल लीजिये। यही नहीं उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार आपकी उम्र और कद के लिहाज से ठीक नहीं है। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दखल दिया और सांसद सौगत रॉय से शांत रहने की अपील की। इसके बाद अमित शाह फिर से खड़े हुए और अपने भाषण को आगे बढ़ाया।

# गुड गवर्नेंस पर राज्यस्तरीय कार्यशाला

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव रहे और अब झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि गुड गवर्नेंस एक सतत प्रक्रिया है, इसमें ठहराव नहीं है। गुड गवर्नेंस का उद्देश्य कमजोर वर्ग के लोगों पर फोकस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का लोक हित की योजनाओं को अंतिम कतार में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना लक्ष्य होना चाहिए। वे बुधवार को श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में आयोजित गुड गवर्नेंस सप्ताह पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि हमें सिस्टम में पारदर्शिता लानी होगी। यह कहना आसान है कि सोशल जस्टिस का समावेश हो रहा है।लोगों को न्याय मिल रहा है, लेकिन इसे गंतव्य तक पहुंचाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति बराबर का दर्जा रखता है, न्याय मिलने में किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। बता दें कि श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक गुड गवर्नेंस सप्ताह पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में अति विशिष्ट अतिथि आदित्य स्वरूप ने कहा कि प्रजा की खुशी में ही राजा की खुशी होती है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी किसी प्रकार की शिकायत आने पर उस पर त्वरित कार्यवाही करें और अपनी जवाबदेही को समझें। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके तक सरकार का न्याय पहुंचना चाहिए। हमें विशेषकर कमजोर तबके पर अपना ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि उनकी आवाज कई बार हम तक नहीं पहुंच पाती। न्याय में किसी प्रकार का पक्षपात ना हो, न्याय हमेशा पारदर्शी होना चाहिए। कार्यशाला में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू : 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र के शांतिपुरी निवासी विकास कुमार सिंह उम्र 22 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में शहर थाना की पुलिस ने बताया कि शहर के शांतिपुरी गली नंबर 9 से बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिला की विकास कुमार नामक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की और आस पास के लोगों से इस घटना के बारे में जानकारी ली। परंतु किसी ने पुलिस को इस घटना से संबंधित जानकारी नहीं दी। इसके बाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मोदीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वह इस घटना के बाद से पुलिस इस घटना से संबंधित मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## 29 दिसम्बर को विभिन्न योजना के लाभुकों को

# 12 सौ करोड़ रुपये की सौगात देगी राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्तमान राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 दिसम्बर 2022 को आयोजित

### कई महत्वपूर्ण पोर्टल का होगा शुभारंभ

होनेवाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आगामी 29 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि झारखंड के भूमिहीन तथा सूखाग्रस्त प्रभावित 10 लाख किसान परिवारों को सूखा राहत राशि का लाभ, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत स्कूलों में अध्ययनरत 25 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि का लाभ तथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित 5.60 लाख बच्चियों को सहायता राशि का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचाया जायेगा। उक्त अवसर पर 1200 करोड़ रुपये राशि का वितरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है। राज्य गठन के बाद से ही हमारी सरकार ने झारखंडवासियों के सभी समस्याओं के निदान का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित सहित सभी वर्गों को उनका हक-अधिकार उनके गांव-घर में ही उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा सके।



**प्रोजेक्ट भवन में आयोजित होगा मुख्य समारोह :** बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 दिसम्बर 2022 को झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित नये सभागार में आयोजित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तकनीकी पहलुओं की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों निर्देशित किया कि सूखा राहत योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किये जाने हेतु लाभुकों का रजिस्ट्रेशन, वेरीफिकेशन तथा वित्तीय एवं तकनीकी पहलुओं पर सभी आवश्यक तैयारी 26 दिसम्बर 2022 तक निश्चित रूप से पूर्ण कर ली जाये ताकि 29 दिसम्बर 2022 को राज्य सरकार द्वारा बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो एवं राशि तत्काल लाभुकों के खाता में अंतरित हो जाये। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग द्वारा उक्त अवसर पर शुभारंभ किये जानेवाले प्रगति पोर्टल, स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल की व्यवस्था एवं उसकी तकनीकी बारीकियों की भी पूरी जांच सुनिश्चित कर लें ताकि पोर्टल शुभारंभ होने के बाद साइट में किसी तरह की असुविधा खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत कई मॉडल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन राज्य सरकार द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है इस निमित्त आवश्यक तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉन्चिंग ऑफ पोर्टल फॉर मॉनिटरिंग इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का भी पूर्ण तैयारी रखें।

# 8533 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भाजपा के बहिष्कार के बीच 8533 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हुआ। बजट पर बोलते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि अनुपूरक बजट से राजकोषीय लक्ष्यों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। सरकार अपने बेहतर वित्तीय प्रबंधन से इस अतिरिक्त राशि की व्यवस्था करेगी।



उन्होंने कहा कि राज्य में कम आय वर्ग को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। इसे लागू कर दिया गया है। इस पर आनेवाले खर्च के लिए 2733 करोड़ रुपये का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय दोगुना किया गया है। कई समाजिक योजनाएं शुरू की गयी हैं, जिसपर खर्च बढ़ा है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को 595 करोड़ रुपये, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग को 197 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य , चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 434 करोड़ रुपये, गृह, कारा एवं आपदा विभाग को 220 करोड़ रुपये, श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग को 160 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग को 217 करोड़ रुपये, नगर विकास एवं आवास विभाग को 251 करोड़ रुपये, अनुसूचित जाति, जनजाति व अल्पसंख्यक कल्याण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कोरोना महामारी | कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ, अलर्ट पर रहें

# लोगों के लिए मास्क है जरूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली।**

भारत जोड़ो यात्रा को खत्म करने की बात वाली चिट्ठी को लेकर मचे घमासान के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा बैठक

मंत्री मनसुख मंडाविया ने कोरोना महामारी को लेकर एक ट्वीट किया है जिसमें उन्होंने बताया है कि अधिकारियों और एक्सपर्ट्स के साथ इसे लेकर एक समीक्षा बैठक हुई जिसमें कई तरह के फैसले लिये गये हैं। बता दें कि इससे पहले मंडाविया ने राहुल गांधी को एक चिट्ठी लिखकर कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा को खत्म करने पर विचार करना चाहिए, इसमें कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है। अब अपने ट्वीट में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने हाई लेवल बैठक का जिक्र करते हुए लिखा : दुनिया के कई देशों में तेजी से बढ़ रहे कोरोना मामलों को देखते हुए अधिकारियों और एक्सपर्ट्स के साथ एक रिव्यू मीटिंग हुई। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। मैंने सभी को निर्देश दिये हैं कि अलर्ट पर रहें और सर्विलांस को लगातार बढ़ाने का काम करें। हम किसी भी हालात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



**केवल 27-28 प्रतिशत लोगों ने ली है एहतियाती खुराक :** बैठक के बाद नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने कोरोना को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि केवल 27-28 प्रतिशत लोगों ने एहतियाती खुराक ली है। हम अन्य लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों से अपील करते हैं कि वे एहतियाती खुराक लें। एहतियाती खुराक सभी के लिए अनिवार्य और निर्देशित है।

**बैठक में इन मुद्दों पर हुई चर्चा**

सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार की इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जिनमें सबसे अहम इंटरनेशनल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल को लिखी चिट्ठी पर बवाल

दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक चिट्ठी लिखी गयी, जिसमें भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया गया था। मांडविया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से अपील करते हुए कहा कि अगर कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा सकता तो वो भारत जोड़ो यात्रा निलंबित करने पर विचार करें। स्वास्थ्य मंत्री की इस चिट्ठी पर फिलहाल जमकर बवाल मच गया है। कांग्रेस ने सरकार से कहा है कि वो कोरोना को लेकर एक एडवाइजरी जारी करे, जिसका पालन भारत जोड़ो यात्रा में किया जायेगा। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह सरकार की बौखलाहट है। वहीं, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार भारत जोड़ो यात्रा से डर गयी है, इसीलिए जब राजस्थान में यात्रा खत्म हो चुकी है तो सरकार राज्य में इसे लेकर कोविड प्रोटोकॉल की बात कर रही है।

## विस में सीपी सिंह बोले -

# अफसर सवाल नहीं पूछने की करते हैं पैरवी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विधायक सीपी सिंह ने बुधवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने स्पीकर को कहा कि विधानसभा में सवाल डालने के बाद अफसरों के पास सवाल पहुंच जाता है। इसके बाद अफसर लोग पैरवी करता है कि ये सवाल मत पूछिये। सीपी सिंह ने कहा कि इस संबंध में स्पीकर को भी लिखित शिकायत की है। सीपी सिंह ने कहा कि, मैं थूककर चाटता नहीं हूं। कई लोग ऐसे हैं जो फोन आने के बाद सदन से अनुपस्थित हो जाते हैं, लेकिन मैं जब सवाल डालता हूं तो पूछता भी हूं। मैं चुप रहनेवाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि जब मूल बजट का 40 फीसदी पैसा ही खर्च हुआ है तो अनुपूरक बजट का कोई औचित्य नहीं है। सीपी सिंह ने कहा कि राज्य में पुलिस हाउसिंग निगम में रिटायर्ड अभियंता को मुख्य अभियंता का प्रभार दिया गया है। वह टेंडर में छह से आठ फीसदी कमीशन लेता है। वहीं, असिस्टेंट इंजीनियर रवि चौधरी को कार्यपालक अभियंता का प्रभार दिया गया है। रवि चौधरी पर एसीबी ने एफआईआर के लिए लिखा है। लेकिन पुलिस निगम के एमडी अजय सिंह ही एसीबी के डीजी हैं। सैंया भये कोतवाल वाला मामला है, ऐसे में अजय सिंह कार्रवाई नहीं कर रहे। सीपी सिंह ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि कमीशन की राशि अजय सिंह तक पहुंचती है, लेकिन इसके बाद वह कहां तक जाती है मुझे नहीं पता। सीपी सिंह ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### सगुना में धान क्रय केंद्र खुला

**पाटन।** सगुना फैक्स में धान क्रय केंद्र की उद्घाटन किया गया। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जीप पार्षद संग्राम सिंह मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से केंद्र का उद्घाटन किया। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष धान की उपज नहीं हुई। किसान सुखाड़ की चपेट में हैं। इस लिये जो भी किसान किसी तरह धान उपज किये हैं, सरकारी मूल्य पर केंद्र पर बेच सकते हैं। जीप पार्षद संग्राम सिंह ने कहा कि किसान सही दामों पर धान केंद्र पर बेचें। बिचौलिया से नहीं। मौके पर सुरेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, यमुना प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### युवती के लापता होने का सनहा दर्ज

**हुसैनाबाद।** शहर के मकबरा रोड निवासी राजकुमार प्रसाद ने हुसैनाबाद थाना में सनहा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री दया कुमारी का उसके भाई के साथ झगड़ा हुआ था। गत 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे वह घर से निकल कर कहीं चली गई है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि दया कुमारी इंटर पास है। वह सलवार सूट पहने हुए है। उन्होंने थाना पुलिस से बेटी को ढूंढने में सहायता करने का आग्रह किया है।

### छोटा परिवार ही सुख का आधार है: प्रमुख

**पांकी।** छोटा परिवार, सुख का आधार है। पांकी के हुरलौंग स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर मे बुधवार को जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, हुरलौंग की मुखिया बिंदा देवी व पंसस लक्ष्मी देवी ने ग्रामीण महिलाओं को उपहार देकर परिवार कल्याण दिवस की सार्थकता बतायी। प्रमुख ने कहा कि छोटा परिवार ही सुख का आधार है। जनसंख्या नियंत्रण से ही बेरोजगारी की समस्या को दूर की जा सकती है। वहीं पर लालती देवी, सरिता सेवी, लाली देवी को परिवार नियोजन के लिए उपहार दिया गया। मौके पर पिंटू प्रसाद, जमाल अंसारी, पप्पू गुप्ता सीएचओ समेत कई महिलायें उपस्थित थी।

# विस्थापित रैयतों के समर्थन में बंद रही दुकानें, पांचवें दिन भी भूख हड़ताल जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब गांव में एनएच 98 फोरलेन निर्माण के विस्थापित रैयतों का धरना व भूख हड़ताल जारी है। उधर भूख हड़ताल के समर्थन में ढाब, बिजनीवार, सिमरवार, चौखटवा, जहाना तथा कौवाखोह आदि स्थानों पर दुकानदारों ने अपनी दुकान और प्रतिष्ठान बंद कर उनकी मांग पर सहमति जताई। वहीं मंगलवार की रात्रि ग्रामीणों ने मशाल जुलूस निकाला। उधर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दूरभाष पर बताया कि भू स्वामियों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए सड़क से सदन तक लड़ेंगे। ग्रामीणों के समर्थन में एनसीपी के पिपरा विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजय कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अखिलेश मेहता, विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर, गोलू सिंह, अरविंद शर्मा, संतोष शर्मा, नंदू पासवान, राजेंद्र गुप्ता आदि कार्यकर्ताओ ने धरना स्थल पर पहुंच कर रैयती की मांग को उचित बताते हुए समर्थन दिया है। वहीं पूर्व विधायक सह आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने विस्थापित रैयतों की मांग को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार 22 दिसंबर को धरना देने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनएच 98 विस्थापित रैयतों के द्वारा 17 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना जारी है। वहीं शनिवार से सिमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान तथा वार्ड सदस्य अखिलेश गुप्ता के द्वारा अनशन किया जा रहा है। मालूम हो कि एनएच 98 फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का पुनर्मूल्यांकन कर मुआवजा राशि बढ़ाने, ढाब, सिमरबार में अंडरपास का निर्माण करने, जिनका ऑनलाइन खतियान 3 डी में नाम छूट गया है, उसमें नाम चढ़ाकर वास्तविक रैयतों को मुआवजा देने आदि मांग को लेकर गत 5 दिसंबर से विस्थापित रैयतों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

# बच्चों ने नाटक के माध्यम से दिया सुरक्षा का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सतबरवा के छात्रावास प्रांगण में बुधवार को धान अधिप्राप्ति खरीफ केंद्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर बीडीओ राज किशोर प्रसाद, सीओ प्रसांत कुमार ,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने इसका उद्घाटन किया। बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि सतबरवा प्रखंड के 10 पंचायत बारी ,पोंची,सतबरवा, दुलसुलमा, बकोरिया, रबदा, धावाडीह, घुटूआ, बोहिता, रेवारातू के किसान यहां सरकारी दर 20 रुपया 50 पैसा में अपना धान बेच सकेंगे। सीओ प्रशांत कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष समय पर धान अधिप्राप्ति केंद्र खुल गया है। किसान अपने धान को सरकारी दर पर बेचने के लिए पैक्स में आयें। महाजनों से ओने पौने दाम में धान बेचने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके हित के लिए लगातार काम कर रही है। 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। इस वर्ष हालांकि सुखाड़ के कारण फसल बहुत अच्छा नहीं रहा है। इसलिए झारखंड सरकार ने सुखाड़ से प्रभावित किसानों के लिए आवेदन करने पर उन्हें 35 सौ रुपये देने का प्रावधान किया है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कमलेश प्रसाद, सतबरवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौशल प्रसाद, 20 सूत्री सदस्य संजय यादव, प्रमोद यादव, समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पलामू एसपी आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के फाइनल मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा को भी आमंत्रित किया गया है। बुधवार को कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मेदिनीनगर पहुंचकर पलामू पुलिस अधीक्षक को आमंत्रण पत्र दिया और कर्नल कप के फाइनल मैच में 23 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए आग्रह किया। उसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कर्नल संजय सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष भी कर्नल कप के फाइनल में पलामू उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया था। इस बार भी फाइनल मैच में भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया,अजय सिंह और मंजीत सिंह भी यहां के स्थानीय खिलाड़ियों के साथ हुसैनाबाद के धरती पर खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने समस्त फुटबॉल प्रेमियों से 23 दिसंबर को हुसैनाबाद पहुंचने के लिए आग्रह किया। मौके पर पूर्व मुखिया राजीव रंजन सिंह उर्फ डबल सिंह, पूर्व मुखिया आदि मौजूद थे।

### हरिहरगंज में मिस्त्री मीट कार्यक्रम का आयोजन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के अररुआ खुर्द, कॉलेज मोड़ स्थित सतीश ट्रेडिंग में बुधवार को नुवोको कॉन्क्रीटो सीमेंट द्वारा तकनिकी कार्यशाला सह राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका आयोजक सतीश ट्रेडिंग के संचालक सतीश विश्वकर्मा थे। कंपनी के टेक्निकल इंजीनियर सौरभ कुमार ने नुवोको कॉन्क्रीटो सीमेंट की गुणवत्ता तथा उसके उपयोग सहित इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कांट्रेक्टर तथा मिस्त्री को गृह निर्माण में सिमेंट की गुणवता की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि नुवोको कॉन्क्रीटो सीमेंट अपने गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। वहीं अशजद खान ने कहा कि यह सीमेंट वर्षो से लोग उपयोग करते आ रहे हैं। बड़े-बड़े पुल, बिल्डिंग में इसका उपयोग होते आ रहा है। यह सीमेंट भारत की सबसे गुणवत्ता वाली सीमेंट बन गयी है। भोजन के आयोजन के पश्चात सभी राजमिस्त्री भाइयों को नुवोको कॉन्क्रीटो सीमेंट की ओर से उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो. सतीश विश्वकर्मा, मथुरा मिस्त्री, संजय मंडल, उमेश साव, जितेंद्र राम, लक्ष्मण मेहता, जगदीश साव, उमेश प्रजापति, जयराम मिस्त्री सहित दर्जनाधिक राजमिस्त्री तथा कांट्रैक्टर उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग में पैसा व पदस्थापना का चल रहा है खेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर ।** जिले में शिक्षा विभाग इन दिनों पाने कार्यालय से निर्गत पत्रों एवं पदस्थापना को लेकर चर्चा में हैं । बता दे कि जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के पत्रांक 1503 दिनांक 5/11/2022 को निर्गत पत्र के अनुसार रामनंदन सिन्हा छतरपुर को हैदरनगर,और मोहम्मदगंज से स्थानांतरित करते हुए उनके स्थान पर हुसैनाबाद के बीईओ रामनरेश राम को हैदरनगर और मोहम्मगंज दोनों प्रखंडों का प्रभार देने का निर्देश जारी किया गया है। वहीं एक माह के अंदर डीएसी कार्यालय पलामू के पत्रांक 1695 दिनांक 15/12/2022 को विश्रामपुर के बीईओ महेन्द्र प्रजापति को प्रभार दिया गया । वहीं पत्र में यह आरोप हैं कि रामनरेश के द्वारा कार्य मे शिथिलता बरती गई हैं । अब आप तय कर सकते हैं कि एक माह में कोई पदाधिकारी को कार्य में शिथिलता का आरोप लगाते हुए स्थांतरित कर दिया जाता है। जबकी




पलामू जिला में एक बीईओ को 5 से 6 प्रखण्ड का प्रभार है। इस लिए नियम यह भी है कि अनुमण्डल मुख्यालय के प्रखण्ड में पदस्थापित पदाधिकारी या बगल के प्रखण्ड के अधिकारियों को प्रभार दिया जाये। जिससे नित्य समय पर क्षेत्र के पदाधिकारियों उक्त सभी प्रखण्डों में स्कूलों का भ्रमण कर सकें या देख रेख सही तरीका से करें। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हैदरनगर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरगड़ा के प्रधानाध्यापक श्याम लाल राम पर ग्रामीणों ने एक माह का एमडीएम का चावल बेचने और पैसे गबन का आरोप लगाया था। जिसका भौतिक निरिक्षण भी किया गया था। लेकिन उक्त प्रधानध्यापक के द्वारा पदाधिकारी को पैसा और राजनीतिक पैरवीकारों से कहवाकर जांच में पकड़ा ना जाये, इसलिए श्री प्रजापति को प्रभार दिलवाया गया है। उतना ही नहीं उक्त शिक्षक को पहले भी बच्चों के किताब बेचने के मामले में सत्य पाए जाने के बाद निलंबित किया गया था। इस बाबत प्रधानाध्यापक से पक्ष जानने का प्रयास किया गया ,लेकिन उनके मोबाइल का स्विच ऑफ था।

# एनआरएचएम कर्मियों ने किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** समान काम का समान वेतन को लेकर प्रदेश इकाई के आव्हान पर एनआरएचएम के तहत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में सेवारत मेडिकल ऑफिसर, एनएम, बीपीएम, बाम, बीडीएम, लैब टैक्नीशियन, ड्रेसर आदि ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। साथ ही गगनभेदी नारे भी लगाये। डॉक्टर पीएन सिंह ने बताया कि हम सब स्थाई डॉक्टर की तरह दिन रात हॉस्पिटल में सेवा देते हैं। फील्ड ड्यूटी भी करते हैं। कोरोना जैसी वैश्विक संक्रामक बीमारी से जब जीवन अस्त व्यस्त था। लोग घरों में दुबके हुए थे, जान जोखिम में रखकर अहर्निश सेवा दिये हैं । लेकिन त्रासदी है कि विभाग विभेदीकरण की नीति अपनाकर हम सब के साथ पारा मेडिकल कर्मियों के वेतन तथा अन्य सुविधाओं में गहरा अंतर की है। विभाग के इस गतिविधि से हम सबों में गहरा रोष व क्षोभ है। विरोध करने वालों में डॉ. पीएन सिंह, डॉ.राकेश सिंह, डॉ.विकास गुप्ता, डॉक्टर मंजूर आलम, बीडीएम रंजीत मेहता, बीपीएम विभूति, बाम राजीव रंजन, सहित दर्जनों कर्मियों का नाम उल्लेखनीय हैं।


## कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला के भण्डरिया एवं रंका प्रखण्ड में विगत 6 दिनों में तेंदुआ के हमले से दो बच्चों एवं एक मवेशी की मौत हो गई है। दिनांक–19.12.2022 को शाम करीब 5:30 बजे ग्राम–सेवाडीह, पंचायत–सिरोईखुर्द, प्रखण्ड–रंका, जिला–गढ़वा में एक 6 वर्ष की बच्ची का मौत तेंदुए के शिकार से हुई है। वन विभाग द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में तेंदुआ से जान–माल की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित सावधानियाँ बरतने की अपील की जाती है :–

(1) बच्चे और महिलाएँ तेंदुए के हमले का ज्यादा शिकार होते हैं, अतः महिलाएँ घर से बाहर समूह में निकलें और बच्चों को अकेले न छोड़ें।
(2) सुबह या शाम का समय तेंदुआ के लिए चरम गतिविधि का समय होता है, अतः सुबह या शाम के समय किसी भी प्रयोजन के लिए घर से बाहर कम–से–कम चार–पाँच व्यस्क व्यक्तियों के समूह में निकलें।
(3) वन क्षेत्रों में किसी जंगली जानवर को देखने पर उसका पीछा न करें या उसके पास जाने की कोशिश न करें।
(4) मवेशियों को जंगल या फसल के खेतों के पास चारागाह में ले जाने समय कम–से–कम चार–पाँच व्यस्क व्यक्तियों के समूह में जायें।
(5) मवेशियों के गले में ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण का प्रयोग करें।
(6) वन क्षेत्रों या झाड़ीनुमा क्षेत्रों में शाम या सुबह के समय शौच के लिए बाहर नहीं निकलें।
(7) अपने घरों के आस–पास रसोई का कचरा जमा न करें, क्योंकि यह आवारा कुत्तों को उस स्थान पर आमंत्रित करता है, जो बदले में तेंदुए की आवाजाही की संभावना बनाता है।
(8) घरों के पास की झाड़ी को साफ रखें एवं घर के बाहर एवं गलियों में प्रकाश की व्यवस्था रखें।
(9) नशे की हालत में अकेले घर से बाहर नहीं निकलें।
(10) कोई भी आपदा की परिस्थिति में या गढ़वा जिला के उक्त प्रखण्डों एवं तटवर्ती क्षेत्रों में तेंदुए की भ्रमण की सूचना प्राप्त होने पर **दूरभाष संख्या–9430778325 / 6205861551 / 8987790238 / 8987790237 / 9142354364 / 8409817024 पर सम्पर्क करें।**

निवेदक,
(शशि कुमार, झा0व0से0)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 285550 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23 (D)


# कई विकास योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड में 15वें वित्त मद से पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने हुरलोंग पंचायत के ग्राम भरी में नाली निर्माण, ग्राम हुरलोंग में आंगनबाड़ी भवन मरम्मत, माड़न पंचायत के ग्राम बघमरी में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से पूजा अर्चना के पश्चात किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि पांकी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की गली मोहल्लों में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों में तेजी लाने का कार्य बढ़- चढ़ कर करूंगाा। उन्होंने गांव में उपस्थित ग्रामीणों से मिलकर वृद्धा पेंशन व राशन कार्ड से संबंधित जानकारी प्राप्त की। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक जिनका भी वृद्धावस्था पेंशन नहीं बन पाया है, वह पांकी के प्रमुख कार्यालय में पहुंचकर अपना आवेदन जमा करें। वृद्धा पेंशन करवाने में हर संभव मदद किया जायेगा। मौके पर उपस्थित उपप्रमुख अमित चौहान, हुरलोंग मुखिया बिंदा देवी, हुरलौंग पंचायत सदस्य शाहिना प्रवीण, लक्ष्मी देवी, माड़न मुखिया पति रफीक अंसारी, माड़न पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, पप्पू कुमार यादव, समाजसेवी जमाल अंसारी, पिंटू साव, कारु उरांव, महमूद अंसारी, प्रमोद पासवान, पिंटू कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### शहर में मच्छरों की प्रकोप से डेंगू की आशंका तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में इन दिनों जहरीली मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है। जिससे क्षेत्र में डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी बढ़ने की संभावना तेज हो गयी है। वहीं नगर क्षेत्र वार्ड नम्बर 3 के पार्षद राजेन्द्र पाल ने अपने कार्यपालक को पत्र लिखकर फॉगिंग मशीन चलाने की मांग की है। श्री पाल ने बताया कि अभी दो वर्ष से लोग कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से परेशान थे। वहीं अभी पुनः केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग एवं सरकार का निर्देश है कि कोरोना का नया वेरिएंट 2 जापान, अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में तेजी से फैल रहा है। भारत के सभी राज्यों को कुछ निर्देश दिये गये हैं।

### शमसाद मेकनिकल वर्कशॉप का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू नगर परिषद अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला के बिड़ला मोड़ के पास बुधवार को शमसाद मेकनिकल वर्कशॉप का उद्घाटन हुआ। वर्कशॉप का उद्घाटन युवा समाजसेवी सह पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान ने फीता काटकर किया। श्री खान ने कहा कि कोई भी सरकार सभी युवाओं को रोजगार नहीं दे सकती है। बेरोजगारी दूर करने हेतु युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि गृह उद्योग, व्यवसाय सहित कई क्षेत्र युवाओं के लिए आज भी खुला हुआ है। जरूरत है अवसर का लाभ उठाने की। वर्कशॉप के प्रोपराइटर शमसाद आलम ने बताया कि इस वर्कशॉप में कई तकनीकी कार्य उचित कीमत पर होगा। मौके पर असगर अंसारी, मुख्तार विफन चंद्रवंशी,राजू राम, मनोहर पासवान सहित कई लोग मौजूद थे


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार
## (डी0एम0एफ0टी0 कोषांग)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– ................/2022**

ज्ञापांक–................../ दिनांक– ..................

लातेहार जिला अन्तर्गत विभिन्न मद के योजनाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के साथ क्षेत्र भ्रमण हेतु डी0एम0एफ0टी0 कोषांग के लिये एक बोलेरो वाहन (चालक सहित) एवं दो मोटर साइकल की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/वाहन मालिकों से दिनांक– 29.12.2022 के अपराह्न/पूर्वाह्न् **12:00** बजे तक निविदा की मांग की जाती है। निविदा जिला जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार में निर्धारित अवधि तक प्राप्त किये जायेगें। निविदा का निष्पादन उसी दिन दिनांक–29.12.2022 को 3:00 बजे अपराह्न/पूर्वाह्न् में समाहरणालय सभा कक्ष में ''निविदा समिति'' के द्वारा किया जायेगा।

निविदा संबंधित सूचना लातेहार जिला का वेबसाईट **https://latehar.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार।

PR 285566 (Rural Development) 22-23 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-16/2021-22(3rd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षक/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध कार्य | 5,86,34,109.00 | 11,75,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 24.12.2022 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 24.12.2022 से 31.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विषेष प्रक्षेत्र, धुर्वा, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि,एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 02.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, धुर्वा, रॉंची। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 03.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा

PR 285569 Lohardaga (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0–RWD/SD/GARHWA/11/2022-23**

जिला योजना अनाबद्ध निधि/विशेष केन्द्रीय

1.कार्य का विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के भण्डरिया प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–बिजका में बिजका पिकेट के अंतर्गत चपकली मोड से बिचका गाँव के तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर करीब 03 किमी0 की दूरी पर एक कल्भर्ट का निर्माण। (SCA). | 24,90,900.00 | 5000.00 | 50,000.00 | 03 माह | RWD/SD/GARHWA/11/2022-23/GR-01 |
| 2 | गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड गढ़वा के ग्राम–बोगासी में स्व0 भिखारी उपाध्याय के कुआँ के पास चबुतरा निर्माण कार्य । | 1,80,940.00 | 750.00 | 3,700.00 | 03 माह | RWD/SD/GARHWA/11/2022-23/GR-02 |
| 3 | गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड गढ़वा के ग्राम पंचायत छतरपुर के ग्राम–झलुआ में कुतुबद्दीन अंसारी के घर पुल से लुकमान के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 29,89,000.00 | 5000.00 | 60,000.00 | 03 माह | RWD/SD/GARHWA/11/2022-23/GR-03 |
| 4 | गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड रमना के ग्राम–हारादाग के आदिवासी टोला में आर0सी0सी0 कल्भर्ट निर्माण। | 84,65,000.00 | 10000.00 | 1,70,000.00 | 03 माह | RWD/SD/GARHWA/11/2022-23/GR-04 |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 19.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.12.2022 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. प्रमण्डलीय कार्यालय गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 30.12.2022 को कार्यालय अवधि में।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.12.2022 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं.– 7004019730
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. एनेक्चर– 02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ पत्र देना होगा।
11. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

PR 285597 Rural Development(22-23)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### पंचायत सचिव की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित अन्य जिलों के पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को अब नौकरी मिलने वाली है। वर्षों से अपनी नियुक्ति के इंतजार में बैठे अभ्यर्थियों के लिए जेएसएसएसी के द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया शुरू किया गया है। बीती शाम आयोग के द्वारा पंचायत सचिव के विज्ञापन को संशोधित करते हुए साइट पर अपलोड किया गया है। गौरतलब है कि पंचायत सचिव की नियुक्ति नियोजन नीति के कारण लंबित थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 14 दिसंबर को राज्य स्तरीय मेरिट बनाकर राज्य सरकार को नियुक्ति पूरा करने का आदेश दिया है।

### दो बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**मेदिनीनगर।** पड़वा पलामू जिले अंतर्गत रविवार की गत रात्रि पंडवा अंचलाधिकारी ने गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के लोहड़ा से 2 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़कर पंडवा थाना को करीबन एक बजे थाना को सुपुर्द किया। पंडवा अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने जानकारी देते हुए कहा कि सदर एसडीओ के आदेशानुसार पंडवा अंचल क्षेत्र में 6 जगहों पर चेकनाका लगाने के बावजूद भी अवैध बालू उठाव के कारोबार में लगे लोग अंचल प्रशासन और पुलिस प्रशासन को चकमा देकर ट्रैक्टर से बालू उठाव कर परिवहन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गतरात्रि अंचल प्रशासन क्षेत्र में गस्ती मे निकला तो करीबन 1:00 बजे दो ट्रैक्टर को लोहड़ा से पकड़कर पंडवा थाना को दिया।

### निगम आयुक्त से मिले कांग्रेस के अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व में जिले के कांग्रेस जनों ने बुधवार को पलामू के नवनियुक्त उप विकास आयुक्त सह नगर निगम आयुक्त रवि आनंद से औपचारिक मुलाकात की। कांग्रेस जनों ने गुलदस्ता देखकर उनका जिला में स्वागत एवं अभिनंदन किया। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्ठू पाठक ने कहा कि सरकार की सभी विकास योजनाएं आम आदमी तक पहुंचे।

### जिला परिषद ने किया मेडिकल शॉप का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने बुधवार को पड़वा मोड़ स्थित मेडिकल शॉप का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद ने कहा कि पड़वा ग्रामीण क्षेत्र में मेडिकल दुकान खुल जाने से अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों में रहने वाले लोगों को काफी सहयोग मिलेगा। मौके पर उपस्थित दुकान के प्रोपराइटर राकेश कुमार रवि ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को किसी भी दवा के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं है इस मेडिकल दुकान में स्वास्थ्य से संबंधित सभी दवाएं उपलब्ध है। यहां अन्य दवा दुकानों से उचित मूल्य पर दवा देने की व्यवस्था की गई है।

### शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

**मेदिनीनगर।** माध्यमिक शिक्षक संघ, के द्वारा जिला मुख्यालय में बैठक आहूत किये। जिसमे हाई स्कूल सहायक शिक्षको का शिष्टमंडल डीईओ से मिलकर अपनी मांगों को रखा। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिसमें नवनियुक्त शिक्षक की सेवा संपुष्टि का कार्य अविलंब संपन्न कराने। सभी शिक्षक का जीपीएफ नंबर अलॉटमेंट करने, हुसैनाबाद प्रखंड के शिक्षक का बकाया भुगतान करने। इतिहास और राजनीति विज्ञान के सहायक शिक्षक के बकाया भुगतान करने। प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय सभी शिक्षक का मूल्यांकन कार्य में लगाए जाने के एवज में क्षतिपूर्ति अवकाश प्रदान करने। इस महीने वेतन भुगतान में हो रही देरी को अविलंब कराने और नवनियुक्त शिक्षक के वेतन भुगतान के लिए हमारे बीच के सहयोगी शिक्षक साथी को बिल बनाने का कार्य करने हेतु कार्यालय में बुलाए जाने का कार्य। ताकि प्रत्येक माह शिक्षक साथी का समय से वेतन आदि का भुगतान सुनिश्चित कराने का कार्य किया जा सके। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षक के प्रतिनिधिमंडल की बात को सुना और समय सीमा के भीतर इन सभी समस्याओं का समाधान के लिए कहा।

युवा छात्रों ने निकाला सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण आक्रोश मार्च

# नई नियोजन नीति को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य में नियोजन नीति को नौंवी अनुसूची में शामिल करने और परीक्षा कैलेंडर को लागू करने की मांग की। आरवाईए केंद्रीय परिषद सदस्य दिव्या भगत के नेतृत्व में छह मुहान से लेकर समाहरणालय तक छात्र युवाओं की रैली निकाली गई। कुछ दिनों पहले नियोजन नियमावली 2021 को कोर्ट ने रद्द कर दिया है। परीक्षा कैलेंडर को वापस लेने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। इस वजह से लाखों झारखंडी युवा जो नौकरी की तैयारी में लगे थे। परीक्षाएं दे रहे थें, उनका भविष्य अधर में लटक गया है। दिव्या भगत ने मौके पर कहा की झारखंड में लगातार इस तरीके से झारखंड युवाओं को छला जा रहा है। पहले नियोजन नियम और नीति नहीं बनते हैं, और बनने के बाद उसे कोर्ट द्वारा




खारिज, निलंबित किया जाता है। इस वजह से लाखो युवाओं की उम्र सीमा खत्म हो गई और हो रही है। झारखंड में 3.5 लाख से अधिक पद रिक्त हैं पर बहाली नही हो रही है। झारखंड विधानसभा में जो नई नियोजन नीति 2022 पारित हुई है। वह भी राजनीतिक उठापटक के चक्कर में लागू नहीं हों पा रही है। राज्यपाल, केंद्र सरकार इस पर पहल नहीं कर रहे हैं। झारखंड के युवा इन वजहों से बेरोजगार होने को मजबूर हैं। मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष इजहार अली हैदर ने कहा की झारखंड के नौजवान अब इस इन स्थितियों को और नही झेलेंगे। हेमंत सोरेन ने सत्ता में आने से पहले रघुवर की दोहरी नियोजन नीति का विरोध कर युवाओं का समर्थन पाया था। जिसके जनमत संग्रह से हेमंत सोरेन सरकार में आ पाए है। पर दुर्भाग्यपूर्ण है की हेमंत ने युवाओं को आज भी छला है। रिक्त पदों पर आज तक बहालियां नही हुई है। यात्रा में अंबेडकर छात्रावास से घनश्याम कुमार, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव पवन विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, उमेश कुमार साथ सैकड़ों छात्रों युवाओं ने छः मुहान से सम्हारणालय तक जोरदार नारो के साथ मार्च किया एवं समाहरणालय का मुख्य द्वार जाम भी किया गया।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा युवा विरोधी झामुमो-कांग्रेस-राजद की ठग बंधन वाली हेमंत सोरेन सरकार का पुतला दहन किया गया। पूर्व की रघुवर दास सरकार में पारित नियोजन नीति को आप रद्द कर चुके हैं और आपकी नियोजन नीति को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण पूर्व की नीति को खत्म करते हुए नए सिरे से जो नीति बनाई थी वो प्रारंभ से ही चर्चा का विषय बना रहा। इस तरह के नासमझी से वर्तमान एवं आगामी के प्रतियोगी परीक्षाओं पर असर पड़ेगा। यह राज्य के युवाओं के हित में उचित नहीं है। अपनी लापरवाह एवं असंवेदनशील सरकार के बड़े-बड़े वादों के हवा निकलती देख मुख्यमंत्री जी द्वारा खोखले प्रचार किए जा रहे हैं राज्य के युवा इसे बखूबी जानते हैं। अब बिना किसी नीति के नियोजन कैसे होगा? आपके अफसर पहले तो वैकल्पिक नीति बनाने को लम्बा लटकायेंगे। उसमें इतनी गलती करेंगे कि मामला फिर कोर्ट चला जाय। बेचारे युवा नौकरी न देने की आपकी योजना का शिकार बन कर लड़ते-लड़ते बूढ़े हो जायेंगे। मुख्यमंत्री के द्वारा सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए राज्य के हर वर्ग के साथ छलावा करना राज्य के विकास को गर्त में धकेल रहा है। राज्य अब भगवान भरोसे ही है। पुतला दहन में मनोज सिंह,अविनाश वर्मा, विजय ओझा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्वेतांक गर्ग, रोहित शर्मा, रोहित पाठक, छोटू सिंहा, विशाल दुबे, प्रिंस सिंह, राहुल पांडेय, सौरभ पांडेय, राहुल अग्रवाल, अमन सिंह, रंजीत गिरी, विशाल कुमार, विवेक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 20 सूत्री बैठक की सम्पन्न, कई निर्णय लिए गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में 20 सूत्री समिति की प्रथम बैठक बुलाई गई। जिसमें सभी विभागों की समीक्षा की गयी। जिसकी अध्यक्षता तेजू साहू ने किया। समीक्षा बैठक में सभी विभागों की प्रखंड स्तरीय विकास कार्य योजनाओं के प्रगति के संबंध में 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक द्वारा जानकारी प्राप्त की गई ।




बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई गई । साथ ही भविष्य में सुधार की चेतावनी दी गई । जिस विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित थे उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई। अंचल विभाग की समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारी को बताया गया ऑनलाइन संबंधित समस्याएं हैं इसे सुधार किया जाये। बेवजह पब्लिक को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित चचाएं की गई कि सभी पंचायतों स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाये । बैठक में अध्यक्ष तेजू साहू उपाध्यक्ष रामानंद पाठक उर्फ छोटू पाठक प्रखंड विकास पदाधिकारी, सह 20 सूत्री सचिव अमिताभ भगत अंचलाधिकारी सदर, जीके मिश्रा मेदिनीनगर 20 सूत्री समिति के सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, गरिमा सहानी, जतरू उरांव ,अबुल हसन, अंसारी नौशाद, सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार सिंह प्रमुख बसंती देवी ,अर्चना सिन्हा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अनूप बिलियन जीपीएस फतेह अहमद सहायक अभियंता बीरबल चौरसिया कन्या अभियंता सीताराम पटेल जेएसएलपीएस बीपीएम मनरेगा बीपीओ आरजू तमन्ना नीतीश प्रभाकर इनदेश प्रजापति एवं सभी प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत नवाबाजार के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत नवाबाजार के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने नवाबाजार प्रखंड अंतर्गत सुपर चेकिंग कार्य के तहत रजहारा, बसना, ईटको, कुंभीकला, रबदा एवं कंडा में अवस्थित मतदान केंद्रों पर विभिन्न प्रपत्रों यथा प्रपत्र 6,7,8 की गुणवत्ता एवं शुद्धता की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री दोड्डे ने उपस्थित मतदाताओं से उनके द्वारा समर्पित आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी ली गयी साथ ही बीएलओ एवं




सुपरवाइजर के द्वारा निष्पादित प्रपत्रों के सत्यापन प्रक्रिया के संबंध से भी अवगत हुए।इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 325 की आवेदिका पूजा देवी द्वारा प्रपत्र 6 के साथ आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट नहीं होने के कारण पुनः उसका उम्र एवं पता का अनुलग्नक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।इसी तरह मतदान केंद्र 347 में आवेदक मुकेश कुमार राम के द्वारा समर्पित आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि एवं प्रपत्र छह में दर्ज जन्म तिथि में भिन्नता पायी गयी,यहां भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भी किया निरीक्षण

उपायुक्त श्री दोड्डे ने क्षेत्र सत्यापन के दौरान चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति,ड्रेस वितरण,एवं मिडेमील का भी निरीक्षण किया गया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उपायुक्त को विद्यालय की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह,नवाबाजार के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीर हमजा, निर्वाचन कार्यालय के शशिमोहन समेत संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाता,सुपरवाइजर एवं बीएलओ आदि उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों के साथ है संत मरियम परिवार : अविनाश




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने दिल की बीमारी से ग्रसित चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भड़गांवा निवासी अजय राम की पुत्री सुप्रिया कुमारी को ईइलाज के लिए सहयोग राशि प्रदान किया है। ताकि उसका बेहतर इलाज हो सके। बताते चलें कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भड़गांवा निवासी अजय राम की पुत्री सुप्रिया कुमारी काफी लम्बे समय से दिल में छेद रहने के कारण बीमारी से जूझ रही है। सुप्रिया बुधवार को अपने अभिभावक के साथ संत मरियम स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव से आर्थिक सहयोग हेतू मिली थीं। अविनाश देव ने उन्हें मदद का भरोसा दिया था। जिसे पूरा करते हुए उन्होंने बुधवार को बच्ची के मां को आर्थिक सहायता प्रदान किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा की जब कोई अपना मन, वचन और काया को दूसरों की सेवा के लिए उपयोग करता है, तब उसे सबकुछ मिल जाता है। उसे सांसारिक सुख-सुविधा की कमी कभी नहीं होती। जब आप दूसरों के लिए कुछ करते हैं, उसी पल आपके जीवन में खुशी की शुरूआत हो जाती है। मानवता के नाते हम सभी को अपने आसपास के जरूरतमंद की सदैव मदद करनी चाहिए।

# माइंस की उन्नति के लिए सजगता जरूरी : डीडीएमएस

### कठौतिया माइंस में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

**मेदिनीनगर।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस परिसर में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डीडीएमएस एज्जास मोहम्मद, कन्वेनर अनील कुमार सिंह, प्रमुख गीता मेहता, सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर डीडीएमएस एज्जास मोहम्मद ने कहा कि माइंस और अपने परिवार के उन्नति एवं जिंदगी को खुशहाल रखने के लिए कार्य क्षेत्र के साथ साथ अपने घरों में भी सुरक्षा के प्रति सजगता व संवेदनशीलता जरूरी है। उन्होंने कहा कि सात साल में कठौतिया माइंस में शून्य दुर्घटना इस को दर्शाता है कि माइंस के अधिकारी व कर्मी सुरक्षा के प्रति सजग व जागरूक है। हिन्डालको के सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सुरक्षा को अपने दिनचर्या में अपनाने की जरूरत है। बच्चों ने नाटक के माध्यम से दिया सुरक्षा का संदेश समारोह में गुरूकुल स्कूल के बच्चों ने नाटक के माध्यम से सुरक्षा का संदेश दिया। जिसे अतिथियों एवं मौजूद लोगों ने काफी सराहा। माइस कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नाटक व गीत के माध्यम से भी सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। कन्वेनर अनील कुमार सिंह ने कहा कि माइंस में सुरक्षा के प्रति खुद के साथ साथ सहकर्मी के सुरक्षा पर भी सजगता जरूरी है। कोई भी माइंस का विकास तभी संभव है जब कर्मी उत्पादन के साथ साथ सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहे। डीजीएमएस टीम में बरकत अली, विनोद कुमार दीपक, अरविंद कुमार, वीरेंद्र कुमार, बसंत कुमार, गोपाल सिंह शामिल थे। मौके पर पड़वा प्रखंड के बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद, उपप्रमुख धर्मवीर सिंह, मुखिया रंजना कुमारी सिंह, खान प्रबंधक राजु सिंह, अश्विनी कुमार, केसी मोदक, अरूप बनर्जी,आर आर शुक्ला, योगेश द्विवेदी, अमरेन्द्र सिंह, चेतलाल विश्वकर्मा, एपी सिंह, जयंत शुक्ला, रणबीर सिंह, अरविंद सिंह, अरण्या माइंस के अजय सिंह,युपी सिंह, प्रवीण सिंह, सुचीता देवी, शिशिर शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन एचआर हेड अरूप बनर्जी ने किया।

# बंध्याकरण को लेकर महिलाओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के कोविड वार्ड में प्रतिदिन महिलाओं नसबंदी डॉ. रिद्धि कुमारी के द्वारा किया जा रहा है। इस वार्ड में नसबंदी के मरीजों को रखने के लिए केवल 22 बेड ही उपलब्ध है। और जब उससे ज्यादा मरीज बढ़ जाते हैं तो उन्हें जमीन पर गद्दा देकर इलाज के बाद रखा जाता है। अस्पताल में नसबंदी के लिए ज्यादा भीड़ महिलाओं क्या देखा जा रहा है जबकि पुरुष नसबंदी कराने से कतरा रहे



हैं।यूं तो आमतौर पर पुरुष हर काम में आगे रहते हैं, लेकिन परिवार नियोजन व परिवार कल्याण के क्षेत्र में वे इस कदर पीछे हैं मानों उन्हें नसबंदी कराने से परहेज हो। नसबंदी के मामलों में जहां महिलाओं की तादाद ज्यादा है, वहीं पुरुषों की संख्या नाम मात्र है। यानी परिवार को संभालने के साथ ही परिवार को सीमित रखने की जिम्मेदारी भी महिलाओं की ही है।नसबंदी के लिए प्रेरित करने वाले स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की मानें तो पुरुष आज भी नसबंदी को अपने पुरुषत्व से जोड़कर देखते हैं। विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद पुरुष नसबंदी कराने में रुचि नहीं दिखा रहे। यहां तक पुरुष अधिक से अधिक संख्या में नसबंदी कराएं इसके लिए विभाग ने महिलाओं की तुलना उनकी प्रोत्साहन राशि भी बढ़ाई, बावजूद पुरुष आगे नहीं आ रहे। नसबंदी का प्रचार-प्रसार केवल सहिया व महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं के भरोसे ही है। सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह का कहना है,पुरुषों में यह भ्रांति है कि नसबंदी कराने के बाद बदन कमजोर हो जाता है, वजन उठाने व भारी काम करने सहित अन्य दूसरे कार्य को करने के दौरान कमजोरी महसूस होती है। जबकि ऐसा नहीं होता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में यह ऑपरेशन कहीं ज्यादा आसान और कामयाब होता है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में रुढिवादी सोच के चलते भी पुरुष नसबंदी नहीं करवाते हैं।उन्होंने पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने में विभाग कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। क्षेत्र में परिवार कल्याण कार्यक्रम की सफलता के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। पुरुषों को महिलाओं की अपेक्षा प्रोत्साहन राशि भी अधिक मिलती है। इसके तहत पुरुष को तीन हजार और महिला को दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

भ्रमण | केंद्रीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों को मिल रहा-

# बेहतर शैक्षणिक माहौल : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी आज पलामू के साहित्य समाज चौक के समीप स्थापित केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर विद्यार्थियों के अध्ययन की सुविधा हेतु पुस्तकालय में मूलभूत सुविधा बढ़ाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय को व्यवस्थित किए जाने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल पा रहा है। यहां प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले के साथ-साथ अन्य सुधी पाठकों का आना जाना शुरू हुआ है। उनके लिए और भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही है, जिससे यहां



के लोगों को फायदा हो। आयुक्त ने लाइब्रेरी में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनके पढ़ाई एवं पुस्तकालय के शैक्षणिक माहौल की जानकारी ली। साथ ही लाइब्रेरी से संबंधित उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने तत्काल 200 नए कुर्सियों की व्यवस्था करने एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े 35 कुर्सियों को ठीक करवाते हुए विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु बैठने की सुविधा सुनिश्चित कराने, पेयजल की व्यवस्था के लिए समरसेबल मोटर लगाने, पुस्तकालय को वाईफाई जोन बनाने आदि व्यवस्था 15 दिनों के अंदर सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने खराब पड़े 35 कुर्सियों को 3 दिनों में ठीक कराते हुए विद्यार्थियों के लिए लगवाने एवं लाइब्रेरियन से विद्यार्थियों के मांग के अनुरूप नए-नए पुस्तकों की सूची तैयार कर खरीदवाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिले। इसके लिए पुस्तकालय में संसाधन एवं मानव संपदा उपलब्ध कराया गया है। पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों ने भी आयुक्त को धन्यवाद किया कि उनके अथक प्रयास से यह पुस्तकालय व्यवस्थित हो सका है। जिसका लाभ विद्यार्थियों सहित यहां के सुधी पाठकों को मिल रहा है।

# बोट चला परिवार का भरण-पोषण रही है सखी दीदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के अति सुदूरवर्ती गांव मुरमा की रहने वाली गुड़िया देवी आजीविका के लिए मलय डैम में बोट चलाकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। महिला समूह के सहयोग से पर्यटन क्षेत्र में आजीविका से जुड़ने के साथ गुड़िया देवी अब अपनी एक नई पहचान भी बना चुकी हैं। वर्ष 2016 में आजीविका सखी मंडल से जुड़ी गुड़िया बताती हैं कि पहले परिवार केवल मछली पालन के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। जिससे घर का पूरा खर्च चलता था। वर्तमान में समूह के माध्यम से क्रेडिट लिंकेज कर एक लाख रूपये ऋण के रूप में लेकर मलय डैम (कठौतिया बांध) में अपनी खुद की पेडल बोट और स्ट्रीम बोट की सेवा लोगों को देने का काम कर रही है। इस कार्य में इनके पति का भी पूरा सहयोग रहता है। गुड़िया देवी का कहना है कि मलय डैम हमेशा पर्यटकों से गुलजार रहता है। जिससे मैं प्रतिदिन अच्छी आमदनी कर पा रही हूं। अब परिवार के भरण-पोषण के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा भी अच्छे से हो पा रही है। इसके अलावे आने वाले दिनों में प्रशासन के सहयोग से इस जगह को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु पहल की जा रही है। जहां मैं जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा की भी शुरूआत करुंगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### युवती ने खाया जहर, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी सुरेश राम की पुत्री मधुबाला कुमारी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में युवती के स्वजनों ने बताया कि परिवार के सभी लोग मूंगफली कोड़ने के लिए खेत पर गए थे। वहां से मधुबाला कुमारी पहले ही घर चली आई और जहरीला पदार्थ खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत मधुबाला की हालत में सुधार हो रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-रेहला मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के सिंदे मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में ओमप्रकाश राम पिता राम बिहारी राम गंभीर रुप से घायल हो गया। वह पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के करियाही गांव का रहनेवाला है। घटना मंगलवार देर शाम की है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश राम अपनी मोटरसाइकिल से मेराल थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव स्थित ससुराल जा रहा था। इस दौरान सिंदे मोड़ के समीप पीछे से आए एक अन्य मोटरसाइकिल सवार ने ओमप्रकाश के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में ओमप्रकाश घायल हो गया। उसके दायां पैर, बायां हाथ व कमर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद राहगीरों की मदद से ओमप्रकाश को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के कौआखोह गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बबलू रजवार व छोटू साह गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायल बरडीहा थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव के ही रहनेवाले हैं। इनमें बबलू रजवार का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि छोटू रजवार को उसके स्वजन रांची के किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए हैं। जानकारी के अनुसार छोटू साह ने 10 वर्षीय बालक बबलू को यह कहकर अपनी मोटरसाइकिल पर ले गया था कि कौआखोह से घुमकर तुरंत आ जाएंगे। इस दौरान कौआखोह में ही यह घटना घटित हो गई।

### असर : कूप निर्माण योजना की बीडीओ ने जांच की

**बड़गड़।** कूप निर्माण योजना में कार्य से अधिक राशि का भुकतान की राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रकाशित खबर के बाद बीडीओ बिपिन कुमार भारती एवं मनरेगा बीपीओ हासिम अंसारी ने योजना अस्थल पर पहुच कर इसकी जाँच की। जांच के दौरान बीडीओ विपिन भारती ने कहा की कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हुई है तथा स्थल पर किये गए कार्य से उक्त योजना में अधिक राशि की निकासी कर ली गई है। जांच में पाए गए अनियमितता पर इसमें संलिप्त कर्मियों पर मनरेगा के मार्गदर्शिका में तय प्रवधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध जेई यसवंत कुमार सिंह ने कहा की अगस्त 2021 में मेरे योगदान के पश्चात मनरेगा मेठ के पति मदन यादव द्वारा गणेश यादव के कूप निर्माण के जगह पर वहीं कुछ दूरी पर स्थित लल्लू यादव नामक लाभुक का पूर्ण कूप निर्माण दिखाकर मापी पुस्तिका का संधारण करा लिया गया। जब मैं कूप निर्माण का जांच करने गया था तब लल्लू यादव के कूप निर्माण स्थल पर गणेश यादव का कूप निर्माण का सूचना बोर्ड लगा था। मुझसे मेठ के पति द्वारा भर्मित कर एमबी करा लिया गया। मेठ के पति ने जेई के आरोप को खंडन करते हुए कहा की कार्य प्रगति पर था व्योहारिकता के आधार पर जेई द्वारा ज्यादा राशि का मापी पुस्तिका का संधारण कर दिया गया था।लाभुक के अड़चन के कारण योजना में कार्य के मुताबिक राशि खर्च नहीं कि जा सकी मै ने गणेश यादव का ही कूप निर्माण योजना को दिखलाकर मापी पुस्तिका बनाने का आग्रह किया था।

## स्वीकृति : रमकंडा में नौ करोड़ की लागत से बनेगा सड़क, बोले मंत्री

# गढ़वावासियों को समस्या मुक्त करने की संकल्प पर हैं अग्रसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड में करीब नौ करोड रुपए की लागत से लगभग साढ़े सात किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले इस सड़क की झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क के निर्माण से एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।



### 7.35 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि रमकंडा प्रखंड के गोबरदाहा मुख्य पथ से होमिया तक 7.35 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क की स्थिति काफी बदतर हो गई थी। लोगों को इस सड़क से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से यथाशीघ्र इस सड़क का निर्माण कराने का वादा किया था। इस सड़क निर्माण की स्वीकृति के साथ ही रमकंडा प्रखंड के बलिगढ़ एवं बिराजपुर पंचायत की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। गोबरदाहा मुख्यपथ से कुसवार, तेतरडीह होते हुए होमिया तक के पथ निर्माण कार्य कराया जाएगा। जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अति महत्वपूर्ण सड़क की वर्षों पुरानी मांग स्थानीय लोगों की थी। यह सड़क बिराजपुर एवं बलिगढ़ पंचायत के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। इसके निर्माण से सिर्फ ज़िला मुख्यालय की दूरी ही ना कम होगी बल्कि लोग आसानी से गोदरमाना भी पहुंच सकेंगे। जो यहां के लोगों का मुख्य बाजार है। आज इन दोनों पंचायत के लोगों से किया वादा पूरा करने का सुकून मिला है। आज हमारे ज़िले में बड़ी संख्या में न सिर्फ. सड़कें बनाई जा रहीं हैं बल्कि उनकी गुणवत्ता भी श्रेष्ठ हो, इसका पूरा प्रयास है। सड़कों के अभाव में जो नारकीय जीवन यहां के लोग जी रहे थे, उनसे मुक्ति दिलाने का संकल्प पूर्ण करने की ओर अग्रसर हैं।

### कधवन हेल्थ एंड वेंलनेथ सेंटर में मना परिवार कल्याण दिवस

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के कधवन गांव स्थित स्वास्थ्य एंड हेल्थ वेंलनेस सेंटर पर बुधवार को परिवार कल्याण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर एएनएम बबिता देवी के द्वारा नवदम्पत्तियों को परिवार कल्याण सम्बंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बताया गया की अपने बेटी की शादी 18 वर्ष के उम्र पुरी करने के बाद ही करें। नवदम्पत्तियों को बताया गया की शादी के दो साल के बाद पहला बच्चा और पहला बच्चा से दुसरे बच्चे का अंतराल तीन वर्ष रखना चाहिए। वहीं अनचाहे गर्भधारण को रोकने के लिए स्थाई और अस्थाई विधी के बारे में जानकारी दी गई। वहीं नवदम्पत्तियों के बीच माला एन, अंतरा और कंडोम वितरण किया। वहीं कधवन हेल्थ एंड वेंलनेथ सेंटर पर -6 नव दम्पत्ति को सम्मानित किया गया। मौके ललीता देवी,मामता देवी, सुमित्रा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दुर्भाग्य: अज्ञात विक्षिप्त महिला का खुले बरामदे में प्रसव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पचपड़वा गांव में मंगलवार की देर रात एक अज्ञात विक्षिप्त महिला ने खुले बरामदे में एक बच्चे को जन्म दिया। नवजात के रोने की आवाज पर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो फिर जच्चा बच्चा को सदर अस्पताल पहुंचाया।



जानकारी के अनुसार विगत कई दिनों से पचपड़वा एवं आसपास के गांवों में वह विक्षिप्त महिला इधर उधर घुमते रहती थी। किसी भी सूनसान घर, बरामदा या यात्री शेड ही उसका बसेरा था। लेकिन समाज के बदमिजाज लोगों ने उसे हवस का शिकार बना दिया। विक्षिप्त महिला गर्भवती हो गई। बताया गया कि मंगलवार की देर रात पचड़वा गांव के छोटन साह के गोदाम के बाहर सूनसान खुले बरामदे में उक्त महिला का नार्मल डिलेवरी हो गया। तब वहां कोई नहीं था। लेकिन जन्म लेने के बाद जब नवजात रोने लगा तो आसपास के लोग वहां पहुंचे। इसके पश्चात किसी ने उसे कंबल ओढ़ाया। जबकि संजय विश्वकर्मा की पत्नी मालती देवी ने नवजात को अपने घर में ले जाकर रखा।

# केंद्र सरकार के नीतियों के विरुद्ध दिया धरना

## कॉरपोरेट के हाथों गुलाम बनाना चाहती है सरकार : गणेश सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** 14 सूत्री मांगपत्र के समर्थन मे बुधवार को भाकपा रमना विशुनपुरा अंचल कमिटी के तत्वधान मे भाकपा कार्यकताओं ने रमना प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर धरना दिया। अंचल सचिव गोपाल यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता भगत सिंह चौक से रैली निकली और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे ।जहां रैली धरना मे तब्दील हो गया। धरना को संबोधित करते हुए मजदूर नेता गणेश सिंह ने कहा कि देश की सरकार कृषि और कृषको को कॉरपोरेट के हाथों गुलाम बनाना चाहती है ।सरकार कॉरपोरेट घरानो को आर्थिक मदद पहुंचा रही है ।लोग महंगाई,बेरोजगारी आर्थिक तंगी से परेशान है ।सहारा इंडिया बैंक मे 13 करोड़ जमाकर्ताओ की जमा पूंजी फसी हुयी है और 12 लाख लोगो का रोजगार छिन गया है,'लेकिन सरकार सेवी का बहाना बनाकर लोगो को गुमराह कर रही है ।धरना को पूर्व जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला,नवरंगी पाल सहित कई लोगों ने संबोधित किया ।धरना के अंत मे 14 सूत्री मांगपत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी ललीत प्रसाद सिंह को सौंपा गया जिसमे हाल सर्वे को निरस्त कर रजिस्टर दो को मान्यता देने,सहारा इंडिया के निवेशकों के राशि लैटाने, जंगली जानवरों से हुई फसल नुकसान की मुआवजा देने सहित कई मांग सामिल है ।इस अवसर पर मुन्ना राम,राजकुमार राम,जगमोहन उरांव,अयोध्या यादव,बेबी देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



### चिरका गांव में बाइक से गिरकर दो किशोर हुए घायल

**गढ़वा।** चिनियां थाना क्षेत्र के चिरका में मोटरसाइकिल से गिरकर बलराम सिंह व राम प्रवेश कोरवा गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायल चिनियां थाना क्षेत्र के जमुनियां टांड़ गांव के रहनेवाले हैं। जानकारी के अनुसार बलराम सिंह व राम प्रवेश कोरवा एकही मोटरसाइकिल से मंगलवार की देर शाम चिनियां बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे थे। इस दौरान चिरका में एक पुलिया के समीप तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल सड़क के बगल स्थित गड्ढे में गिर गई। इस घटना में दोनों किशोर घायलावस्था में रात भर बेहोशी की हालत में वहीं पड़े रहे। अलसुबह उन्हें खोजते हुए स्वजन चिरका पहुंचे तो दोनों घायलों को वहां से उठाकर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत दोनों घायलों की हालत स्थिर बनी हुई।

## कार्यक्रम : तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

# योजना तैयार करने का दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को जन योजना अभियान वर्ष2023-24 के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने, ग्राम स्तर पर ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभा आयोजित करने को लेकर जल सहिया, महिला स्वयं सहायता समूह, स्वास्थ्य सहिया तथा रोजगार सेवकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ श्रवण राम, बीपीआरओ उत्तम रंजन, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड सहायक लेखापाल अनिल कुमार सिंह, प्रखंड नाजिर बृजवासिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में पांच प्रशिक्षको प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, बीपीआरओ उत्तम रंजन, बीपीओ राजदीप कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम धनंजय कुमार व प्रखंड समन्वयक एसबीएम राम किशुन राम ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में ग्राम स्तरीय ग्राम सभा, पंचायत स्तरीय विशेष ग्राम सभा के साथ-साथ महिला सभा, बालसभा करने का प्रशिक्षण, जीपीडीपी में केंद्र सरकार द्वारा सतत विकास योजना के स्थानीय करण के अंतर्गत सभी नौ विषयों पर योजना तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज एक्ट में वर्णित सभी 29 विषयों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया की जीपीडीपी की कार्य योजना फरवरी 2023 तक अनिवार्य रूप से संपन्न कर लिया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी कार्य योजना गरीबी उन्मूलन योजना पर आधारित होगी। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर बनाए गए टीम में मुखिया द्वारा नामित दो सदस्य,संबंधित रोजगार सेवक, दो सक्रिय महिला दीदी, मनरेगा मेठ, स्वास्थ्य सहिया तथा जलसहिया सहित कुल 8 सदस्य होंगे.इस टीम का नोडल पदाधिकारी संबंधित पंचायत के पंचायत सेवक होंगे। प्रशिक्षण में राजकुमार, रूबी देवी, पुष्पा देवी, निधि देवी, इंद्रावती देवी, ललिता देवी, ज्ञानती देवी,संगीता देवी, प्रियंका देवी, ममता देवी सहित सभी महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य, जलसहिया, महिला मेठ, वार्ड सदस्य तथा सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।



## भ्रष्टाचार : पोषक के नाम पर अवैध पैसे की उगाही

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के सरकारी विद्यालय में 2 वर्ष के ऊपर के बच्चों के अभिभावकों से प्रधानाध्यापक के मिलीभगत से विचौलिया द्वारा पोषक के नाम पर अवैध पैसे की उगाही करने की मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला प्राथमिक विद्यालय बुका भुइयां टोली में उजागर हुआ है जिसमें चार क्लास के छात्रा रीमा, सिमा के अभिभावक दुर्गा देवी, सुगी देवी ने बताया कि छः-छः सौ रुपये हमलोग से पोषक के खरीददारी के नाम पर शिक्षक राजू राम ने पांच दिन पहले ले लिया। आपको बता दें कि भवनाथपुर प्रखण्ड में संचालित 57 विद्यालय संचालित होता है जिस में वर्ग एक-दो के बच्चों के लिए सरकारी पैसा आवंटित हुआ है जिस में आर के इंटरप्राइजेज एवं अल्होदा ट्रेडर्स के द्वारा पोषक वितरण किया जा रहा है जिसमें दोनों के द्वारा क्षेत्रों में विचौलिया के मार्फत पोषक ऑर्डर से लेकर वितरण कराया जा रहा है इन्ही विचौलियों के द्वारा स्कूल के हेडमास्टर एवं शिक्षकों को मिला कर दो क्लास के ऊपर के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से उगाही किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के हेडमास्टर, शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तक को बतौर रिस्वत 20-25 प्रतिशत दिया जा रहा है।

अभिभावकों के सूचना पर मीडिया कर्मी के पहुचने पर पैसा लेने के आरोप लगने पर आक्रोशित पारा शिक्षक राजू राम ने दो छात्राओं से लिए गए पैसे 12 सौ रुपये लौटाते हुए अन्य लोगो से लिए गए पैसे वापस करने की बात कहते हुए कहा कि हमने पोषक देने के नाम पर बच्चों से पैसा लिया है तो क्या इस मे फाँसी हो जाएगी।

## प्रखंड कार्यालय केतार में गुड गवर्नेंस वीक कार्यक्रम आयोजित

# कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को गुड गवर्नेंस वीक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ और जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया।



### सरकार की योजनाएं

उक्त कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, मनरेगा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना, झारखंड सेवा गारंटी योजना के बारे में विस्तार पुर्वक चर्चा किया गया ।साथ ही उक्त योजना में उत्पन्न समस्याओं के नियमानुसार ससमय निष्पादन करने का भी निर्देश प्रखंड एवं अंचल कमीर्यों को दिया गया। वहीं बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत क्षेत्र में मनरेगा योजना संचालित कर अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार से जोड़ने का निर्देश दिया ।साथ ही योजना स्थल पर योजना बोर्ड लगवाने को कहा और समय समय पर योजनाओं का निरीक्षण करने को कहा ।उक्त कार्यक्रम में रोजगार सृजन गरांटी योजना के 48 आवेदन, एवं सीएम चिकित्सा सहायता योजना के 24 आवेदन प्राप्त हुये। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख चंद्रावती देवी,उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार,बीस सुत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार,जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया मुन्नी देवी ,मुंगा साह, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा,बसंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा,कलेंदर पासवान, मनोरंजन गुप्ता, बीस सुत्री सदस्य कामेश्वर सिंह , बीपीओ मनोज कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, दीपक जयसवाल, रामकुमार प्रजापति,जेई आनंद कुमार,अमर भारती, सत्यम कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी,दीपक कुमार सहित प्रखंड और अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

## दुखद : पिपरा गांव में संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अनुज राम की पत्नी शोभा देवी 23 वर्ष की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई। घटना के संबंध में मृतका के भाई कृष्णा राम ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन की शादी दो हजार अट्ठारह में पिपरा गांव निवासी अशोक राम के अनुज राम के साथ हुआ था। इसके बाद से मृतिका को दहेज को लेकर उसे प्रसारित एवं मारपीट किया जाता था। इसी बात को लेकर कई बार आपस में समझौता भी किया गया था लेकिन ससुराल के लोग अपने कारनामों पर अड़े रहे। घटना से पूर्व अनुज राम ने अपने साले से फोन कर बाइक की मांग की थी। मंगलवार की देर रात्रि उसे अनुज राम उसके पिता अशोक राम उसकी मां बंदना देवी उसका भाई राजाराम आदि ने एक साथ षड्यंत्र रच कर उसे गला दबाकर हत्या कर दिया। गांव के लोगों ने उसके मायके वालों को घटना की जानकारी दी। इस दौरान ससुराल के लोगों ने शोभा को अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान मायके वालों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर शोभा के चचेरी सास राधिका देवी ने बताया कि मंगलवार की रात्रि बबलू राम की बेटी के छठी में घर के सभी लोग पिपरा गांव गए हुए थे। इस दौरान नया घर हरैया में शोभा देवी एवं उसका पति थे इस दौरान दोनों के बीच आपस में नोकझोंक हुआ था। बुधवार की सुबह 6:बजे पता चला कि घर के लोगों को पता चला कि शोभा देवी की मृत्यु हो गई है।

## भ्रष्टाचार पर प्रहार | दर्जनों शौचालय लाभुकों ने सांठगांठ से राशि गबन करने का लगाया आरोप

# शौचालय निर्माण में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा(खरौंधी)।** खरौंधी प्रखंड में धरातल पर निर्माण कार्य कराये बिना ही शौचालय निर्माण की राशि गबन के मामले में लाभुक गोलबन्द होने लगे हैं। खरौंधी पंचायत के बजरमरवा व झुरीबांध के दर्जनों शौचालय लाभुकों ने विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुनिता देवी से मामले की शिकायत करते हुए मिना महिला स्वयं सहायता समूह झुरीबांध खरौंधी के विरुद्ध राशि निकासी के बाद भी शौचालय निर्माण नहीं करने और संबंधित लोगो के सांठगांठ से उक्त राशि का गबन कर लेने का आरोप लगाया है। विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में इस अनियमितता को लेकर लाभुकों ने मिना महिला स्वयं सहायता समूह के विरुद्ध शौचालय निर्माण राशि गबन की प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है। विभाग से महिला समूह के खाते में राशि आने के बाद भी शौचालय निर्माण नहीं करवाने और राशि का गबन कर लेने के विरुद्ध महिला समूह के प्रति लाभुकों में आक्रोश है।



लाभुकों ने मीना महिला समूह पर आरोप लगाते हुए कहा कि समूह की अध्यक्ष मीना देवी का बेटा छोटू तिवारी समूह का सारा कार्य देखता है और मनमानी करता है। बुधवार को झुरीबांध के शौचालय लाभुक मुंद्रिका राम ने कहा महिला समूह में शौचालय निर्माण की राशि आई थी। लाभुको द्वारा लगाया गया आरोप गलत है। मीना महिला स्वयं सहायता समूह के खाता में किसी प्रकार का कोई पैसा नहीं आया है। समूह के द्वारा शौचालय भी नही बनवाया गया है।

### मीना देवी अध्यक्ष

मीना महिला स्वयं सहायता समूह समूह में शौचालय निर्माण की राशि आने के बाद भी निर्माण नही कराया जाना गम्भीर विषय है। लाभुको का लगातार शिकायत मिल रहा है। कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारी से जल्द मिलेंगे।

### जितेंद्र यादव

समूह ने शौचालय निर्माण के लिए सिर्फ गड्ढा खोदकर छोड़ दिया। समूह के अध्यक्ष मीना देवी के पुत्र छोटू तिवारी को कई बार शौचालय बनाने के लिए कहने के बाद भी नहीं बना तो बरसात आने पर उसने गड्ढा भर दिया। बजरमरवा वार्ड नंबर 9 के लाभुक अब्दुल हमीद तथा फेकू साह ने कहा उसका शौचालय के लिए दो-दो बार गड्ढा खोदकर भी शौचालय नहीं बनाया गया।

### क्या है मामला

मीना महिला स्वयं सहायता समूह को खरौंधी पंचायत के बजरमरवा झुरीबांध, भारती नगर, नावाडीह, खरौंधी व फुलवारी टोला आदि जगहों पर 290 यूनिट शौचालय निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 में आठ विभिन्न किस्तों में 34 लाख 80000 रुपए पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा हस्तांतरित किया गया था। समूह पर आरोप है की उसने धरातल पर शौचालय का निर्माण नहीं करवाया और लाभुकों के शौचालय निर्माण के लिए दी गई राशि का संबंधित विभागीय जवाबदेहो की मिलीभगत से गबन कर ली। साथ ही बिना निर्माण के ही 120 यूनिट शौचालय का उपयोगिता भी एडजस्ट करवा लिया। वहीं 64 यूनिट शौचालय का उपयोगिता एडजस्टमेंट के लिए जमा भी किया है। संचालित समूह के अध्यक्ष मीना देवी पर आरोपः- मीना महिला स्वयं सहायता समूह के पूर्व कोषाध्यक्ष कलावती देवी, पूर्व सचिव जिरवा देवी, पूर्व सदस्य सिराती देवी ने कहा की उक्त लोगों ने जब समूह में की जा रही गड़बड़ियों का विरोध किया तो समूह के अध्यक्ष मीना देवी और उनके पुत्र छोटू तिवारी ने मनमानी तरीके से उन तीनों सहित दो अन्य सदस्य इंद्रमणि देवी और सरोजा देवी को समूह से बाहर का रास्ता दिखा दिया। साथ ही उनके जगह पर नये सदस्य के रूप में एतवरिया कुअंर सहित चार अन्य महिलाओं को शामिल कर लिया। वही समूह की अध्यक्ष मीना देवी और उसका पुत्र छोटू तिवारी का आंख मूंदकर बात मानने वाली चंपा देवी को कोषाध्यक्ष और मानकुअंर को सचिव बना दिया गया। इसके लिए समूह की कोई बैठक नहीं की गई और न ही उन लोगों को समूह से हटाने की कोई सूचना अथवा कोई कारण बताया गया था। समूह से निष्काशित इन महिलाओं ने बताया की यह समूह जन वितरण दुकान का भी संचालन करती है और समूह का अध्यक्ष के रूप में सारे कार्यों का संचालन मीना देवी और उनका पुत्र छोटू तिवारी करत है। जबकि इस समूह को अनुसूचित जाति महिला के नाम पर जन वितरण प्रणाली का दुकान दिया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित भगत सिंह चौक के समीप मगंलवार की दोपहर दो बाइक सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे तीन व्यक्ति घायल हो गए। वही एक कि स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। वही गम्भीर रूप से घायल की पहचान पंचायत समिति सदस्य पति ऋषि प्रजापति के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पंचायत समिति सदस्य के पति ऋषि प्रजापति अपने बच्चो के साथ लूना बाइक से ठुठा कुसुम की ओर से जा रहा था वही मेदिनीनगर से बरवाडीह की और आ रहे अपाची बाइक से भिड़ंत हो गया। आमने-सामने की भिड़ंत में मोटरसाइकिल में सवार दो लोग व लूना में सवार एक छोटी बच्ची व उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।

### लातेहार ने लोहरदगा को 35 रन से हराया



**लातेहार।** अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 14 का चौथ मैच जिला खेल स्टेडियम में लातेहार तथा लोहरदगा के बीच खेला गया । जिसमें लातेहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 वे ओवरों में 193 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई । लक्ष्य कि पीछा करने लोहरदगा ने 37ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी । जिसमे देवदिप रॉय ने 104 गेंद पर नाबाद 93 तथा तन्मय कुमार ने 18 रन का योगदान दिया। मैच के अंपायर हेमंत ठाकुर तथा मनोज कांजीलाल थे जबकि स्कोरिंग सतीश मिश्रा ने किया । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, अनिल सिंह, सतीश द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कुष्ठ रोगियों की पहचान को लेकर सहिया को मिला प्रशिक्षण

**कुंदा(चतरा)।** बुधवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित कर सभी स्वास्थ्य सहिया को कुष्ठ रोगियों की पहचान व देख भाल करने के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के रूप में डॉ. आशीष पाठक व प्रतापपुर के एमपीडब्ल्यू आशीष कुमार, बिटीटी विनेश कुमार ने रोगियों की पहचान व बचाव के साथ-साथ कार्यों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए भी स्वास्थ्य सहिया को निर्देशित किया। शिविर में प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियुक्त सहिया मौजूद थीं।

### टंडवा में चार दिनों से अधेड़ लापता, परिजन परेशान



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के करममोड़ निवासी धुरन राणा पिता स्व. करम राणा पिछले चार दिनों से लापता है। परेशान परिजनों द्वारा आस-पास व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के पश्चात भी कोई अता-पता नहीं चल पाया, तो बुधवार को स्थानीय थाना में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि बीते रविवार को धुरन राणा अपने घर से शाम के चार बजे मिश्रौल सप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदकर घर वापस लौटने के बाद करममोड़ मेन रोड की ओर निकला, उसके बाद से लापता है। वहीं इस संबंध में पुलिस पदाधिकारी ने बताया की हर संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच-पड़ताल करने के साथ खोज की जा रही में है।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक, बोले डीसी

# शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ पहुंचाएं




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिसमे जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त ने संबंधित हो को दिया। साथ ही अनुमोदन समिति के बैठक में छात्र छात्राओं को लाभ देने हेतु 61376 आवेदन को अनुमोदित किया गया। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के 29 दिसंबर 2022 को तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री के सम्भावित चतरा आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी एवं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, छात्रवृत्ति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य संचालित योजनाओं के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने को लेकर उपायुक्त श्री इमरान लगातार बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर संबंधों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सफलता: द्वारिका यादव के पुत्र सुमन कुमार का मिलिट्री हेड क्वार्टर में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**तरा।** कभी उग्रवाद और अफीम की खेती के लिए जाना जाने वाले जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा तथा प्रतापपुर प्रखंड से भी अब युवा सफलता दर्ज कर नए कीर्तिमान दर्ज कर रहे हैं। इस बार कुंदा प्रखंड निवासी द्वारका यादव के पुत्र सुमन कुमार ने भी एसएससी सीएचएसएल 2020 के तहत मिलिट्री हेड क्वार्टर दिल्ली में क्लर्क पद के लिए चयनित होकर इस क्षेत्र के नाम को गौरवान्वित किया है। सुमन कुमार कुंदन कुंदा प्रखंड के मदारपुर का रहने वाला होनहार युवक शुरू से ही मेधावरी रहा है। सुमन के प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव के ही स्कूल में हुई इसके बाद मैट्रिक की परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रतापपुर एसएस हाई स्कूल से 2014 में प्रखंड टॉपर रहा। इंटरमीडिएट चतरा कॉलेज चतरा से प्रथम श्रेणी से पास की तथा स्नातक की परीक्षा संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से प्रथम श्रेणी में किया। कृषक मजदूर द्वारिका प्रसाद का होनहार बेटा अपने तीन बहनों के बीच इकलौता भाई है। इसके इस सफलता पर गांव वाले भी खुश हैं।

### स्कूली छात्रों को व्यवसायिक औद्योगिक भ्रमण कराया गया




**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को औद्योगिक शिक्षा के लिए औद्योगिक भ्रमण कराया गया। व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी/ मीडिया एंट/ आईटेस आदि के सभी छात्र छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण हेतु विद्यालय के व्यवसायिक शिक्षक लक्ष्मण कुमार एवं अनुज कुमार ने छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण में होने वाली फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं विद्यालय की प्रधाना अध्यापिका रूबी बानो एवं अन्य शिक्षक छात्र छात्राओं के साथ बालूमाथ अलफला प्रिंटिंग प्रेस एवं रेलवे स्टेशन आदि भ्रमण किया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक शिक्षिका के अलावे सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसडीओ व एमवीआई ने शहर में किया पैदल मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** एसडीओ शेखर कुमार व एमवीआई सुनील कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर बुधवार को शहर में पैदल मार्च किया। इस दौरान सड़क पर अनाधिकृत रूप से खड़ा करने वाले वाहन चालको से ई चालान काटा गया।अधिकारियों ने उपायुक्त आवास से पैदल मार्च शुरू किया दोनो अधिकारी शहर के मेन रोड होते हुए थाना चौक तक गये बाईपास चौक पर एसडीओ श्री कुमार टेंपो चालको को वाहन सड़क पर नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी साथ ही चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करते पाये जाने पर जुमार्ना वसूला जाएगा। उन्होंने नगर को स्वक्ष व सुंदर बनाये रखने में सबो से सहभागिता की अपील की। एमवीआई सुनील कुमार ने कहा कि वाहन चालकों द्वारा सड़क यातायात नियमों का पालन नहीं करने की वजह से ही सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। मौके पर एसआई अजय कुमार दास, शत्रुधन प्रसाद, सड़क सुरक्षा के मो तनवीर, कृषिराज मौजूद थे।

## खुशी: स्वजनों से मिली आठ माह पहले गुम हुई महिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आज समाज में ज्यादातर लोग सिर्फ अपने लिए जी रहे हैं लेकिन लातेहार शहर में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो दूसरों के लिए पूरे समाज के लिए सोचते हैं और जीते हैं। बुधवार को सदर अस्पताल लातेहार में एक ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। दरअसल नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा व समाजसेवी अशोक कुमार बुटट्ा ने एक परिवार को आठ माह पहले गुम हो गई मां को वापस मिलवाया। इस दौरान परिवार वालों समेत सबके चेहरे खिल उठे। मां को देखते ही बेटी व बेटे लिपट गई। बेटी व बेटे को गले लगाते ही मां की आंखें खुशी के आंसुओं से भर आईं। अपनी मां से मिलने के बाद बेटी व बेटा काफी खुश हुआ। उसके बाद सदर अस्पताल में छुट्टी दिलाकर महिला को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। दरअसल आठ माह पहले मानसिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण भुरकुंडा पतरातु ग्राम हुरमुगड़ा गांव निवासी महिला फुलमनी कुमारी अपने घर से निकल आई थी, उसकी तलाश करते-करते परिवार वालें थक चुका था। परिवार वालों ने भुरकंडा थाना में सात जून 2022 को महिला के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था, लेकिन लापता हेल्प डेस्क के मनु शर्मा के सहयोग से परिजनों को ढूंढ कर बुधवार को परिवार को उनकी खुशियां लौटाकर आश्चर्य चकित कर दिया। 16 नवंबर को सदर अस्पताल गेट के समीप एक विक्षिप्त महिला ने बेसुध हालत में पड़ी थी।

# एक वर्ष बाद मृतक के पत्नी को बीडीओ के पहल पर मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मृतक की पत्नी रोती बिलखती पति के मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग करने लगी। तभी प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ विभिन्न गांव से आए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बताया गया कि प्रखंड के पहरा पंचायत मारंगी निवासी कौशल्या देवी अपने मृतक पति अमृत ठाकुर के मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर 16 दिसंबर 2021 को आवेदन दिया था। जबकि 20 जून 2022 को पंचायत सचिव द्वारा इसकी अनुशंसा भी की गई थी। परंतु प्रखंड कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा था। वैसे में मृतक की पत्नी का धैर्य का सारा बांध टूट चुका था। बुधवार को मृतक की पत्नी कौशल्या देवी प्रखंड कार्यालय पहुंचते ही फूट-फूट कर रोने लगी। और पूछे जाने पर बताया कि पिछले एक वर्ष से मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर प्रखंड व पंचायत कार्यालय का चक्कर लगा रही है। इस क्रम में प्रमुख अनीता यादव व उपप्रमुख प्रीतम कुमार यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के पत्नी को आश्वासन दिया। तभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी लेते हुए पंचायत सचिव को जमकर फटकार लगाया। जबकि कर्मियों को एक घंटा के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ महिला को विधवा पेंशन स्वीकृति करने का आदेश दिया। इस प्रकार एक वर्ष से लंबीत कार्य बीडीओ के पहल पर एक घंटा के अंदर मृतक की पत्नी को मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ-साथ उसे विधवा पेंशन की स्वीकृति प्रमाण पत्र मिला। दूसरी ओर प्रखंड विकास पदाधिकारी के इस कार्रवाई की ग्रामीणों के बीच चर्चा हो रही है।

# नियोजन नीति और लव जिहाद के विरोध में जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** झारखंड में हेमंत सरकार द्वारा लागू नियोजन नीति और बढ़ते लव जिहाद के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा और महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। पुतला दहन का नेतृत्व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, महिला मोर्चा की कल्याणी देवी और शीला देवी ने किया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि जिस तरह से घटिया नियोजन नीति लागू करके युवाओं को छलने का कार्य झारखंड के घटिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया है इससे राज्य के युवा आक्रोशित हैं। अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार ने तुष्टीकरण की नीति अपनाई है, जिससे झारखंड में अराजकता फैल गई है, ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कल्याणी देवी ने कहा कि आदिवासी लड़की को लव जिहाद में फंसा कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाते हैं। इस तरह की घटना झारखंड के लिए शर्म की बात है। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजधानी यादव, जिला महासचिव पंकज कुमार सिंह, युवा नगर अध्यक्ष सागर कुमार, प्रमोद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कार्रवाई : सिकनी व जगलदगा में अवैध उत्खनन पर चला बुलडोजर, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी कोयला खनन क्षेत्र व जगलदगा कोयला खनन क्षेत्र का डीएमओ आनंद कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिकनी कोलियरी के आसपास के क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन के भण्डार पाए गए। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी से खनन किए गए गड्ढे को भर दिया गया और सड़क को बंद कर दिया गया। वहीं अवैध खनन में संलिप्त अज्ञात लोगो के खिलाफ चंदवा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

### अवैध रूप से कोयले का हो रहा है खनन

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि सिकनी कोलियरी व जगलदगा कोलियरी खनन क्षेत्र में अवैध रूप से कोयले का खनन किया जा रहा है। तत्काल कार्रवाई करते हुए सिकनी व जगलदगा खनन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जांच की गयी तो अवैध कोयला खनन के भण्डार मिले। कोयला खनन के लिए बने गड्ढे को जेसीबी से भर दिया गया। वहीं आवागमन के लिए बनी सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। जबकि कोयला खनन में शामिल दोषियों के खिलाफ चंदवा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

जिले में अवैध खनन, परिवहन या भंडारण को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि कोयला खनन में शामिल अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है, जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जायेगा।

**आनंद कुमार**

**जिला खनन पदाधिकारी**

### बाइक की चपेट में आने से वृद्ध घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ बलरी मोड़ के समीप एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने एक वृद्ध को बीते देर शाम जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। वृद्ध गिद्धौर के सिमरमुहल्ला निवासी केशव महतो को ग्रामीणों की तत्परता से इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। हालांकि वृद्ध की स्थिति गम्भीर बताई जा रहा है। बताया जाता है कि मनीष कुमार नामक युवक रामगढ़ से मोटरसाइकिल से चतरा धमनिया जा रहा था। इसी क्रम में देर शाम जपूआ बलरी मोड़ के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बैठे गिद्धौर के वार्ड सदस्य संजय दांगी के वृद्ध पिता को टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कार्यक्रम : भद्रकाली महाविद्यालय में स्वास्थ्य मेला आयोजित

# स्वस्थ शरीर में मानसिक विकास होता है

**नवीन मेल संवाददाता**




**इटखोरी(चतरा)।** बुधवार को इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित भद्रकाली महाविद्यालय में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेशा ओना, चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, समाजसेवी देव कुमार सिंह, पवन कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार हजाम व थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर वीडियो श्रीमती ओना ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर में मानसिक विकास होता है। डॉक्टर कुमार ने कहा कि पौष्टिक खानपान से व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है । प्राचार्य ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। थाना प्रभारी ने कहा कि स्वस्थ रहकर ही देश के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम को योग गुरु शंकर चंद्रवंशी, देव कुमार सिंह ,दांत चिकित्सक विकास कुमार तथा पवन शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जेनरल फिजोशीमन डॉ. कुमार, नेत्र सहायक डॉ. कृष्णा कुमार, एनम मनिता तिर्की, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास कुमार, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ क्यूएचा खान आदि उपस्थित थे।

## प्रश्न सदन पटल पर विधायक ने उठाये कई सवाल

# पर्यटन स्थल कब होंगे विकसित ?

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शून्यकाल के दौरान क्षेत्र से जुड़ी जनसमस्याओं एवं विकास से संबंधित सरकार से सवाल कर जवाब मांगा। विधायक ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के हरातू डैम एवं महुआडांड़ प्रखंड के कुटुदिरी डैम की वर्तमान स्थिति एवं इनके सौंदर्यीकरण को लेकर भी विधान सभामें शून्य काल में विधायक के द्वारा सवाल उठाए गए। विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने सवालों के माध्यम से सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि दोनो डैम सिंचाई एवं पर्यटकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सरकार इन दोनों डैम जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराये। इसके अलावा विधायक ने झारखंड एवं पलामू के गौरव एवं पौराणिक धरोहर बेतला के पलामू किला तथा चैनपुर के शाहपुर स्थित किला एवं नवागढ़ के मुर्गिडीह किला जोवर्तमान में जर्जर अवस्था में है। सरकार इसके जीर्णोद्धार के लिए क्या प्रयास कर रही है।

### सांस्कृतिक कार्य निर्देशालय को वापस कर दी राशि

किलो के जीर्णोद्धार को लेकर झारखंड सरकार के पर्यटन,कला-संस्कृति मंत्री ने विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा उठाए गए सवालों के उत्तर देते हुए कहा पलामू किला (नया-पुराना) एवं शाहपुर संरक्षण एवं विकास कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत राशि के विरुद्ध 7 करोड़ 20 लाख का आवंटन लातेहार उपायुक्त को दी गई थी, लेकिन उपायुक्त लातेहार के द्वारा योजना के कार्यवन्यन हेतु किसी भी सक्षम एजेंसी का चयन नहीं होने पाने की सूचना देते हुए संपूर्ण आवंटित राशि सूद समेत सांस्कृतिक कार्य निर्देशालय को वापस कर दी। वही नवागढ़ के मुर्गिडीह स्थित किला के जीर्णोद्धार पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही शाहपुर किला के संरक्षण एवं विकास कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, डाल्टनगंज के अधियाचना के आलोक में 70 लाख चेक के माध्यम से उपायुक्त पलामू को उपलब्ध कराया गया है। उक्त राशि के विरुद्ध कार्य स्थल पर चारदीवारी का निर्माण कराया गया है। वही विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा वन विभाग संबंधित सवाल पूछे गए. जैसे राज्य के कई वनपाल वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति आहर्ता रखते हैं जो पदोन्नति से वंचित है। इस सवाल के जवाब में सरकार की ओर से कहा गया कि पदोन्नति हेतु योग वनपलो का वन क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### वनभोज सह मिलन समारोह का मयूरहंड में हुआ आयोजन

**मयूरहंड(चतरा)।** बुधवार को मयूरहंड प्रखंड के मुखिया संघ द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वनभोज सह मिलन समारोह में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी रामवृक्ष राम व पत्रकार भी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व मंझगावां मुखिया मंजित सिंह व संचालन अशोक कुमार भुईयां ने किया। मिलन समारोह में वर्ष 2022 की विदाई एवं 2023 नए वर्ष में क्षेत्र के विकास में कार्य कराने को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि हमें क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुल कर काम करने की जरूरत है, तभी हमारा प्रखंड आगे बढ़ सकता है। समारोह में बीपीओ राजीव रंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, मुखिया रामनाथ यादव, शिव कुमार सिंह, अवर निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह, शंकर रजक, नरेश भुईयां, रामस्वरुप यादव, पंचायत सचिव सतीश कुमार मिश्रा, चंदन कुमार के अलावा अंचल व प्रखंड कर्मी शामिल थे।

# एक वर्षो से खराब जलमीनार को जल्द मरम्मत करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरवाडीह।** प्रखण्ड कार्यालय में जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में मंडल कोरवा टोला के 20 से अधिक आदिम जनजाति कोरवा समुदाय के लोग बीते 1 वर्ष से खराब जल मीनार की शिकायत करने पहुंचे। ग्रामीणों की शिकायत थी कि कोरवा टोला में लगा जल मीनार बीते 1 वर्ष से खराब पड़ा हुआ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इसकी मरम्मत करने की मांग की गई लेकिन अब तक जल मीनारमरम्मत नहीं होने से उन लोगों को दो किलोमीटरसे अधिक दूर कोयल नदी से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। जिससे उन लोगों के सामने काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जलमीनार मरम्मत करने की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ राकेश सहाय सभी आदिम जनजाति परिवारों से जल्द से जल्द जलमिनर मरम्मत करने का आश्वासन दिया। वही जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि 2 दिनों के अंदर अगर जलमीनार की मरम्मत नहीं की जाती है तो प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। मौके पर आदिम जनजाति समुदाय के लोग शामिल थे।

# खाद्य तेल और दाल-में दिखा मिला-जुला असर



**एजेंसी।**

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तले के साथ ही दाल-दलहन के भाव में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 43 रिंगिट गिरकर 3839 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा 0.16 सेंट फिसलकर 63.25 सेंट प्रति पौंड रह गया। इस दौरान मूंगफली तेल 73 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि वनस्पति तेल में 146 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मूसर दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, चना, चना दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के दाम पड़े रहे। अनाज मंडी में भी टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़े रहे।

---

## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **190/2022-23/RWD/GARHWA** दिनांक :- **21.12.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/GARHWA/24/2022-23 | गोबरदाहा मुख्य पथ से कुसवार तेतरडीह होते हुए होमिया तक पथ निर्माण कार्य (लं– 7.350 कि0मी0) | 9,03,86,500.00 | नौ करोड़ तीन लाख छियासी हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.285648 Rural Work Department(22-23):D

---

## झारखण्ड सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन प्रमण्डल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

### आम निलामी सूचना

सर्व–साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत गढ़वा वन प्रक्षेत्र के गढ़वा वन परिसर; नगर वन प्रक्षेत्र के नगर वन परिसर तथा भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र के भवनाथपुर वन परिसर के आहाते में जप्त वनोपज एवं अन्य उपस्कर जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी दिनांक–11.01.2023 को 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र के भवनाथपुर वन परिसर के कार्यालय परिसर में रखे गये लौट संख्या–1, 2, 3 एवं 21 के लिए 50,000.00 (पचास हजार) रूपये, लौट संख्या–12, 13 एवं 14 के लिए 1,000.00 (एक हजार) रूपये एवं शेष अन्य सभी लौटों के लिए 10,000.00 (दस हजार) रूपये बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय हो) या नकद राशि गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल क्रेता को शीघ्र बैंक ड्राफ्ट या नकद राशि वापस कर दी जायेगी। वनोपज एवं अन्य उपस्करों के लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत निबंधित/पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य के अतरिक्त यथालागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेष कर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते https://garhwa.nic.in/ एवं Https://forest.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है। अन्य जानकारी के लिए मोबाईल नं0– 6205861551 से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | नीलामी स्थल का नाम | स्थल, जहाँ लौटों को रखा गया है | वनोपज (प्रकाष्ठ, जलावन एवं बल्ली) का लौट संख्या एवं अनुमानित आयतन | अन्य उपस्करों का लौट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल का प्रमण्डलीय कार्यालय। | गढ़वा वन परिसर के आहाते, गढ़वा वन प्रक्षेत्र, गढ़वा। | – | 30 |
| 2 | | नगर वन परिसर के आहाते, नगर वन प्रक्षेत्र, नगर। | – | 11 |
| 3 | | भवनाथपुर वन परिसर के आहाते, भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र, भवनाथपुर। | 7 (अनुमानित आयतन 25.0421 घनमीटर) | 2 |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 285623 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)D

---

## कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।
### वन भवन कचहरी रोड, गढ़वा।
E-mail id :- dfo-garhwanorth@gov.in
Phone :- 06561-222237

### सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला से लगभग 13 (तेरह) जंगली हाथियों का झुंड, जिसमें 3 (तीन) बच्चे हैं, गढ़वा जिला के मझिआँव प्रखण्ड होते हुए मेराल/गढ़वा प्रखण्ड में प्रवेश कर गया है। वर्तमान में यह मेराल प्रखण्ड के गोबरदाहा वनों में आवासन कर रहा है। इस पर वन विभाग के टीम द्वारा विशेष ध्यान रखे हुए है। फिर भी आवासन के दौरान उक्त हाथियों का झुंड किसी भी तटवर्ती प्रखण्ड में प्रवेश कर सकता है। ऐसी परिस्थिति में जान–माल की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित सावधानियाँ बरतने की अपील की जाती है :–

1. हाथियों को देखने के लिए पास न जायें और न ही किसी को पास जाने दें।
2. हाथियों के रास्ते को न रोकें और न ही भीड़ जमा होने दें। उनसे पर्याप्त दूरी बनाये रखें (कम से कम 150 मीटर)।
3. हाथियों को लगातार न खदेड़ें एवं जंगल में उनका पीछा न करें। इससे वे क्षुब्ध एवं हिंसक हो जाते हैं। उक्त झुंड शांत प्रवृति का है। अतः अनुरोध है कि झुंड के विचरण में अनावश्यक अवरोध न करें एवं मानव हाथी द्वंद्व की परिस्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए वन विभाग का सहयोग करें।
4. जंगल से सटे क्षेत्र में खलिहान न बनायें एवं खलियानों में रात को न सोयें।
5. खेतों–खलिहानों में रखे या घरों में रखे संग्रहित आनाज को हाथियों द्वारा खाते समय उन्हें न छेड़े और न ही परेशान करें। नुकसान का प्रावधानानुसार उचित मुआवजा वन विभाग द्वारा दिया जाता है। इसे समय पर प्राप्त करने के लिए अविलम्ब निकटस्थ वन कर्मचारी/पदाधिकारी/वन परिसर कार्यालय को सूचित करें।
6. हाथियों के चारो ओर कौतुहलवश भीड़ न लगायें। हाथियों को छेड़े नहीं, विशेषकर उनपर पत्थर गुलेल, तीर, जलता हुआ टायर आदि फेंककर प्रहार न करें।
7. नशे की हालत में अकेले बाहर कभी नहीं निकले।
8. कोई भी आपदा की परिस्थिति में दूरभाष संख्या–6201214428/6205861551/ 8987790237 पर सम्पर्क करें।

निवेदक,
(दिलीप कुमार यादव, भा0व0से0)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 285555 Forest, Environment and Climate Changes(22-23)D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 03/2022–23/EE/RWD/DALTONGANJ**

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/04/2022-23 | महुगांव मुरमाखूर्द मुख्य पथ के वृद्धखैरा मोड़ से वेणुगोपाल मंदिर होते पासवान टोला तक पीसीसी पथ निर्माण । (1.00कि0मी0) | 99.830 लाख | निनान्बे दसमलव आठ तीन शून्य लाख रूपये मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 27.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.01.2023 up to 5.00 PM
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रांची अथवा (ग) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रांची में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 11.01.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7903448085
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के पक्ष में भुगतेय, जो लौटाया नहीं जायेगा । विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR285641 (Rural Work Department)22-23*D

---

## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
## (अभियंत्रण कोषांग)

**पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 30.12.2022 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.12.2022 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.12.2022 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान :– जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान :– जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद :– एस0सी0ए0 मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0सं/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | ग्राम का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भण्डरा | लोहरदगा | अनु0ज0जा0 बलदेव साहु माहाविद्यालय, लोहरदग कॉलेज छात्रावास, लोहरदगा सं0–02 जीर्णोद्धार कार्य | 399700.00 | 750.00 | 8000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्त्तें जिला परिषद्, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga** के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.285624 Lohardaga(22-23):D

---

## कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर

**बोरवेल रिग मशीन निबंधन हेतु सूचना**

छतरपुर नगर पंचायत की आहुत बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में डीप/सामान्य बोर करने हेतु, बोरवेल रिग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों को सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य/डीप बोर करने हेतु, नगर पंचायत, छतरपुर में शूल्क जमा कराकर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर पंचायत कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना/कराना नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। इस हेतु सामान्य डीप/सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 1000/– (एक हजार) रूपये मात्र एवं डीप बोर कराने वाले व्यक्ति को 5000/–(पॉच हजार) रूपये का शूल्क निर्धारित है। अतएव नगर पंचायत क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर पंचायत कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य/डीप बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है तो उनपर कार्रवाई करते हुए डीप बोर पर 50,000/– (पच्चास हजार) रूपये मात्र एवं सामान्य बोर पर 5000/– (पॉच हजार) रूपये मात्र राशि का जुर्माना के तौर पर नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में जमा कराने होंगे।

**निबंधन की तिथि दिनांक–23.12.2022 से 30.12.2022 तक।**

**बोरवेल रिग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्ते:–**

1. बोरवेल वाहन निबंधन से संबंधित **कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।**
2. प्रदुषण से संबंधित **कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।**
3. बीमा से संबंधित **कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।**
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र जाम करना होगा।
5. वाहन चालक का ड्राईविंग लाईसिंग एवं आधार कार्ड जमा करना होगा।
6. अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र जमा करना होगा।
7. निबंधन हेतु 34,788/–(चौतिस हजार सात सौ अठासी) रूपये के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर के पद नाम से देय होगा, जमा करना होगा।
8. एक से अधिक वाहनों के निबंधन नहीं होने पर स्वतः रद्द समझा जायेगा।

कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 285620 District(22-23).D

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
## समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ई मेल– jepcpalamau@rediffmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची के पत्रांक प.08–02/2022/1035 दिनांक 07.12.2022 एवं पत्रांक प.08–02/2022/1062 दिनांक 12.12.2022 के निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2022–23 में जिले के सभी कोटि के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त) में कक्षा I से VII तक के अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2022-23 हेतु प्रश्नपत्र –सह– उत्तरपुस्तिका एवं रिपोर्ट कार्ड इत्यादि का मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेज के साथ मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित मुद्रकों से आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक निविदादाता 500/– रू0 का बैंक ड्राफ्ट (Non-Refundable) **DISTRICT PROGRAMME OFFICER, SSA PALAMU** के नाम से देकर निविदा प्रपत्र दिनांक 28/12/2022 के अपराह्न 03:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। दिनांक 29/12/2022 को 12:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त पलामू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष उपायुक्त पलामू के वेश्म में निविदा दाताओं एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोला जायेगा।

उक्त निविदा की नियम एवं शर्ते झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू के कार्यालय एवं NIC के वेवसाईट palamu.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार उपायुक्त पलामू के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR285552 (Jharkhand Education Project Council)22-23*D

---

## कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

**अल्पकालीन निविदा दवा सामग्री आपूर्ति एवं मशीन उपकरण का निरस्त करने के संबंध में**

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि कार्यालय पत्रांक 3139/मेदिनीनगर, दिनांक 25.11.2022 द्वारा दवा सामग्री आपूर्ति एवं मशीन उपकरण का निकाली गई अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। जिसका P.R No. 283432 है।

विश्वासभाजन
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 285632 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D

---

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
### (समाज कल्याण)
दूरभाष संख्या :-06526.295011, फैक्स संख्या :- 295011
email :– awc4.monitoring@gmail.com

**संशोधित सूचना**

एतद् द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा PR 285078 Lohardaga (2022-23)#D निविदा की शर्त्तें क्रमॉक–11 को विलोपित करते हुए उक्त स्थान पर निविदादाता को सरकारी संस्थान में कार्य करने का अनुभव तथा निविदादाता को Nabcb approved ISO 9001:2015 Certificate संलग्न करना अनिवार्य होगा।

शेष नियम एवम् शर्त्तें यथावत् रहेंगे।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 285609 Lohardaga (22-23)_D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत विशेष केन्द्रीय सहायता (S.C.A.) मद के तहत् जिला अनुमण्डलीय पुस्तकालय का जिर्णोद्धार का कार्य की ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं॰– **09/2022-23/RWD/CHATRA**, दिनांक–08.12.2022, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 24.12.2022 है तथा **P.R. No. 284629 RURAL WOAK DEPARTMENT (22–23)#D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. **Uploaded SBD** के पृष्ठ सं॰– 04 में अंकित Cost of tender Paper (in Rs) – रू॰ 10000 की बजाय रू॰ 5000 ही देय होगा।
2. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 285570 Rural Work Department(22-23)D

---

## झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार
### समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार
दूरभाष सं० : 06565–248083
ई-मेल : dpolatehar@yahoo.co.in

**अति अल्पकालीन निविदा**

निदेशक, झाखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची के पत्रांक प.08–02/2022/1035 दिनांक 07.12.2022 एवं पत्रांक प.08–02/2022/1062 दिनांक 12.12.2022 के निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2022–23 में जिले के सभी कोटि के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त) में कक्षा 3–7 तक के अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन हेतु प्रश्नपत्र–सह–उत्तर पुस्तिका एवं रिपोर्ट कार्ड इत्यादि का मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेज के साथ मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित मुद्रकों से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | मुद्रण सामग्री | अनुमानित पृष्ठों की संख्या (Both side) |
|---|---|---|
| 1 | प्रश्नपत्र (वर्ग 1 से 2 के लिए) (Both side printing) | 25290 |
| 2 | प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपुस्तिका (वर्ग 3 से 7 के लिए) (Both side printing) | 1936998 |
| 3 | प्रगति–पत्र (प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड) (I-VII) | 114357 |

इच्छुक निविदादाता/ प्रिंटिंग प्रेस अपना वित्तीय एवं तकनीकी निविदा दिनांक 28.12.2022 को अपराह्न 04:00 बजे तक जिला कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार में जमा कर सकते है एवं दिनांक 29.12.2022 को अपराहन 11:00 बजे जिला स्तरीय क्रय समिति के द्वारा निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा खोला जायेगा। निविदा संबंधित विस्तृत विवरणी/शर्ते NIC के वेवसाईट www.latehar.nic.in एवं जिला कार्यालय के सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
लातेहार

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लातेहार

PR 285557 Human Resource Developement (22-23)_D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## (एन.आर.ई.पी.), चतरा
(Email Add: nrepchatra@gmail.com)

**शुद्धि–पत्र**

एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के अन्तर्गत **श्यामा प्रसाद मुखर्जी (Rurbarn mission)** मद के तहत् सराढु कलस्टर टण्डवा के अंतर्गत एक अदद् स्कूल लाईब्रेरी निर्माण का कार्य की ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं॰– **03/2022–23/NREP Chatra** दिनांक – 08.12.2022 जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 22.12.2022 है तथा **P.R No. 284628 NREP (22-23)#D** है, उसमें निम्नलिखित संशोघन किया जाता है:–

1. Uploaded SBD केपृष्ठ सं॰– 04 में अंकित Cost of tender Paper (in Rs) – रू॰ 2500 की बजाय रू॰ 5000 देय होगा।
2. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन॰आर॰ई॰पी॰,चतरा

PR 285549 NREP(22-23).D

**ज्ञान की बात**

**दोस्तों हमारा व्यवहार, आचरण, स्वभाव, बोलचाल, भाषा, व्यक्तित्व, ये सभी इस बात पर निर्भर करते हैं कि हमारे विचार कैसे हैं। अगर हमारे विचार अच्छे है तो हम बिना किसी तनाव के जीवन यापन कर लेते है, वहीं अगर हमारे विचार सही नहीं है तो हम तनावपूर्ण जीवन यापन करते हैं। अच्छे विचार हमें जिन्दगी जीने के बारे में बताते हैं और साथ ही जीवन में आ रही परेशानियों से छुटकारा दिलाने में भी हमारी मदद करते हैं। अच्छे विचार हमें एक अच्छी जिन्दगी जीने के लिए और कामयाबी प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। - अज्ञात**

# हंगामा क्यों बरपा? सत्ता पक्ष व विपक्ष सोचे

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार रहा। भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच ही राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव की ओर से सदन में चालू वित्तीय वर्ष द्वितीय अनुपूरक बजट पेश कर दिया। अब सवाल उठता है कि आखिर यह हंगामा क्यों बरपा? विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। लेकिन भाजपा के कई विधायक तख्ती लेकर वेल में जा पहुंचे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों ने राज्य सरकार पर बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। बीजेपी विधायक हेमंत सोरेन हाय-हाय के नारे लगा रहे थे। इस बीच एक विधायक ने सदन को यह सूचना दी कि लोकसभा में झारखंड के एक सांसद ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। ऐसे में मामले का गर्म होना पूर्वनियोजित साजिश का एक हिस्सा भी माना जा सकता है। पर्दे के पीछे जो पटकथा हैं,वह आने वाले दिनों में अवश्य सामने आ जायेंगे। लेकिन जिस प्रकार सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आकर मेरी कमीज सफेद,तुम्हारी काली करते रहे,वह कहीं से जायज नहीं है। इसका मतलब यह भी कि हम सच्चे व ईमानदार हैं। बाकी सभी बेईमान। यह कैसे चलेगा। हालांकि यहां चलाने ही नहीं, दौड़ाने की प्रथा चल पड़ी है। ऐसे में सब को यह बात समझ लेनी चाहिए कि यह पब्लिक है,सब जानती है। मसलन जनता के बुनियादी सवाल ऐसे मौके पर सब गौण हो जाते हैं। अहं की तुष्टि की कवायद में जरूरी बातें और जरूरतों के मानक तत्व सब रखैल बन जाते हैं। बहरहाल द्वितीय अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों के लिए राशि का प्रावधान का किया जाना अच्छी बात है। इससे पहले हम भाजपा की बात करें तो वह सबसे पहले नियोजन नीति को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों ने राज्य

**पर्दे के पीछे जो पटकथा हैं, वह आने वाले दिनों में अवश्य सामने होगी। लेकिन जिस प्रकार सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आकर मेरी कमीज सफेद, तुम्हारी काली करते रहे, वह कहीं से जायज नहीं है।**

सरकार पर बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। ऐसे में सवाल उठता है कि उनके राजकाज के दौरान कितने बेरोजगारों को नौकरी मिली। इसका जवाब भी तो उन्हें देना चाहिए। बस- सिर्फ विरोध के लिए विरोध। आखिर इसका क्या असर आने वाले दिनों में पड़ेगा। इसकी कोई चिन्ता हमारे नेताओं को है या नहीं। आज झारखंड के सामने अनेक चुनौतियां मुंह बाये खड़ी हैं। ऐसा नहीं हो सकता कि जनता की बुनियादी सवाल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष एक्का बनाकर काम करें? माना अगर किसी ने अपशब्दों का प्रयोग किया है तो गलत है। सभी को अपनी मर्यादा का ख्याल करना जरूरी है।

# बढ़ती जरूरतों के बीच ऊर्जा का विकल्प

सौर ऊर्जा क्षमता से संपन्न शीर्ष दस अर्थव्यवस्थाओं में पांच एशिया महाद्वीप के देश हैं, जिनमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और वियतनाम शामिल हैं। फिलहाल सौर ऊर्जा भविष्य की केवल आवश्यकता नहीं, अनिवार्यता होगी। मगर यह पूरी तरह सक्षम और सशक्त तभी हो पायेगी, जब सभी तक इसकी पहुंच बन सकेगी। भारत भौगोलिक रूप से उष्ण कटिबंधीय देशों में शुमार है, जहां साल में तीन सौ दिन धूप खिली रहती है। जाहिर है, इससे सौर ऊर्जा के मामले में भारत मजबूत देश बन सकता है। हालांकि अभी इस दिशा में उतने पुख्ता इंतजाम नहीं किये गये हैं, जितने होने चाहिए। मगर पारंपरिक माध्यमों से बिजली पैदा करना लगातार महंगा होता जा रहा है, इसलिए सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प बन कर उभर रही है। गौरतलब है कि 2035 तक देश में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना बढ़ने की संभावना है। भारत की आबादी कुछ ही समय में चीन से अधिक हो जायेगी। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े आबादी वाले देश को बिजली की जो जरूरत होगी उसमें सौर ऊर्जा कहीं अधिक प्रभावशाली रहेगी। तथ्य यह भी है कि पर्यावरण के लिहाज से भी सौर ऊर्जा कहीं बेहतर विकल्प है। भारत की ऊर्जा मांग का एक बड़ा हिस्सा तापीय ऊर्जा द्वारा संभव होता है, जिसकी निर्भरता जीवाष्म ईंधन पर है। वैसे विश्व भर में केवल ऊर्जा उत्पादन से प्रति वर्ष लगभग बीस अरब टन कार्बन डाईआक्साइड और अन्य दूषित तत्त्व निकलते हैं, जो जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार हैं। जाहिर है कि सौर ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन में कटौती में भी मदद करती है। सौर ऊर्जा, ऊर्जा का एक ऐसा स्वच्छ रूप है, जो पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का बेहतरीन विकल्प है। विकासशील अर्थव्यवस्था वाला भारत ऊर्जा के कई विकल्प आजमाता रहा है। औद्योगीकरण, शहरीकरण समेत कृषि और रोजमर्रा की बिजली से जुड़ी आवश्यकताओं से भी भारत को नई-नई चुनौतियां मिलती रही हैं। उच्च जनसंख्या घनत्व के चलते जहां एक ओर सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए भूमि की उपलब्धता कम है, वहीं परंपरागत ऊर्जा से जरूरत भर की आपूर्ति होना भी संभव नहीं है। फिर सौर ऊर्जा केवल एक सुखद पहलू नहीं है, इससे उत्पन्न कचरा भविष्य की चुनौती हो सकता है। फिलहाल भारत ई-कचरा, प्लास्टिक कचरा समेत कई कचरों के निपटान को लेकर मुश्किलों में फंसा है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में सौर कचरा 18 लाख टन के आसपास होने की संभावना है। इन सबके अलावा भारत को अपने घरेलू लक्ष्यों को प्राथमिकता देने और विश्व व्यापार संगठन की प्रतिबद्धताओं के बीच भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न योजनाएं भी चला रही हैं। बहुत कम दाम पर सोलर पैनल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सौर संयंत्र लगाने पर सबसिडी का भी प्रावधान है। पर इस बात को भी समझना होगा कि भारत में हर पांचवां व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे है। झुग्गी-झोपड़ियों से लेकर कच्चे मकानों की तादाद भी यहां बहुतायत में है। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में साढ़े छह करोड़ लोग झुग्गी-झोपडियों में रहते हैं और करोड़ों बेघर हैं। ऐसे में सोलर पैनल लगाना अपने तरह की एक चुनौती है। भारत सरकार ने 2022 तक दो करोड़ पक्के मकान देने का वादा किया था। अगर ये मकान उपलब्ध हो जाएं तो शायद वे सोलर पैनल लगाने के काम भी आयेंगे। सरकार ने 2022 के अंत तक

**भारत भौगोलिक रूप से उष्ण कटिबंधीय देशों में शुमार है, जहां साल में तीन सौ दिन धूप खिली रहती है। जाहिर है, इससे सौर ऊर्जा के मामले में भारत मजबूत देश बन सकता है। हालांकि अभी इस दिशा में उतने पुख्ता इंतजाम नहीं किये गये हैं, जितने होने चाहिए। मगर पारंपरिक माध्यमों से बिजली पैदा करना लगातार महंगा होता जा रहा है, इसलिए सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प बन कर उभर रही है। गौरतलब है कि 2035 तक देश में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना बढ़ने की संभावना है। भारत की आबादी कुछ ही समय में चीन से अधिक हो जायेगी।**

नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का जो लक्ष्य 175 गीगावाट निर्धारित किया है। इसमें पवन ऊर्जा साठ गीगावाट, बायोमास दस गीगावाट और जल विद्युत परियोजना महज पांच गीगावाट शामिल है, जबकि इसमें सौ गीगावाट अकेले सौर ऊर्जा का है। हालांकि जिस दर से बिजली की आवश्यकता बढ़ रही है, उसमें समय के साथ कई गुना बढ़ोतरी करते रहना होगा। मगर यह तभी संभव है, जब सोलर पैनल सस्ते और टिकाऊ हों इसके साथ ही अधिक से अधिक लोगों की छतों तक ये पहुंच सकें और सोलर पार्क भी बढ़ाए जाएं। चीन की कंपनियों के साथ भारत की वस्तुओं की हमेशा स्पर्धा रही है। भारतीय घरेलू निमार्ता तकनीकी और आर्थिक रूप से उतने मजबूत नहीं हैं, इसलिए दूसरे देशों के बाजार पर निर्भरता भी घटानी होगी। सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर की अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। आंकड़े बताते हैं कि एक गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग चार हजार लोगों को रोजगार मिल सकता है। इसके अलावा इसके संचालन और रखरखाव में भी रोजगार के अवसर ढूंढ़े जा सकते हैं। जहां 2035 तक वैश्विक सौर क्षमता में भारत की कुल हिस्सेदारी आठ फीसद होने की संभावना है, वहीं तीन सौ तिरसठ गीगावाट की क्षमता के साथ वैश्विक अगुआ के रूप में उभरने की संभावना भी है। अंतरराष्ट्रीय सौर ऊर्जा गठबंधन, जिसका शुभारंभ भारत और फ्रांस द्वारा 30 नवंबर, 2015 को पेरिस में किया गया था। उसकी पहल भारत ने की थी। उस वक्त पेरिस जलवायु सम्मेलन चल रहा था। इस संगठन में एक सौ बाईस देश हैं, जिनकी स्थिति कर्क और मकर रेखा के मध्य है। सूर्य साल भर इन्हीं दो रेखाओं के बीच सीधे चमकता है, जिससे धूप और प्रकाश की मात्रा सर्वाधिक देखी जा सकती है। हालांकि विषुवत रेखा पर यही धूप और ताप अनुपात में सर्वाधिक रहता है। भारत में राजस्थान के थार मरुस्थल में देश की सर्वोत्तम सौर ऊर्जा परियोजना प्रारंभ की गई है। सौर ऊर्जा मिशन के लक्ष्य पर नजर डालें तो 2022 तक बीस हजार मेगावाट क्षमता वाले सौर ग्रिड की स्थापना के अलावा दो हजार मेगावाट वाली गैर ग्रिड के सुचारु संचालन की नीतिगत योजना दिखती है। इसी मिशन में 2022 तक दो करोड़ सौर बत्तियों को भी शामिल किया गया है। ई-चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना शुरू कर दी गई है। यह सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहनों के लिए एक बेहतरीन कदम है। गौरतलब है कि भारत में वाहन उद्योग ने भी सौर ऊर्जा को तेजी से अपनाना शुरू कर दिया है और ऐसे वाहन बनाये जा रहे हैं, जिन्हें पेट्रोल, डीजल के बजाय सौर ऊर्जा से चलाया जा सके। किसी भी योजना को अंजाम देने के लिए कौशल विकास एक अनिवार्य पक्ष है। किसी भी देश का कुशल मानव संसाधन विकासात्मक और सुधारात्मक योजना के लिए प्राणवायु की भांति होता है। भारत में जहां इसकी घोर कमी है, वहीं लागत को लेकर भी चुनौती रही है। सौर ऊर्जा की औसत लागत प्रति किलोवाट एक लाख रुपए से अधिक है, जो सभी के बूते में नहीं है। भारत में ढाई लाख पंचायतें और साढ़े छह लाख गांव हैं, जहां खंभा और तार कमोबेश पहुंचे तो हैं।

**- सुशील कुमार सिंह**

## बोधि वृक्ष

### परम तत्व की प्राप्ति करें

हे सुन्दर केशोंवाली। तुम मुनिपर आसक्त अपनी उस भोली पुत्रीको एकान्तमें शास्त्रों तथा वृद्ध पुरुषोंके मर्यादित वचन बतलाकर युक्तिपूर्वक इस हठसे मुक्त करो ॥ 5॥

पतिकी बात सुनकर माताने उस कन्यासे कहा- कहाँ तुम्हारा ऐसा रूप और कहाँ वह धनहीन वानरमुख मुनि! ॥ 6॥

तुम लताके समान कोमल देहवाली हो और यह मुनि भस्म लगानेके कारण कठोर देहवाला है; तुम बुद्धिमान् होकर भी उस भिक्षुकपर मोहित क्यों हो हो ॥ 7॥

हे अनघे! वानरके समान मुखवाले इस मुनिके साथ तुम्हारा वातार्लाप कैसे उचित होगा? हे पवित्र मुसकानवाली! इस निन्दित पुरुषपर तुम्हारी कौन-सी प्रीति हो सकेगी? ॥ 8॥

तुम्हारा वर तो कोई राजकुमार होना चाहिये,तुम व्यर्थ हठ मत करो। धात्रीके मुखसे ऐसी बात सुनकर तुम्हारे पिताजीको बहुत दुःख हुआ है ॥ 9॥

बबूलके वृक्षसे लिपटी हुई कोमल मालती लताको देखकर किस बुद्धिमान् व्यक्तिका मन दुःखित नहीं होगा?

बबूलके वृक्षसे लिपटी हुई कोमल मालती लताको देखकर किस बुद्धिमान् व्यक्तिका मन दुःखित नहीं होगा ? इस पृथ्वीतलपर ऐसा कौन मूर्ख होगा जो खानेके लिये ऊँटको कोमल पानके पत्ते देगा ? ॥ 10-11 ॥

विवाह होते समय नारदके पास बैठकर तुम्हें उसका हाथ पकड़े हुए देखकर किसका ह्रदय नही जल उठेगा? ॥ 12॥

क्रमश :

# ग्रैजुएशन के लिए बेस्ट क्यों है 4 साल का कोर्स

देश में हायर एजुकेशन की फील्ड में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। यूजीसी ने ग्रैजुएशन के लिए चार साल के कोर्स की रूपरेखा जारी की है, जिसे देश की कई यूनिवर्सिटियों में लागू किया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप एजुकेशन मिनिस्ट्री पिछले दो साल से इसकी तैयारी कर रही है। वैसे 2013 में दिल्ली यूनिवर्सिटी में भी चार साल का कोर्स लागू किया गया था, लेकिन अगले साल ही वापस ले लिया गया। अब यूजीसी ने गाइडलाइन जारी की है और नये सेशन से डीयू, जेएनयू समेत बड़ी यूनिवर्सिटियों में चार साल का कोर्स शुरू होने की पूरी उम्मीद है।

**पूरी होगी पढ़ाई :** हायर एजुकेशन में पढ़ाई छोड़ने के हजारों उदाहरण देखने को मिलते हैं, लेकिन चार साल का यह कोर्स ऐसे स्टूडेंट्स की वापसी सुनिश्चित करता है क्योंकि इस कोर्स में मल्टीपल एंट्री और एग्जिट पॉइंट हैं। इसके और भी कई फायदे हैं। एक साल (दो सेमेस्टर ) की पढ़ाई करने के बाद स्टूडेंट यूजी सर्टिफिकेट लेकर जा सकता है और तीन साल के अंदर फिर से डिग्री पूरी करने के लिए वापस भी आ सकता है। इसी तरह स्टूडेंट दो साल के बाद यूजी डिप्लोमा, तीन साल के बाद यूजी डिग्री पा सकता है। चौथे साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद यूजी डिग्री (ऑनर्स) दी जायेगी। तीन साल, यानी छह सेमेस्टर में 75 पर्सेंट स्कोर करने वाले छात्र फोर्थ ईयर में रिसर्च प्रॉजेक्ट भी कर सकेंगे। जो छात्र रिसर्च प्रॉजेक्ट करेंगे, उन्हें चार साल के बाद यूजी डिग्री (ऑनर्स विद रिसर्च) मिलेगी। चार साल के बाद स्टूडेंट्स सीधे पीएचडी में भी दाखिला ले सकते हैं, जबकि अभी तक पीएचडी करने के लिए ग्रैजुएशन के बाद दो साल की पोस्ट ग्रैजुएशन करनी जरूरी होती है। अब एमफिल का विकल्प खत्म हो गया है और चार साल के कोर्स में रिसर्च का भी काफी इनपुट जोड़ा गया है। अब ग्रैजुएशन में रिसर्च के साथ-साथ रोजगारपरक कोर्सेज भी होंगे, जिन्हें माइनर सब्जेक्ट का नाम दिया गया है। मेजर और माइनर दो सब्जेक्ट की कैटिगरी है। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन जैसे देश चार साल के ग्रैजुएशन कोर्सेज को अहमियत देते हैं और इंडियन स्टूडेंट्स भी बड़ी संख्या में इन्हीं देशों में जाते हैं। चार साल के कोर्स के बाद स्टूडेंट्स के पास विदेशों में पढ़ाई के भी बेहतर अवसर होंगे। स्टूडेंट्स को एक से ज्यादा स्पेशल सब्जेक्ट्स में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। साइंस के स्टूडेंट कॉमर्स या आर्ट्स भी चुन सकते हैं। कॉमर्स के छात्र सोशल साइंस, आर्ट्स, 'मैनिटीज, लैंग्वेज की पढ़ाई भी कर सकते हैं। स्टूडेंट जिस मेजर (कोर) कोर्स में डिग्री लेना चाहता है, उसके साथ वह माइनर स्ट्रीम के सब्जेक्ट भी चुन सकता है। चार साल के कोर्स में स्किल

**एक साल (दो सेमेस्टर ) की पढ़ाई करने के बाद स्टूडेंट यूजी सर्टिफिकेट लेकर जा सकता है और तीन साल के अंदर फिर से डिग्री पूरी करने के लिए वापस भी आ सकता है। इसी तरह स्टूडेंट दो साल के बाद यूजी डिप्लोमा, तीन साल के बाद यूजी डिग्री पा सकता है। चौथे साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद यूजी डिग्री (ऑनर्स) दी जायेगी। तीन साल, यानी छह सेमेस्टर में 75 पर्सेंट स्कोर करने वाले छात्र फोर्थ ईयर में रिसर्च प्रॉजेक्ट भी कर सकेंगे। जो छात्र रिसर्च प्रॉजेक्ट करेंगे, उन्हें चार साल के बाद यूजी डिग्री (ऑनर्स विद रिसर्च) मिलेगी। चार साल के बाद स्टूडेंट्स सीधे पीएचडी में भी दाखिला ले सकते हैं, जबकि अभी तक पीएचडी करने के लिए ग्रैजुएशन के बाद दो साल की पोस्ट ग्रैजुएशन करनी जरूरी होती है। अब एमफिल का विकल्प खत्म हो गया है और चार साल के कोर्स में रिसर्च का भी काफी इनपुट जोड़ा गया है।**

कोर्सेज, वोकेशनल कोर्सेज, योग शिक्षा, स्पोर्ट्स, फिटनेस से जुड़े कोर्सेज करने की भी आजादी होगी। वहीं अगर किसी छात्र ने केमिस्ट्री को मेजर सब्जेक्ट चुना और एक साल के बाद उसे लगा कि उसको किसी दूसरे मेजर सब्जेक्ट, जैसे फिजिक्स या मैथ्स में डिग्री पूरी करनी है तो वह मेजर सब्जेक्ट बदल भी सकता है। इन सबके चलते उम्मीद की जा रही है कि ग्रैजुएशन के बाद स्टूडेंट्स के पास जॉब के ज्यादा से ज्यादा ऑप्शन होंगे। **चार बनाम तीन साल :** यूजीसी ने चार साल का कोर्स लागू किया है तो इसका मतलब यह नहीं है कि अब तीन साल का कोर्स खत्म हो जायेगा। चार साल का कोर्स एक लंबी प्रक्रिया है और एकदम से पूरा सिस्टम इसके लिए तैयार नहीं हो सकता। यूजीसी के भी यह संज्ञान में है और यही वजह है कि यूनिवर्सिटियों को कहा गया है कि अपने यहां इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी की स्थिति, रिसर्च सुविधाओं समेत सभी चीजों का वैल्यूएशन करने के बाद ही तय करें कि चार साल का कोर्स कब से लागू होगा? यानी सत्र 2023 से पूरे देश की सभी यूनिवर्सिटी में एक साथ यह नया प्रयोग नहीं होगा, और चार साल के साथ तीन साल का कोर्स भी चलता रहेगा।

**- भूपेन्द्र**

## फोटो की दुनिया



**मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा होने की खबर है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल यारिपोक के छात्रों को लेकर दो बसें हादसे का शिकार हो गई।**

## ट्विट-ट्विट




## फेसबुक वॉल से




# ई विलेज बनती दुनिया में कठोर कानून या तानाशाही

गौरतलब है कि ईरान में इस्लाम से जुड़े नियमों जैसे कि हिजाब, बुर्का आदि का पालन कराने के लिए मोरैलिटी पुलिस बनाई गई। इसका गठन पूर्व मेहमूदक अहमदीनेजाद के समय में किया गया था जो ईरान के एक कट्टरपंथी नेता और राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाते हैं। दार्शनिक और वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रवर्तक नोबेल पुरुस्कार विजेता नील्स बोर का कथन के मुताबिक तानाशाही का सबसे जोरदार हथियार है गोपनीयता, लेकिन लोकतंत्र का सबसे असरदार हथियार है खुलापन। ईरान, चीन, म्यांमार, थाइलैंड और सूडान में हुए विरोध प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि सूचनाओं के जरिए ई विलेज बनती दुनिया में कठोर कानून या तानाशाही से आम अवाम की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। ये सभी देश नागरिक अधिकारों के उत्पीड़न के लिए बदनाम हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक फांसी देने के मामले में चीन और ईरान दुनियां के शीर्ष देश हैं। चीन ने करीब एक हजार और ईरान ने करीब 314 लोगों को फांसी दी गई। इन देशों में लोगों के खिलाफ किये जा रहे उत्पीड़न से यह भी साबित होता है कि बदले हुए हालात में बंदूकों की नोंक पर लंबी अवधि तक मानवाधिकारों को राष्ट्रीय एकता-अखंडता, संस्कृति या धर्म के नाम पर दबाया नहीं जा सकता। यही वजह रही आखिरकार ईरान और चीन जैसे कट्टर देशों की सरकार ने भारी खून-खराबे के बाद आंदोलनकारियों के आक्रोश के सामने झुकते हुए उनकी मांगे मंजूर कर ली। इन देशों में सरकार के खिलाफ बोलने, संस्कृति और धर्म के नाम पर फांसी की सजा दिया जाना आम बात है। किन्तु इस बार हुए अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले लोगों को जेल या फांसी का डर भी नहीं डरा सका। ईरान ने भारी दबाव में आकर मोरैलिटी पुलिस को भंग कर दिया। इसी तरह चीन भी 70 सालों में पहली बार आंदोलनकारियों के सामने झुकते हुए कोविड में प्रतिबंधों में छूट देने के लिए सहमत हो गया। गौरतलब है कि ईरान में इस्लाम से जुड़े नियमों जैसे कि हिजाब, बुर्का आदि का पालन कराने के लिए मोरैलिटी पुलिस बनाई गई। इसका गठन पूर्व मेहमूदक अहमदीनेजाद के समय में किया गया था जो ईरान के एक कट्टरपंथी नेता और राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाते हैं। उस दौर में इसका काम हिजाब की संस्कृति को बढ़ाने का था। सफेद और हरे रंग की वैन से चलने वाली इस पुलिस के कर्मचारी कहीं पर भी महिलाओं को टोकते दिख जाते। कई बार इस रोक-टोक ने हिंसक का रूप ले लिया। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब महिलाओं को उनके हिजाब को लेकर सरेआम बुरी तरह मारा-पीटा गया। जेलों में

**पाकिस्तान की समा टीवी पर एक प्रोग्राम आता है, ब्लैक एंड वाइट। फीमेल ऐंकर ने सलाम करने के बाद सीधे अपने गेस्ट पाकिस्तान कि वरिष्ठ पत्रकार हसन निसार से पूछ लिया-जनाब, आज 16 दिसम्बर है, सियाह तरीन दिन है जितना अफसोस किया जाए उतना कम है। क्या कहेंगे? गेस्ट सिर झुकाये कहते हैं, 'अ जी, मुझे सुबह से एकअजीब तरह का डिप्रेशन है।'**

बंद करके लोगों को यंत्रणाएं दी गई। ऐसा ही मामला बुर्के से चेहरा नहीं ढ़कने वाली महसा अमीनी का था। अमीनी की मौत से भडकी आक्रोश की चिंगारी ने दावानल का रूप धारण कर लिया। विरोध का यह मुद्दा न सिर्फ ईरान में बल्कि पूरे विश्व में फैल गया। कई देशों की महिलाओं और हस्तियों ने सार्वजनिक तौर पर बाल कटवा कर ईरान का विरोध किया। ईरान ने इस आंदोलन को दबाने के लिए हर तरह के हथकंडों का इस्तेमाल किया। हजारों लोगों के खिलाफ मुकदमें दर्ज किये गये। प्रदर्शनकारियों पर गोलियां बरसाई गई। ईरान में सुरक्षा बलों के हाथों करीब 380 प्रदर्शनकारी मारे गये। मृतकों में 47 बच्चे भी शामिल हैं। इन देशों के नागरिक अपनी तकलीफों और मानवाधिकारों को लेकर लंबे अर्से से कसमसा रहे हैं। कठोर कानून और निर्दयी शासन तंत्र के खौफ के बावजूद नागरिकों ने सडकों पर उतर कर प्रदर्शन करने का दुस्साहस दिखाया। हालांकि ईरान और चीन की कोशिश यही रही है कि अपने देश के नागरिकों पर चलाये गये दमन चक्र की सूचनाएं किसी भी तरह से देश से बाहर नहीं जाए, ताकि विश्वव्यापी बदनामी से बच सकें। इन देशों से आ रही सूचनाओं से जाहिर है कि मौजूदा शासन तंत्र से आजिज आ चुके लोगों ने मौत और सजा के भय के बावजूद सडकों पर प्रदर्शन कर सरकारों का जम कर विरोध किया। ईरान की तरह चीन ने भी पहले कोविड प्रतिबंधों के खिलाफ सडकों पर उतरे चीनी नागरिकों पर कानून की आड़ में पुलिस और सैन्य बलों का इस्तेमाल किया, किन्तु लंबे समय तक चीन भी अपने नागरिकों की आवाज को दबाने में सफल नहीं हो सका। चीन में कोरोना के मामले बीते दिनों तेजी से बढ़े और सरकार ने अपनी जीरो कोविड पॉलिसी को पूरे देश में सख्ती से लागू किया।

**- योगेंद्र योगी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कंठस्थ : राजभाषा की व्याप्ति का वरदान



- कुहू माधव
-भू गर्भ विज्ञान विभाग
बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
लंका, वाराणसी

भाषायी परतंत्रता सांस्कृतिक परतंत्रता का प्रस्थान बिन्दु है। भारत में सन 1947 में स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से ही हिंदी बनाम अंग्रेजी का संघर्ष जारी रहा। अंग्रेजी के पक्ष में बोलने वाले लोग उसकी सर्वव्यापकता, ग्राह्यता, वैश्विकता और ज्ञान-विज्ञान, तकनीक का विपुल विषय-भण्डार रखने को इसके महत्त्व का कारण बताते रहे तो हिंदी के पक्ष में बोलने वाले हिंदी के वैज्ञानिक भाषा होने, सबसे बड़ा जनाधार और भारत की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त होने को प्रमुख कारण बताते रहे। निःसन्देह ये तीनों ही कारण राजभाषा हिंदी की शक्ति हैं जिसके आधार पर तमाम विरोधों के बावजूद हिंदी अपनी उसी धार और तेवर के साथ टिकी रही और दस कदम आगे बढ़कर विश्व भाषा बनने की ओर भी अग्रसर हुई। कहने की आवश्यकता नहीं कि आज विश्व भर के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है। हिंदी बोली भी जा रही है और समझी भी जा रही है।

इसी दिशा में एक क्रान्तिकारी पहल करते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधीन राजभाषा विभाग ने हिंदी को और अधिक लोकप्रिय तथा सर्वव्यापी बनाने के लिए 'कंठस्थ' नामक ऐप विकसित किया है जो गूगल की तरह ही अंग्रेजी से हिंदी और आवश्यकता पड़ने पर हिंदी से अंग्रेजी में तुरन्त अनुवाद कर देने की एक अद्यतन तकनीक है। 'कंठस्थ' की टैग लाइन ही है 'अनुवाद सारथी'। यानी अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद की एक अत्याधुनिक प्रणाली। स्मृति आधारित अनुवाद टूल 'कंठस्थ' के आ जाने से राजभाषा हिंदी के अनुप्रयोग या व्यापक स्वीकार्यता के गवाक्ष खुले हैं। इस तकनीक के उपयोग में दूसरी भाषा के शब्दों के प्रयोग से कोई परहेज नहीं किया गया है। कुछ शब्द ज्यों के त्यों अंग्रेजी से हिंदी में लिप्यान्तरित कर दिए गये हैं- जैसे- ट्रांसलेशन मेमोरी जिसका संक्षिप्तीकरण टीएम किया गया है। यह टीएम मशीन साधित अनुवाद प्रणाली का एक भाग है जिससे अनुवाद करने में सहायता मिलती है। वस्तुतः टीएम एक डेटाबेस है जिसमें स्रोत भाषा के वाक्य और जिस भाषा में अनुवाद अपेक्षित है, दोनों एक साथ रहते हैं, ताकि एक ही स्थान पर दोनों को देखा जा सके। ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित इस प्रणाली की मुख्य विशेषता यह भी है कि पहले से किये गये अनुवाद का किसी नई फाइल के अनुवाद के लिए पुनः प्रयोग किया जा सकता है। यदि अनुवाद की नई फाइल का वाक्य टीएम के डेटाबेस से पूर्णतः या आंशिक रूप से समानता रखता है तो सिस्टम उस वाक्य के अनुवाद को अपने टीएम से स्वतः ले लेता है और अनुवादक की मदद करता है तथा अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद की प्रक्रिया को सरल बनाता है। 'कंठस्थ' की अन्य कई विशेषताएं उसे गूगल या संजाल से थोड़ा अलग तथा महत्त्वपूर्ण बना देती हैं। यह कहा जा सकता है कि कंठस्थ इण्टरनेट की दुनिया की अनेक विशेषताओं को अपने में समाहित करते हुए उसका और अधिक विकसित स्वरूप प्रस्तुत करता है। उदाहरण के लिए 'कंठस्थ' में स्मार्ट चैटबाक्स, तुरन्त अनुवाद, सूचनाएँ (नोटिफिकेशन), फाइल शेयर करना, विभिन्न फाइल-एक्सटेंशन का समर्थन, न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन विकल्प, स्थानीय के साथ-साथ वैश्विक टीएम का निर्माण, आटोमैटिक स्पीच रिकॉग्निशन, द्विभाषिक फाइल भेजना या प्राप्त करना, वाक्यांश खोज और अन्त में गुणवत्ता की जांच करने जैसी विशेषताएं 'कंठस्थ' को संजाल की दुनिया में एक अलग पहचान देती हैं। अब इसकी कुछ विशेषताओं पर चर्चा करना भी आवश्यक है ताकि 'कंठस्थ' को समझा जा सके। चैटबाक्स स्क्रीन के नीचे दाईं ओर होता है जहां उपयोग करने वाला व्यक्ति लॉग-इन करने के बाद देख सकता है। यह चैटबाक्स 'कंठस्थ' की कार्य क्षमता या उसके बारे में जानने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है, जहाँ चैटबॉक्स आइकन पर क्लिक करने से यह खुल जाता है और आगे बढ़ने के कई विकल्प प्रदान करता है। अपनी जिज्ञासा के अनुसार उपयोगकर्ता अपने प्रश्नों का समाधान ढूंढ़ सकता है। तुरन्त अनुवाद की कंठस्थ की विशेषता इस तरह है कि यदि प्रयोगकर्ता फोल्डर आदि नहीं बनाना चाहता तो इस बटन के द्वारा सीधे ही फाइल का अनुवाद कर सकता है। इसके लिए प्रयोगकर्ता स्क्रीन पर बने बॉक्स में अपनी विषय-वस्तु लिखे अथवा कॉपी करे और एडिटर वाले बटन पर क्लिक करे। फाइल एडिटर में खुल जाती है और वहां से तुरन्त अनुवाद प्राप्त हो सकता है। इसी प्रकार 'कंठस्थ' स्क्रीन पर कोई प्राप्त सूचना, संदेश, प्रेषित फाइल के बारे में अद्यतन जानकारी लेने के लिए नोटिफिकेशन आइकन पर क्लिक करते हैं। फाइल किसी के साथ शेयर करने का विकल्प भी आन्तरिक नेटवर्क या ई मेल के द्वारा किया जा सकता है। शेयर बटन पर क्लिक करने के बाद प्राप्तकर्ता का ई.मेल आई डी. लिखकर भेजा जा सकता है। स्थानीय और वैश्विक टीएम के निर्माण के अन्तर्गत वाक्यों को उनके अनूदित रूप के साथ क्रमबद्ध ढंग से सुरक्षित रखा जाता है ताकि भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर इनका प्रयोग किया जा सके। न्यूरल मशीन ट्रान्सलेशन एक ऐसा सशक्त विकल्प है कि यदि फजी सर्च से खोजने पर भी कोई शब्द नहीं मिलता है तो न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन के माध्यम से उसका वैकल्पिक शब्द तैयार मिलता है। कंठस्थ फजी सर्च की तुलना में अधिक तेज गति से काम करता है, साथ ही नये वाक्यों के लिए अधिक सटीक है। स्पीच रिकॉग्निशन आज के समय की एक महत्वपूर्ण तकनीक है। प्रायः स्मार्ट मोबाइल में बोलकर टंकित करने की सुविधा विद्यमान रहती है। उसी प्रकार 'कंठस्थ' में भी आटोमैटिक स्पीच रिकॉग्निशन है जो किसी व्यक्ति द्वारा बोले गये शब्दों या वाक्यों को इनपुट की तरह लेकर उसे डिजिटल या लिखित रूप में रूपान्तरित कर देता है। यह एक अत्यन्त सुविधाजनक तकनीक है क्योंकि बोलना टाइप करने की तुलना में अधिक तेज गति से हो सकता है, साथ ही वर्तनी या वाक्य की अशुद्धि से भी बचाता है। 'कंठस्थ' के माध्यम से द्विभाषिक फाइलों को एक ही वर्ड फाइल में डाउनलोड करके कहीं भी भेजा या प्राप्त किया जा सकता है। इस फाइल में स्रोत एवं अनूदित वाक्य क्रमवार विद्यमान होते हैं। अनूदित अंश की जाँच के लिए भी इस फाइल का प्रयोग किया जा सकता है। उसी तरह किसी द्विभाषिक फाइल को कंठस्थ पर अपलोड भी किया जा सकता है। वाक्यांश खोज के लिए भी 'कंठस्थ' पर विकल्प खुला होता है। वाक्यांश खोज नामक बटन पर क्लिक करने से एक बॉक्स खुलता है जिसमें वांछित शब्द या वाक्यांश लिखकर सर्च बटन को क्लिक करने से वह शब्द या वाक्यांश उपलब्ध होने पर एडिटर पर चिन्हांकित हो जाता है। अन्त में गुणवत्ता जांच के बटन पर क्लिक करते ही स्क्रीन पर विराम चिन्ह आदि जैसी छूटी हुई त्रुटियों की ओर 'कंठस्थ' संकेत करता है। आंशिक अनुवाद, अधूरा अनुवाद, छोड़ दिया गया अनुवाद आदि की ओर भी यह इंगित करता है। कहाँ कॉमा, डॉट, हलंत आदि छूटा हुआ है, वे सभी त्रुटियाँ 'एरर' वाले बॉक्स में दिखाई पड़ने लगती हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें जो भी विषय-सामग्री ग्लोबल मेमोरी में जाएगी वह सुरक्षित हो जाएगी। वहीं गूगल का कोई हिंदी मैटर इस पर नहीं आ पायेगा क्योंकि यह एक स्वतन्त्र प्लेटफार्म है जिससे किसी भी तरह का अनुवाद किया जा सकता है। इसका उपयोग वैश्विक स्तर पर लोग कर सकते हैं। 'कंठस्थ' राजभाषा हिंदी सेवियों के लिए एक वरदान की तरह है, जहां शब्दों या अनुवाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और मानक हिंदी के प्रयोग के साथ ही हिंदी भाषा का समुचित प्रचार प्रसार और व्यवहार सभी लोग कर सकेंगे। अब किसी के पास यह कहने की विवशता नहीं रहेगी कि अमुक शब्द का वैकल्पिक या पर्यायवाची शब्द ढूंढ़े से नहीं मिल रहा। राजभाषा हिंदी की सम्यक प्रतिष्ठा के लिए 'कंठस्थ' एक अत्याधुनिक तकनीक है। हमें इसे खुले दिल से अपनाना है।

# सर्दियों में इम्यूनिटी मजबूत रखेगा मूली का जूस



सर्दियों के मौसम ने दस्तक दे दी है, इस मौसम में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। ऐसे में यदि आप खुद दो स्वस्थ रखना चाहते हैं तो डाइट में कुछ हैल्दी चीजें शामिल कर सकते हैं। मौसमी सब्जियों और फलों को आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। मूली का सेवन आप सर्दियों में कर सकते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, आयोडीन, फास्फोरस, विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा आप मूली का जूस बनाकर पी सकते हैं। मूली का जूस पीने से आपकी इम्यूनिटी पॉवर मजबूत होती है। सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। ऐसे में आप मूली का जूस बनाकर पी सकते हैं। इसमें विटामिन-सी पाया जाता है जो आपका मौसमी बीमारियों से बचाव करती है।

**कंट्रोल रहेगा ब्लड प्रेशर :** यदि आपका ब्लड प्रेशर कम रहता है तो आप डाइट में मूली का जूस शामिल कर सकते हैं। इससे आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा। मूली में पाया जाने वाला सोडियम आपके शरीर में से नमक की कमी पूरी करने में मदद करता है जिससे आपके शरीर में नमक की कमी नहीं होती।


**पाचन स्वस्थ :** मूली का जूस पीने से आपका पाचन तंत्र भी मजबूत रहता है। इससे आपको गैस, अपच, एसिडिटी समस्याओं से भी राहत मिलती है। नियमित मूली का जूस पीने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। मूली के जूस में फाइबर की काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है जो आपके पाचन संबंधी दिक्कतें दूर करती है।

**वजन करे कम :** मूली का जूस पीने से आपका वजन भी कम होता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर लंबे समय तक आपका पेट भरा हुआ रखता है जिससे आपका पेट भी भरा हुआ रहता है। यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो मूली के जूस को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**स्किन संबंधी समस्याएं करे दूर :** मूली का जूस पीने से स्किन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। खुजली, रैशेज और पिंपल्स जैसे परेशानियों को भी दूर करने में भी मूली का जूस बहुत ही फायदेमंद होता है। मूली का जूस पीने से खून साफ होता है। यह आपकी त्वचा को हैल्दी रखने में मदद करता है।

# मिल सकती है भगवान की कृपा

## क्या है मानस पूजा व इसकी विधि



मानस पूजा में किसी भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं होती है। इस पूजा में भगवान की पूजा भाव से की जाती है, मानस पूजा में मन ही मन अपने आराध्य को पुष्प, दीप, नैवेद्य अर्पित किया जाता है। यह पूजा की सबसे उत्तम विधि मानी जाती है। धार्मिक ग्रंथों में मानस पूजा को सबसे उत्तम बताया है। शास्त्रों के अनुसार यह पूजा सबसे अच्छी विधि है। किसी भी पूजा में आप कितनी भी सामग्री अर्पित कर लें कितने भी जाप कर लें अगर आप मन और भाव से पूजा नहीं करते तो उसका फल नहीं प्राप्त होता है। कहते हैं भगवान भाव के भूखे होते हैं भौतिक वस्तुओं के नहीं, मानस पूजा में प्रभु की आराधना भावना से की जाती है। मानस पूजा में अपने इष्टदेव को श्रद्धा और भक्ति अर्पित की जाती है।

**क्या है मानस पूजा :** मानस पूजा में सच्ची श्रद्धा और भक्ति की आवश्यकता होती है। मानस पूजा में भक्त अपने इष्टदेव को मन ही मन स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान करता है उन्हें मोतियों और मणियों की माला समर्पित करता है भावना से गंगा जल से प्रभु को स्नान कराता है अलौकिक आभूषण और वस्त्र समर्पित करता है सुगन्धि का अनुलेपन करता है, इष्टदेव को स्वर्ण कमल अर्पित करता है। इसके पश्चात भावना से अमृत के समान नैवेद्य और धुप दीप समर्पित करता है। और तीनों लोकों में उपस्थित सभी पूजा योग्य वस्तुओं को श्री भगवान को समर्पित करता है। इस तरह बिना किसी भौतिक वस्तु मानस पूजा संपन्न की जाती हैं। इसके पश्चात भक्त भगवान से मन ही मन पूजा में हुई त्रुटियों के लिए क्षमा मांगता है।

### मानस पूजा की विधि पुराणों के अनुसार

- हे प्रभु मैं आपको पृथ्वी रूपी गंध समर्पित करता हूं।
- हे प्रभु मैं आपको आकाशरूपी पुष्प अर्पित करता हूं।
- हे प्रभु मैं आपको वायु रूपी धूप अर्पित करता हूं।
- हे प्रभु मै आपको अग्नि रूपी दीप अर्पित करता हूं।
- हे प्रभु मै आपको अमृत रूपी नैवेद्य का निवेदन करता हूं ।
- हे प्रभु मैं आपको संसार में उपस्थित सभी उपचारों को अर्पित करता हूं।

**मानस पूजा से लाभ।** मानस पूजा से आपको मानसिक शांति मिलती है और अपने इष्टदेव से सानिध्य की अनुभूति होती है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार मानस पूजा का फल कई हजार गुना होकर मिलता है। मानस पूजा से आपको सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है और आध्यमिकता की अनुभूति होती है।

# कैसे करें लेदर बैग की सफाई

लेदर बैग का इस्तेमाल सबको पसंद है लेकिन इनकी खास देखभाल करनी पड़ती है कभी आपकी लापरवाही के कारण आपके फेवरेट कीमती लेदर बैग पर दाग लग जाता है और आप परेशान हो जाते हैं इस दाग से छुटकारा पाने के लिए। आज हम आपको लेदर बैग के दाग छुड़ाने के लिए ऐसे आसान टिप्स बताने वाले हैं जिनसे आपका लेदर बैग एकदम क्लीन हो जायेगा। लेदर बैग्स हमेशा से ही सबकी पसंद होते हैं। इसको महिलाओं के साथ ही पुरुषों भी इस्तेमाल करते हैं। खासकर लेड़ीज कई तरह के स्टाइलिस्ट लेदर बैग कैरी करना पसंद करती हैं। ऑफिस पर्पज के लिए अलग बैग, पार्टी या फंक्शन के लिए अलग बैग



कैरी करना पसंद होता है। यह दिखने में क्लासी होते हैं और किसी भी ड्रेस के साथ मैच करते हैं। अगर आपके फेवरेट लेदर बैग पर किसी तरह का दाग है तो परेशान होने की आवश्यकता नहीं है आज हम आपको कुछ ऐसे आसान उपाय बताने वाले हैं जिससे आप इन दागों से छुटकारा पा सकते हैं।

**गंदगी और डिस्कलरेशन :** अगर आपका लेदर हेंड बैग डेली यूज के कारण गंदा हो गया है और कलर भी फेड लग रहा है तो हेयर स्प्रे से आराम से छुड़ा सकती हैं। आप हेयर स्प्रे को बैग पर स्प्रे करें। फिर इसको कॉटन से साफ कर दें। आपका लेदर बैग एकदम नए जैसा चमक जायेगा।

**स्याही के दाग :** अगर ऑफिस में कामकाज के दौरान आपके लेदर बैग पर इंक का दाग लग गया है तो आपको टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। आप बस रबिंग अल्कोहल ले इसमें कॉटन बॉल डुबो लें और दाग वाली जगह पर लगा दें और थोड़ी देर रब करें या तब तक रब करें जब तक दाग साफ नहीं हो जाता।

**ग्रीस के दाग :** अगर आपके फेवरेट लेदर बैग पर ग्रीस का दाग लग गया है तो आप किसी साफ कॉटन के कपड़े से ग्रीस के दाग वाले हिस्से को तब तक रगड़े जब तक दाग निकल ना जाए। ग्रीस के दाग पर टेलकम पाउडर छिड़क दे और फिर किसी सॉफ्ट कपड़े से दाग निकालें। ग्रीस के दाग को पानी से नहीं छुड़ाया जा सकता।

**कैसे करें लेदर बैग की देखभाल :** लेदर बैग की चमक बनाये रखने के लिए बैग की देखभाल जरूरी होती है। इसके लिए आप अलसी का तेल लें और इसमें इसका आधा भाग डिस्टिल्ड व्हाइट विनेगर मिक्स करें। इसको पूरे लेदर बैग पर रब करें थोड़ी देर इसको लगा रहने दें फिर कपड़े से पोंछ कर साफ कर दे। यह उपाय केवल लेदर बैग के लिए है। यह आपके लेदर बैग को मजबूत भी बनाता है।

### सावधानियां

- **बैग को कभी भी गंदे हाथों से ना छुएं इससे आपके बैग पर गंदगी आ सकती है। अगर आप बैग में मेकअप भी कैरी करती हैं तो कभी भी मेकअप जैसे फाउंडेशन या कोई क्रीम वाले हाथों से बैग को टच करने से बचें।**
- **बैग को क्लीन करने के लिए अल्कोहल या साबुन का इस्तेमाल ना करें यह लेदर को डैमेज कर सकते हैं।**
- **बैग पर कभी किसी तरह के वाशिंग पाउडर का इस्तेमाल ना करें इससे लेदर बैग का कलर फेड हो सकता है।**
- **बैग की चमक बनाये रखने के लिए लेदर कंडीशनर का यूज करें।**

# 12 महीने के बच्चे के लिए कैसे बनायें पोषण से भरपूर डाइट प्लान

बच्चों की ग्रोथ बहुत तेजी से होती है और तेजी से बढ़ते बच्चे को ज्यादा पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। 6 महीने तक माँ के दूध से ही बच्चे में सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो जाती है लेकिन इसके बाद बच्चे की भूख भी बढ़ती है और उसे पूरक आहार की आवश्यकता होती है। यदि आपका बच्चा भी 12 महीने का हो गया है तो आप उसकी डाइट में कुछ चेंज करके उसे पोषण युक्त आहार देना शुरू कर सकते हैं। 6 महीने के बाद बच्चों को माँ के दूध से सभी पोषक तत्वों पूर्ति नहीं हो पाती है। 6 महीने से अधिक के बच्चों को अन्य ठोस आहार की भी आवश्यकता होती है जिससे उनका शारीरिक विकास पूर्ण रूप से हो सके। यदि आप 6 महीने के बाद भी बच्चे को ठोस आहार देना शुरू नहीं करते हैं तो उनकी इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और उनका शारीरिक विकास रुक जाता है।

**चावल-दाल :** 12 महीने के बच्चे को दाल और चावल खिला सकते हैं। दाल और चावल को अच्छी तरह से पका लें। इसमें थोड़ा सा देशी घी डाल कर अच्छी तरह से मैश करिये और बच्चे को खिलाएं। चावल और दाल से बच्चे को प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट और कई तरह के विटामिन्स की पूर्ति होगी, देशी घी बच्चे के शारीरिक विकास में सहायक होगा। बच्चे को चावल दाल थोड़ी मात्रा में खिलाएं।



**मैश फ्रूट्स :** 6 से 12 महीने तक का बच्चा किसी भी भोजन को अच्छे से चबा नहीं सकता है इसलिए आप कोई भी सॉफ्ट फ्रूट मैश करके खिला सकते हैं, उबले आलू भी बच्चे की सेहत के लिए सही है मैश आलू को बच्चे की डाइट में शामिल किया जा सकता है। पका मैश केला भी बच्चे के लिए बेस्ट ऑप्शन है इसके साथ ही अन्य सॉफ्ट फ्रूट भी मैश करके बच्चे को खिला सकते हैं।

**वेजिटेबल खिचड़ी :** वेजिटेबल खिचड़ी से बच्चों को हर तरह की सब्जियों के पोषक तत्वों की प्राप्ति होगी और इसको बच्चा आसानी से खा भी सकता है। वेजिटेबल खिचड़ी से बच्चे को कई प्रकार के विटामिन्स, प्रोटीन्स और मिनरल्स की प्राप्ति होगी जो उनकी ग्रोथ के लिए हेल्पफुल है।

**एप्पल पाई :** बच्चे सॉफ्ट फ्रूट्स को तो मैश करके खा सकते हैं लेकिन सेब जैसे फ्रूट्स को 12 महीने का बच्चा नहीं खा सकता है। सेब में आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए जरुरी है इसके लिए आप सेब की पाई बनाकर बच्चे को दे सकते हैं। एप्पल पाई बनाना भी आसान है।

**घर का बना पनीर या अंडे की जर्दी :** 12 महीने का बच्चा अंडे की जर्दी का छोटा सा भाग खिला सकते हैं। घर का बना पनीर भी कम मात्रा में दे सकते हैं।

# महिलाएं कैसे कर सकती हैं माइल्ड स्ट्रोक से बचाव

माइल्ड स्ट्रोक की परेशानी पुरुषों और महिलाओं दोनों में देखी जाती है सेण्टर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार कुछ लक्षणों के आधार पर माइल्ड स्ट्रोक का पता लगाया जा सकता है। इन लक्षणों के माध्यम से आप आने वाले माइल्ड स्ट्रोक के खतरे को टाल सकते हैं। इस लेख के द्वारा हम आपको आज इन लक्षणों के बारें में जानकारी दे रहें हैं। स्ट्रेस भरी लाइफ और गलत खान-पान के कारण माइल्ड स्ट्रोक के मामले बढ़ते जा रहे है। माइल्ड स्ट्रोक से पहले आपकी बॉडी आपको कुछ संकेत देती है। माइल्ड स्ट्रोक जिसे मिनी स्ट्रोक भी कहा जाता है मेडिकल भाषा में इसे ळक्अ ३१ंल्लश्रील्ल३ ⁄ श्ॅ ं३ॅं कहा जाता है। इसमें दिमाग के किसी एक हिस्से में ब्लड सप्लाई ठीक से नहीं हो पाती जिससे दिमाग की नसों में ब्लॉकेज, फैट या कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाता है जिससे ब्लड सकुर्लेशन में बाधा आती है। माइल्ड स्ट्रोक में माइंड ब्लड सकुर्लेशन 5 मिनट से ज्यादा के लिए बाधित हो सकता हैं। ब्लड की कमी भी माइल्ड स्ट्रोक का कारण होती है। अगर समय रहते इसका इलाज नहीं करते है तो आगे चलकर यह हेमोरेजिक स्ट्रोक का रूप भी ले सकते हैं। स्थिति गंभीर होने पर ब्रेन डेड की समस्या हो सकती है।

### महिलाओं में माइल्ड स्ट्रोक के लक्षण

**अचानक धुंधला दिखाई देना या कम दिखाई देना**
**किसी भी बात को याद ना रख पाना**
**चक्कर आना**
**तेज सिर दर्द होना**
**अंगो का सुन्न पड़ जाना शरीर के एक हिस्से या चेहरे पर**
**थकान और कमजोरी**

### माइल्ड स्ट्रोक से बचाव

**अगर आप डाइबिटिक हैं तो अपना शुगर लेवल बैलेंस रखें**
**मसालेदार और जंक फूड से परहेज करें**
**जो महिलाएं धूम्रपान करतीं हैं उनको धूम्रपान से परहेज करना चाहिए क्योकि यह भी आपके ब्रेन्स ब्लॉकेज का कारण हो सकता है**
**रोजाना वर्क आउट करें**
**योग मेडिटेशन का अभ्यास माइल्ड स्ट्रोक की समस्या से बचाव करने में हेल्पफुल है**
**फलों और सब्जियों को अपने डेली डाइट में शामिल करें**
**ब्लड प्रेशर बैलेंस बनायें रखें**
**कोलेस्ट्रॉल बढ़ने ना दें**
**इसके अलावा अगर आपको कोई माइल्ड स्ट्रोक के लक्षण दिखतें हैं तो आप तुरंत डॉक्टर की सलाह लें**

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आएगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**मिथुन राशि :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।

**कर्क राशि :** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान हो सकता है।

**सिंह राशि :** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा।

**तुला राशि :** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। पिता का सानिध्य मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** मन में नकारात्मकता से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिल सकता है।

**धनु राशि :** कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर भी जाना हो सकता है। वाहन सुख का लाभ मिलेगा।

**मकर राशि :** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ राशि :** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मीन राशि :** कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थिति से बचें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### भूटान पर चीन की नजर

**बीजिंग।** तकरीबन आठ लाख की आबादी वाले भूटान से चीन का सीमा विवाद मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों पर तो रहा है लेकिन पूर्वी क्षेत्र पर कभी कोई बात ही नहीं हुई। यहां तक कि चीन और भूटान की उच्च स्तर की 24 वार्ताओं में भी कभी इसका जिक्र नहीं किया गया। 2020 में यह स्थिति अचानक बदल गयी जब वैश्विक पर्यावरण सुविधाओं पर आधारित एक बैठक में चीन ने यह दावा कर सबको अचरज में डाल दिया कि पूर्वी भूटान में स्थित सकतेंग वन्य जीव अभयारण्य को किसी अंतरराष्ट्रीय परियोजना में इसलिए शामिल नहीं किया जा सकता क्योंकि यह चीन और भूटान के बीच विवादित क्षेत्र है।

### भूकंप के तेज झटके से थर्राया कैलिफोर्निया



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में भूकंप के झटके महसूस किये गये। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह उत्तरी कैलिफोर्निया के तट पर 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, भूकंप विज्ञानियों के मुताबिक सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप इतना तेज था कि शहर में एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी। सैन फ्रांसिस्को के 215 मील (350 किमी) उत्तर में आये भूकंप के कारण शहर में गैस रिसाव भी हुआ, बिजली की लाइनें गिर गयीं। हालांकि, भूकंप से किसी मौत की जानकारी नहीं है।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड की नहीं होगी सीबीआई जांच

**नैनीताल।** अंकिता भंडारी हत्याकांड की नहीं सीबीआई जांच



को लेकर उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच नहीं होगी। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही एसआईटी जांच पर संतोष जताया है। हालांकि, इस फैसले के बाद अंकिता के परिजनों को झटका लगा है। अंकिता के परिजन, सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल लगातार सीबीआई जांच कराने की मांग कर रहे थे।



# लद्दाख में कड़ाके की ठंड, जम गये नदी-नाले और झरने

## पहाड़ों पर बर्फ की मोटी-मोटी चादरें आ रही है नजर

**एजेंसी। श्रीनगर**

कश्मीर और लद्दाख में सबसे ठंडे मौसम की शुरुआत हो गयी है। इन दोनों क्षेत्रों में 21 दिसम्बर से लेकर 31 जनवरी तक सबसे ठंडा मौसम रहता है। 40 दिन तक चलनेवाले इस मौसम को चिल्ला कलां कहते हैं। इस मौसम में लद्दाख के सभी नदी, नाले और झरने जम जाते हैं और तापमान माइनस 20 डिग्री तक लुढ़कता है और द्रास में तापमान माइनस 40 डिग्री तक लुढ़क जाता है। श्रीनगर में तापमान माइनस चार डिग्री तक पहुंच जाता है। इस मौसम की शुरुआत के साथ ही श्रीनगर में भी झील-झरने धीरे-धीरे जमने शुरू हो गये हैं। हालांकि, कश्मीर और लद्दाख में भारी बर्फबारी नहीं हुई है जबकि कड़ाके की ठंड की शुरुआत हो चुकी है। लद्दाख में नदी, नाले और झरने जमने से चारों ओर बर्फ की चादर नजर आ रही है। पहाड़ों पर बर्फ की मोटी-मोटी चादर नजर आ रही है जो देखने में बेहद सुंदर लग रही है। वहीं, श्रीनगर में भी नदी के ऊपर हल्की-हल्की बर्फ जमने लगी है।

### कैसा रहेगा अगले कुछ दिन तापमान?

**श्रीनगर** में बुधवार को न्यूनतम तापमान -4 डिग्री और अधिकतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, 22 और 23 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान -4 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। अगर अधिकतम तापमान की बात करें तो ये 12 डिग्री रहेगा। 23 से 27 दिसम्बर के बीच न्यूनतम तापमान -2 से -5 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। अधिकतम तापमान 8 से 12 डिग्री तक रहने के आसार है।

# समुद्र के भीतर ही दुश्मन का खेल खल्लास करेगी आईएनएस वागीर

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय नौसेना को पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी वगीर प्राप्त हुई, जिसे अगले महीने सेवा में शामिल करने की योजना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस पनडुब्बी को सेवा में शामिल किये जाने से नौसेना की लड़ाकू क्षमता ऐसे वक्त में बढ़ने वाली है, जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि वगीर ने एक फरवरी से समुद्री परीक्षण शुरू किया था और यह बहुत गर्व की बात है कि उसने सभी महत्वपूर्ण परीक्षण पूरे कर लिये हैं।

परियोजना-75 में स्कॉर्पीन डिजाइन की छह पनडुब्बियों का स्वदेशी निर्माण शामिल है। इन पनडुब्बियों का निर्माण मैसर्स नेवल ग्रुप, फ्रांस के सहयोग से मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) मुंबई में किया जा रहा है। 12 नवम्बर 2020 को लॉन्च की गयी वागीर ने 01 फरवरी 2022 से समुद्री परीक्षण शुरू किया था और यह बहुत गर्व की बात है कि उसने समय से पहले ही अन्य पनडुब्बियों की तुलना में कम से कम वक्त में हथियार और सेंसर परीक्षणों सहित सभी प्रमुख परीक्षणों को पूरा कर लिया।

### ये है मुख्य खासियत



**आईएनएस** वागीर कलवारी क्लास डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन है। इसकी गति पानी के ऊपर करीब 20 किलोमीटर प्रतिघंटा और पानी के अंदर 37 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 15 से 30 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर सकती है। यह लगातार 50 दिनों तक पानी के अंदर रह सकती है और 350 फीट की समुद्र की गहराई तक जा सकती है। इसके जरिये 18 एसयूटी टारपीडोज और एसएम .39 एक्सोसेट एंटीशिप मिसाइल को लांच किया जा सकता है। यह पानी के अंदर समुद्री सुरंग भी बिछा सकती है। एक बार में 30 समुद्री सुरंग बिछाने की क्षमता है। यह दुश्मनों पर अटैक करने के साथ उनकी जासूसी भी कर सकती है। इसकी लंबाई, चौड़ा और ऊंचाई क्रमशः 221 फीट, 20 फीट और 40 फीट है। यह एंटी टारपीडो काउंटर मेजर सिस्टम से भी लैस है। पानी के अंदर से ही मिसाइल लांच करने की क्षमता है।

## ईडी की चार्जशीट में खुलासा, सिसोदिया को दिये थे 82 लाख

**नयी दिल्ली।** कथित शराब घोटाले में आरोपी कारोबारी दिनेश अरोड़ा को आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने दिल्ली चुनाव के लिए फंड जुटाने को कहा था। ईडी की ओर से कोर्ट में पेश चार्जशीट में यह बात कही गयी है। ईडी ने चार्जशीट में कहा है कि दिनेश अरोड़ा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी हैं और विजय नायर के साथ मिलकर काम कर रहे थे। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक ईडी ने चार्जशीट में कहा, "वह (दिनेश अरोड़ा) शुरुआत में संजय सिंह से मिले और उनकी मदद से मनीष सिसोदिया के संपर्क में आये। यह मुलाकात अरोड़ा के ही रेस्टोरेन्ट कोर्टयार्ड में हुई थी। संजय सिंह के कहने पर अरोड़ा ने कई रेस्टोरेन्ट मालिकों से बात की और आगामी दिल्ली चुनाव के लिए 82 लाख रुपये के चेक जुटाये (सिसोदिया को सौंपे)। जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया कि संजय सिंह ने दिनेश अरोड़ा का एक मुद्दा भी सुलझाया, जो आबकारी विभाग में लंबित था।

# हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ी भारी भीड़



### महिलाओं और बच्चों से मिले राहुल गांधी, लिया हालचाल

### यात्रा को देखने के लिए घरों की छतों पर चढ़े लोग

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की एंट्री हो गयी है। इस यात्रा में हमेशा गुटबाजी का शिकार रहनेवाली हरियाणा कांग्रेस के सभी नेता यात्रा में एक दिखायी दिये। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा भी राहुल के साथ पैदल यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने महिलाओं और बच्चों से मुलाकात कर हालचाल जाना। वहीं, यात्रा को देखने के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़े।

# भीषण सड़क हादसे में 15 स्कूली छात्रों की मौत



**एजेंसी। इंफाल**

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया है। खबर है कि दुर्घटना में कई स्कूली छात्रों की मौत हो गयी है। साथ ही कई बस सवार गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। कहा जा रहा है कि हादसा बच्चों को टूर पर ले जान के दौरान हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा लोंगसाई तुबुंग गांव के पास विष्णुपुर-खोपम रोड पर हुआ है। इस सड़क हादसे में कम से कम 15 छात्रों की मौत की आशंका जतायी जा रही है। फिलहाल, हादसे में मौत का आंकड़ा साफ नहीं हो सका है। थंबलनु हायर सेकेंडरी के छात्रों को दो बसें स्टडी टूर पर ले जा रही थीं।

# पंजाब में नशा तस्कर और बीएसएफ के बीच मुठभेड़

**एजेंसी। लुधियाना**

पंजाब के जिला फाजिल्का में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर नशा तस्कर के साथ बीएसएफ जवानों की मुठभेड़ हो गयी। घने कोहरे का फायदा उठा तस्कर पाकिस्तान की तरफ फरार हो गये। दरअसल, बीएसएफ के जवान गश्त कर रहे थे कि इस बीच उन्हें सीमा पर हलचल लगी। जवानों ने जैसे ही मोर्चा संभाला तो नशा तस्कर ने उन पर फायरिंग की। फायरिंग का जवाब देते हुए जवानों ने भी गोलियां चलायी। इस बीच नशा तस्कर भाग गया।



**हेरोइन के पैकेट छोड़ भागा तस्कर** : आरोपी ड्रग तस्कर नशा तस्करी के लिए इस्तेमाल करनेवाली पाइप और हेरोइन के पैकेट्स वहीं छोड़ फरार हो गया। बॉर्डर एरिया में नशा तस्करी की यह कोई पहली घटना नहीं है। अक्सर इन दिनों में कोहरे का फायदा उठा नशा तस्कर डिलीवरी देने भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश में रहते हैं। ड्रोन का भी सहारा लेकर भी ड्रग की सप्लाई की जा रही है। बुधवार को जवानों ने एक पाइप और 25 किलो हेरोइन बरामद की है।

# यूनिवर्सिटी में नहीं पढ़ सकेंगी लड़कियां

### अफगानिस्तान में तालिबान ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान में निजी और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में महिलाओं के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से और अगली सूचना आने तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। तालिबान सरकार की एक बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गयी। उच्च शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जियाउल्लाह हाशमी द्वारा साझा किये गये पत्र में निजी और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को प्रतिबंध जल्द से जल्द लागू करने और प्रतिबंध लगाने के बाद मंत्रालय को सूचित करने को कहा है।






**कोविड-19** | विशेषज्ञों ने दी चेतावनी, हो सकता है एक नया म्यूटेशन

# चीन से पैदा होगा महासंक्रामक नया कोरोना वैरिएंट

### चीन में इस समय कोरोना ने मचा रखी है तबाही

### 80 करोड़ लोगों के संक्रमित होने का है खतरा

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन में कोरोना वायरस के महाविस्फोट से दुनिया सहमी हुई है। इस बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन में कोरोना की ताजा लहर से एक नया म्यूटेशन हो सकता है। इससे निकला वायरस वर्तमान ओमिक्रोन वेरिएंट से ज्यादा घातक होगा। चीन में इस समय कोरोना ने तबाही मचा रखी है और 80 करोड़ लोगों के संक्रमित होने का खतरा है। यही नहीं आनेवाले महीनों में 20 लाख लोग मारे जा सकते हैं। चीन के अस्पतालों में जहां मरीजों के लिए जगह नहीं बची है, वहीं मुर्दाघर भी भर गये हैं। कई जगहों पर लाशों को अंतिम संस्कार के लिए भी वेटिंग चल रही है। इस बीच चीन सरकार ने पूरे मामले में चुप्पी साध रखी है और यह भी नहीं बता रही है कि किन-किन इलाकों में प्रकोप है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि चीन को इस बारे में बताना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि हर जब इस तरह से वायरस इतने बड़े पैमाने पर फैलता है तो उसके म्यूटेट होने की आशंका बहुत ज्यादा रहती है और इससे दुनियाभर के लोगों के लिए खतरा पैदा हो जाता है।'



### जनवरी तक चल सकता है कोरोना का यह दौर

नेड प्राइस ने कहा कि वायरस से मरनेवालों की संख्या से दुनिया के अन्य देशों में चिंता है। यह न केवल चीन के लिए अच्छा है कि वह कोरोना के खिलाफ मजबूत हो बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों के लिए भी फायदेमंद है। अमेरिका ने कहा है कि वह चीन में कोरोना फैलने पर करीबी नजर रखे हुए है। इस बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि अभी जनवरी के अंतिम समय तक कोरोना वायरस का यह चरम दौर चल सकता है। चीन में अगर कोरोना म्यूटेट होकर और ज्यादा घातक होता है तो यह दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बुरी खबर होगी।

# 68 पेटी अवैध शराब जब्त

## सस्ती शराब को महंगी ब्रांड के बोतल में भर कर किया जाता था सप्लाई

## मौके से दो व्यक्ति गिरफ्तार और चार फरार हुए फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के कमड़े सरना टोली में पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से भारी संख्या में अवैध विदेशी शराब से भरी पेटी जब्त किया है। छापेमारी में तस्करी के लिए रखे लगभग 68 पेटी शराब से भरी पेटी बरामद किया गया है। जब्त शराब में रॉयल स्टेज विस्की के 10 पेटी, इम्पेरियल ब्लू विस्की 9 पेटी,स्टेरिंग रेसर्वे बी 6 पेटी तथा महाराजा रेयर विस्की की 43 पेटी शामिल है। इसके अलावा 11 सौ ढक्कन ,5 पत्ता बार कोर्ड दो मोबाइल व एक हिरोहोण्डा साइन मोटरसाइकिल जेएच01ईटी-9106 शामिल है। रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महता की नेतृत्व में की गई छापेमारी में दो लोगो को गिरफ्तार किया गया जिसमें अनूप सिंह व एक युवक शामिल है। दोनो रातू थाना क्षेत्र के कमड़े वृंदा नगर के रहने वाले हैं। वही पुलिस की छपेमारी होते देख तीन लोग फरार हो गये। फरार अभियुक्तों में अंकित कुमार गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, व सन्नी सिंह शामिल है। पूछताछ में गिरफतार आरोपी अनूप सिंह ने पुलिस को बताया कि मुख्य सरगना अंकित गुप्ता है। जो थाना क्षेत्र के कमड़े ऊपर टोला का रहने वाला है। अंकित पूर्व में भी नकली अवैध शराब का गोरख धंधा करने के आरोप में आरोपित है। पुलिस ने मकान मालिक को भी आरोपित बनाया है। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी कर रही है। हालांकि की सरकार की आरे से शराब पर काफी दबिश बनी हुई है लेकर हेराफरेरी करने वाले अभी तक मानने से बाज नहीं आर आ रहे हैं। आये दिन बिहार और झारखंड में शराबों का खेल खेला जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुआ शराब काफी जोरशोर से चलाया जा रहा है, जिससे लोगों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। लोग देसी शराब के चक्कर में आनी जान तक गवां रहे हैं। जिससे उनके परिवारों को काफी नुकसान पहुंच रहा है।

**सस्ती शराब को महंगी ब्रांड के बोतल में भर कर किया जाता था सप्लाई :** गिरफतार आरोपियों ने बताया कि सस्ता शराब खरीदने के बाद महंगे व ब्रांडेड बोतल में शराब को भर कर उसमें स्टिकर कवर लगाकर तथा झारखंड सरकार उत्पाद विभाग का बार कोड चिपका कर बिहारा व झारखंड के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता है। छापेमारी दल में नीतीश कुमार, हसनैन अंसारी, उज्ज्वल कुमार सिंह, गणेश साहू, मनोज कुमार चौबे व रामजीवन सिंह शामिल हैं।

## सांता क्लॉज बनकर छात्राओं ने बांटी मिठाई

**रांची।** निर्मला कॉलेज में क्रिसमस समारोह सह कॉलेज दिवस बुधवार को मनाया गया। इसमें छात्राओं ने प्रभु यीशु के जन्म को नाटक के रूप में पेश किया। छात्राओं ने प्रार्थना गीत भी गाया। मौके पर प्राचार्य डॉ सिस्टर ज्योति ने क्रिसमस की खुशियां साझा की। उन्होंने 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट पेश की और कॉलेज की अकादमिक उपलब्धियों की जानकारी दी। कॉलेज की छात्रा रुचिरा व रत्ना का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन होने की भी जानकारी दी गई। समारोह में बीसीए विभाग की कॉलेज टॉपर सोनी कुमारी को सिस्टर प्रिसिला मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं, कॉलेज के वार्षिक न्यूजलेटर निर्मला कम्युनिक का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम में सांता क्लॉज बनीं छात्राएं आकर्षण का केंद्र रहीं। जीबी सेक्रेटरी और सुपीरियर सिस्टर सुषमा बेक ने क्रिसमस संबोधन दिया।

# कुरमी/कुड़मी आदिवासी थे और रहेंगे : डॉ. लंबोदर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज बुधवार को कुरमी/कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने यह धरना विधानसभा परिसर में दिया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि हम और हमारी पार्टी लंबे समय से कुरमी/कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने को लेकर मुखर बनी हुई है और कई मंच पर इसको लेकर आवाज भी बुलंद किया जा चुका है। इसी क्रम में आज पुनः हमको धरना देना पड़ रहा है। कहा कि हाल ही में झारखंड ,पश्चिम बंगाल एवं ओड़ीसा राज्य में रहने वाले कुरमी/कुड़मी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में नई दिल्ली पहुंचकर एसटी सूची में शामिल करने की पुरजोर मांग संसद का घेराव कर भी किया है। इसमें हमारी भी भागीदारी रही है। हमने इस मुद्दे को लेकर पूर्व में भी कई मौके पर राज सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया भी है। उन्होंने कहा कि कुरमी / कुड़मी आदिवासी थे, आज भी आदिवासी हैं और कल भी आदिवासी बने रहेंगे। सरकार को हमें अनुसूचित जनजाति का दर्जा देना होगा। उन्होंने टीआरआई रिपोर्ट को झूठ का पुलिंदा बताया कहा कि इस रिपोर्ट पर तनिक भी यकीन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### फिशरीज कॉलेज में वार्षिक खेलकूद का हुआ आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के फिशरीज साइंस कॉलेज में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कॉलेज के नए परिसर में पहली बार आयोजित हुईं। इसमें 22 विद्यार्थियों का एक समूह बनाया गया और इन समूहों का नाम मछलियों के नाम पर किलर व्हेल, वाइट शार्क व गंगेटिक डॉलफिन रखा गया। प्रतियोगिताओं को तीनों समूहों के बीच आयोजित किया गया। इसमें क्रिकेट, कबड्डी, वालीबॉल, शतरंज, कैरम, जैवलीन, डिस्कस, शॉट पुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, टग ऑफ वार, खोखो और बैडमिंटन शामिल थे। प्रतियोगिता का आयोजन खेल कूद प्रभारी डॉ गुलशन, सह प्रभारी डॉ प्रसांत जना एवं शारीरिक शिक्षा के जीतेन्द्र कच्छप की निगरानी में किया गया। संचालन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारी का सहयोग रहा।

### योगदा सत्संग की 175 छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

रांची। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी (एनआईएएमटी), हटिया कैंपस में बुधवार को जेएसपी फाउंडेशन की ओर से योगदा सत्संग कॉलेज की 175 छात्राओं को शालु जिंदल के हाथों यशस्वी छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके छात्राओं के एक वर्ष की पढ़ाई का शुल्क फाउंडेशन देगा। बता दें कि, जेएसपी फाउंडेशन झारखंड की छात्राओं के लिए यशस्वी स्कॉलरशिप प्रोग्राम चला रहा है। जिसके तहत योगदा सत्संग कॉलेज की छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई।

### हत्या आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**रांची।** रांची के हिन्दपीढ़ी थानान्तर्गत एक हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पिछले 16 दिसम्बर को निजाम नगर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी। वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के निर्देश एवं पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । इस टीम द्वारा गुप्त सूचना एवं तकनीकी शाखा के सहायता से आरोपी मो0 मुस्ताक आलम उर्फ मोटुवा एवं आरोपी शाहिल उर्फ चरका को गया बिहार से गिरफ्तार किया । आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है तथा उसके निशानदेही पर बच्चा कब्रिस्तान के बगल में नदी से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद एवं जब्त किया गया है।

### संसदीय समिति की बैठक में सांसद संजय सेठ ने लिया हिस्सा

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने लोकसभा के अधीनस्थ आयुष

# खोरठा दिवस पर सम्मानित होंगे साहित्यकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खोरठा दिवस पर सम्मानित होंगे भाषा के विकास में योगदान देनेवाले झारखंड खोरठा साहित्य-संस्कृति परिषद के तत्वाधान में खोरठा दिवस के अवसर पर श्री निवासपानुरी के 102 वें वर्षगांठ समारोह का आयोजन 25 दिसंबर को रामगढ़ जिले के कांकेबार बाईपास स्थित पटेल छात्रावास में पूर्वाहन दस बजे से अपराहन एक बजे तक किया जाएगा। समारोह में परिषद द्वारा खोरठा भाषा, साहित्य, कला -संस्कृति व पत्रकारिता के क्षेत्र में खोरठा भाषा- भाषियों को विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।इसको लेकर चयन समिति की हुई अंतिम बैठक में निर्णय लिया गया है।चयन समिति द्वारा सम्मान का नाम एवं सम्मानित होने वाले नामों की सूची परिषद के सचिव सुजीत कुमार ने जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार समारोह में श्री निवास पानुरी स्मृति साहित्य सम्मान चितरंजन महतो 'चित्रा' 2021 एवं बंशीलाल बंशी (मरणोपरांत) 2022, ए के झा स्मृति खोरठा भाषा सम्मान बासुदेव महतो 2021एवं डॉ पारसनाथ महतो 2022, विश्वनाथ दसौंधी 'राज' स्मृति खोरठा पत्रकारिता सम्मान महेंद्र प्रबुद्ध, 2021 एवं दीपक सवाल 2022, खोरठा सेवा सम्मान जीतू महतो, 2021 एवं मनपुरण गोस्वामी 2022, खोरठा कला-संस्कृति रत्न बासु बिहारी 2021 एवं चंद्रदेव कपरदार 2022 और खोरठा विशेष सम्मान 2022 बिनोद कुमार महतो 'रसलीन' को प्रदान किया जाएगा। मालूम हो कि कोरोना की वजह से वर्ष 2021 में सम्मान समारोह का आयोजन नहीं किया जा सका था।

## फसल जांच के लिए बीएयू केंद्र बनाया गया

**रांची।** यदि झारखंड के किसी क्षेत्र में वहां के समुदाय द्वारा संरक्षित पौधा आनुवंशिकी संसाधन के प्रयोग से किसी फसल की नयी किस्म का विकास किया जाता है तो संबंधित समुदाय को उसके लिए प्रतिकर (मुआवजा) दिलाने हेतु किसी व्यक्ति, समूह या किसी सरकारी, गैर सरकारी संगठन द्वारा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के समक्ष दावा प्रस्तुत किया जा सकेगा। ऐसे व्यक्ति या व्यक्ति समूह का कृषि कार्य में सक्रियता से लगा रहना आवश्यक नहीं है। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्यरत पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली ने संपूर्ण झारखंड के ऐसे दावों को संस्थित करने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को एक केंद्र के रूप में अधिसूचित किया है।इस अधिसूचना को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया गया है।

# गायन में डीपीएस को तीसरा स्थान




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपने उत्कृष्ट गायन कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप सभागार, भीलवाड़ा, राजस्थान में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय समूह गायन प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर में तीसरा पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड, पंजाब, मुंबई, दिल्ली (एनसीआर), उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान एवं उत्तराखंड की कुल 09 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में डीपीएस रांची की टीम ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए क्वालिफाई किया था। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के बाद, उन्होंने क्षेत्रीय स्तर के लिए योग्यता प्राप्त की और प्रथम स्थान हासिल करके राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों (वैष्णवी वृंदा कक्षा 7, सिद्धांत सिन्हा कक्षा 7, त्विषा कक्षा 8, वैभव राज कक्षा 9, ईशान सुनेजा कक्षा 9, प्रणय कुमार प्रतीक कक्षा 9, हशिका प्रिया कक्षा 11, आलिया रंजन कक्षा 9 ) ने हिंदी और संस्कृत भाषाओं में देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य, डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि डीपीएस का छात्र राज्य से लेकर देश में अपना नाम रौशन कर चुके हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि आगे भी यह लोग डीपीएस स्कूल का नाम रौशन करते रहेंगे।

**इस प्रतियोगिता में डीपीएस राँची की टीम ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए क्वालिफाई किया था**

## तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला ने तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की. इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का महाविद्यालय के नये परिसर में पहलीबार आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों का एक समूह बनाया गया एवं इन समूहों का नाम मछलियों के नाम पर किलर व्हेल, वाइट शार्क एवं गंगेटिक डॉलफिन पर रखा गया. इस प्रतियोगिता को तीनों समूहों के बीच आयोजित किया गया. जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, वालीबॉल, चेस, कैरम, जैवलीन, डिस्कस, शोर्ट पुट, हाई जम्प, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जम्प, टग ऑफ वार, खो-खो एवं बैडमिंटन शामिल थे. प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उल्लास के साथ भाग लिया.

# विदाई समारोह धूमधाम से मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कलावती स्कूल ऑफ नर्सिंग कमड़े, रांची के तत्वावधान में विदाई समारोह प्राचार्य विश्व दीपक पांडे जी के निर्देशन में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर उमा शंकर वर्मा, सी.आई.पी. कांके के चीफ मेडिकल ऑफिसर ममता कालिया,छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,डी.ए.वी. शिक्षा दीप ग्रुप के संस्थापक नीलम देवी, निदेशक शिवनंदन पाठक, उपनिदेशक प्रभास गौरव, कलावती स्कूल ऑफ नर्सिंग के निदेशक संतोष गुप्ता,देशबंधु आई.टी.आई.के प्राचार्य अविनाश कुमार सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं रिबन काटकर किया गया। नर्सिंग के बहनों ने नृत्यगान एवं तिलक लगाकर सभी अतिथियों का गर्मजोशी से जोरदार स्वागत की। मौके पर डॉक्टर उमा शंकर वर्मा ने कहा नर्स हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं। मरीजों अथवा जरूरतमंदों की प्राथमिक सेवा पहले नर्स बहनें हीं करती हैं,हमेशा इन बहनों का सम्मान करें। ममता कालिया जी ने कहा नर्स अथवा परिचारिओं मे सेवा की भावनाएं कूट-कूट कर भरी रहती है उन्हें हमेशा आदर की भावनाओं से ही देखना चाहिए। शिवनंदन पाठक ने कहा नर्स बहनें सेवा और धर्म की भावना से हीं सेवाएं प्रदान करती है इनके सभी निदेशों का पालन करना मरीजों का परमकर्तव्य है वही शिव किशोर शर्मा ने विदाई समारोह के अवसर पर सभी नर्स बहनों को नए वर्ष की शुभकामनाएं,उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय जीवन की कामनाएं की। नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक निखिल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से विजय राणा,कुणाल कौशल,दीप्ति बाखला,ग्लोरी जोशी एक्का, विजय राज, डॉ. माज अहमद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रांची में कवि सम्मेलन का आयोजन

**रांची।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वधान में विगत मंगलवार को राज्य संग्रहालय प्रेक्षागृह होटवार रांची में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन का उद्घाटन कार्यक्रम समिति सदस्य, झारखंड, पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सेवा निर्मित एयर फोर्स इंजीनियर एस के बॉस, बाल विकास योजना पदाधिकारी, रांची उमा सिन्हा वरीय कवि नेहाल हुसनैन, राजीव थेफड़ा एवं दिलशान नाजमी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया जिसमें राज्य के 12 ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी कविताएं पढ़ी जिनमें नेहाल हुसनैन, राजीव थेफड़ा एवं दिलशान नाजमी, कल्याणी सहदेव, सुनीता कुमारी, उमा सिन्हा राखी वर्मा और अभिलाषा जी ने अपने सुंदर काव्य पाठ से दर्शकों का मन जीत लिया।

# यूपीएससी में शामिल हो पत्रकारिता : संजय सेठ

**रांची / नयी दिल्ली ।** पत्रकारिता और जनसंचार को एक विषय के रूप में यूपीएससी में शामिल करने को लेकर सांसद संजय सेठ ने बुधवार को लोकसभा में आवाज उठाई। उन्होंने शून्य काल के दौरान सरकार के समक्ष सदन के माध्यम से अपना आग्रह रखा। सांसद ने कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार वर्तमान की शिक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है। देश में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पत्रकारिता और जनसंचार की पढ़ाई कर रहे हैं। प्रतिवर्ष देश के विभिन्न संस्थानों से लगभग 50 हजार से अधिक विद्यार्थी पत्रकारिता में स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करते हैं। वर्तमान व्यवस्था में पत्रकारिता के विद्यार्थी पत्रकारिता, जनसंपर्क, विज्ञापन जैसे क्षेत्रों में जाकर बेहतर काम करते हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**गुड गवर्नेंस पर राज्यस्तरीय...**

डॉ. के. श्यामला, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज एंड रिसर्च इन लॉ, रांची, ने गुड गवर्नेंस एवं रूल ऑफ लॉ के बारे में अपने अनुभव बताये। वहीं आईआईएमएम रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर अंबुज आनंद ने भी गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट पर अपने अनुभव साझा किये। कार्यशाला में राजस्व विभाग की झारभूमि वेबसाइट पर किस प्रकार निबंधन करना है और कृषि विभाग के द्वारा किसानों को दी जा रही ऑनलाइन सुविधाएं, उनके ब्लॉकचेन एप्लीकेशन के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यशाला में संयुक्त सचिव, कार्मिक विभाग, रंजीत कुमार लाल, अपर निदेशक अनिल कुमार, स्किपा, संयुक्त निदेशक, मीना, स्किपा, समेत कृषि एवं राजस्व विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**8533 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट...**

विभाग को 1058 करोड़ रुपये, ग्रामीण कार्य विभाग को 350 करोड़ रुपये, महिला बाल विकास विभाग 1158 करोड़ रुपये का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है।

**भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कटौती प्रस्ताव किया पेश :** अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव पेश करते हुए भानु प्रताप शाही ने नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री व राज्य की सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 10वीं व 12वीं पास की नीति लाकर यहां के मूलवासी व आदिवासी छात्रों को बाहर कर दिया गया जो बाहर पढ़ाई करते थे। भानु प्रताप ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसी सदन में 23 मार्च को कहा था कि 1932 आधारित नियोजन नीति बनी तो कोर्ट में खारिज हो जायेगी, लेकिन अगस्त में खनन मामले में चुनाव आयोग ने राजभवन को पत्र लिखकर हेमंत सोरेन से जवाब मांगा तो 1932 की याद आयी। फिर तीन नवम्बर को ईडी ने समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया तो 11 नवम्बर को इसे पास करने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया। भानु ने कहा कि सरकार की नीति भेदभावपूर्ण, त्रुटिपूर्ण और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रभावित थी इसलिए हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि आज झारखंड में कौन सा नियोजन नीति लागू है। सरकार की गलत नीतियों से गुस्साए राज्य के युवा मौका के इंतजार में हैं। उन्होंने कहा कि 1932 खतियान और नियोजन नीति पर विधि विभाग की प्रतिकूल टिप्पणी के बाद असंवैधानिक तरीके से फैसला लिया। जिस कारण राज्य की युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

**1200 करोड़ रुपये की सौगात...**

मुख्य समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु एक आयोजन-सह-समन्वय समिति का गठन की जाये। उक्त समिति द्वारा मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, डायस प्लान, आमंत्रित महानुभावों की सूची सहित कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी बिंदुओं पर आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा सभी जिले ऑनलाइन माध्यम से मुख्य समारोह से जुड़े रहेंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आपदा प्रबंधन-सह-योजना विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के सचिव विप्रा भाल सहित संबंधित विभाग के निदेशक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**लोगों के लिए मास्क है...**

और डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर सर्विलांस बढ़ाने की बात की गयी। विदेशों से आनेवाले लोगों की सख्ती से जांच और नये वेरिएंट की पहचान के लिए तमाम तरह की सुविधाएं देने की भी बात कही गयी। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि नये साल का जश्न मनाने जो भारतीय विदेशों से लौट रहे हैं उनके लिये प्रोटोकॉल तैयार किया जाये। कोरोना जैसे लक्षण पाये जाने पर उनके सैंपल तुरंत जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे जायें।

**अफसर सवाल नहीं पूछने की...**

कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। बोरिया में हुई घटना दुखद हैले, किन हकीकत यह है कि हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद ही महिलाओं के प्रति हिंसा बढ़ गयी है। अब तक 4800 रेप केस के मामले सामने आये हैं।

**विभाग ने गरीबों का राशन बेच दिया :** सीपी सिंह ने कहा कि खाद्य उपभोक्ता एवं वितरण विभाग ने गरीबों का चार महीने का राशन ही बेच दिया। विभाग के एमडी की मिलीभगत से यह सब हो रहा है। करोड़ों रुपये लेकर भ्रष्ट और नामजद ठेकेदारों को काम दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक कमिटी बनाकर इसकी जांच होनी चाहिए।

**अपराध पर लगाम** | **साइबर पर नकेल कसने को हो रही है तैयारी**

# झारखंड पुलिस में तैयार हो रहे डिजिटल योद्धा

## साइबर विद्यापीठ से आए एक्सपर्ट्स झारखंड पुलिस के चयनित पुलिस कर्मियों को साइबर अटैक कैसे रोका जाए,दे रहे ट्रेनिंग

## 41 वैसे पुलिस कर्मियों को चुना है जो लोग या तो आईटी ग्रेजुएट है या फिर आईटी की बेहतर जानकारी रखते हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराध की बढ़ती चुनौती के बीच झारखंड पुलिस डिजिटल योद्धा तैयार कर रही है ,ताकि वे साइबर अटैक होने से पहले ही उसका पूवार्नुमान लगाया जा सके। साइबर अपराध होने से पहले ही उसकी जानकारी पुलिस को मिल सके इसे लेकर झारखंड पुलिस ने अपने 41 पुलिसवालों का चयन कर उन्हे साइबर डिफेंस की एडवांस ट्रेनिंग दे रही है.साइबर विद्यापीठ के सौजन्य से इस ट्रेनिंग की शुरूवात की गई है , इस टीम में वैसे तेजतर्रार पुलिस कर्मियों का चयन किया गया है आईटी बैकग्राउंड के हैं. डीजी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता ने बताया कि हमने सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक के पुलिस कर्मियों की एक ऐसी टीम बनाई है जो साइबर अपराध को लेकर झारखंड पुलिस के लिए काम करेंगे. इस टीम में अधिकांश पुलिसकर्मी आईटी ग्रेजुएट है. साइबर विद्यापीठ से आए एक्सपर्ट्स झारखंड पुलिस के चयनित पुलिस कर्मियों को साइबर अटैक कैसे रोका जाए , साइबर अटैक होने से पहले उसका पूर्व अनुमान कैसे लगाया जाए इसकी ट्रेनिंग देंगे. डीजी अनुराग गुप्ता के अनुसार इस ट्रेनिंग में वे लोग मूल रूप से तीन मुद्दों पर अपने अफसरों को ट्रेंड करेंगे उसमे पाइथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज ,मसीन लर्निंग और ओपन सोर्स इंटेलिजेंस शामिल है . डीजे ट्रेनिंग के अनुसार फिलहाल हमारे पुलिस अफसरों को ओपन सोर्स इंटेलिजेंस की जानकारी ना के बराबर है, ऐसे में हम लोगों ने अपने 41 वैसे पुलिस कर्मियों को चुना है जो लोग या तो आईटी ग्रेजुएट है या फिर आईटी की बेहतर जानकारी रखते है उन्हें इस ट्रेनिंग के लिए चुना है. गौरतलब है कि साइबर ट्रेनिंग को लेकर 300 पुलिसकर्मियों का आवेदन आया था जिसमे से 41 पुलिसकर्मियों का चयन किया गया और फिर उन्हें एडवांस ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग में साइबर अनुसंधान, साइबर अटैक और कोई अपराधी जो सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर एक्टिव है तो वही इसके साथ ही कोई मैसेज लोगो को भड़काने या किसी वारदात को अंजाम को दें से पहले सोशल मीडिया पर फ्लोट होती है तो उसकी जानकारी मिल सके और संबंधित व्यक्ति की तुरंत पहचान हो सके और समय रहते कार्रवाई की जाए ताकि अनहोनी से बचा जा सके. पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग देने पहुंचे साइबर एक्सपर्ट एस बालाजी ने बताया कि वर्तमान में जो ट्रेनिंग झारखंड के इन 41 पुलिसकर्मियों को दी जा रही है वो अपने आप में नायाब है. देश भर में आईबी के ऑफिसर्स को ही इस तरह की ट्रेनिंग दी गई है और किसी भी राज्य की पुलिस विभाग में ये अपने तरह की पहली ट्रेनिंग है.

## NEWS इन ब्रीफ

### बस की छत से गिरते-गिरते बचे मेसी

**ब्यूनस आयर्स।** फुटबॉल वर्ल्ड कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का देश में लाखों फैंस ने स्वागत किया। जश्न राजधानी ब्यूनस आयर्स में मनाया गया। पूरी टीम खुली छत वाली बस पर बैठकर इस जश्न में शामिल हुई। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते बचा। छत पर बैठे कप्तान मेसी समेत पांच प्लेयर्स गिरते-गिरते बचे। जश्न के दौरान जब फैंस की भीड़ बस की ओर उमड़ी तो मेसी को हेलिकॉप्टर से निकालना पड़ा।

### शूटआउट मिस करनेवाले अश्वेत खिलाड़ियों पर नस्लीय टिप्पणी

**पेरिस।** कतर में 18 दिसम्बर को संपन्न हुए फुटबॉल वर्ल्ड कप में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद फ्रांस के खिलाड़ियों को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। उन पर नस्लीय टिप्पणी की जा रही है। फ्रांस फुटबॉल फेडरेशन ने ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। वहीं, फ्रांस के कई राजनेताओं ने भी इसकी आलोचना की है। दरअसल, पेनाल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना ने 4-2 से बाजी मारी। फ्रांस की ओर से पेनाल्ट शूटआउट में कीलियन एम्बाप्पे और रांडल कोलो मुआनी गोल करने में सफल रहे। जबकि किंग्स्ले कॉमान और औरेलियन चौमेनी शॉट मिस कर गए।

### कोच पद छोड़ सकते हैं शिवनारायण चंद्रपॉल

**कैलिफोर्निया।** वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल अंडर-19 महिला विश्व कप-2023 के बाद अमरीकी महिला टीमों के मुख्य कोच का पद छोड़ सकते हैं। अमरीका क्रिकेट के सूत्रों ने बताया है कि चंद्रपॉल बोर्ड की वर्तमान स्थिति और पेशेवराना अंदाज की कमी से नाखुश हैं। हालांकि, चंद्रपॉल ने फिलहाल खुद कोई बयान जारी नहीं किया है। अमरीका क्रिकेट के एक सूत्र ने कहा कि यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चंद्रपॉल ने अंडर-19 विश्व कप के बाद मुख्य कोच की भूमिका से अलग होने का इरादा किया है।

### मैच जल्दी खत्म होने में गेंदबाजी आक्रमण की भूमिका अहम : विटोरी

**ब्रिसबेन।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि गाबा की पिच बल्लेबाजों के लिए मुश्किल थी, लेकिन उनका मानना है कि पहले टेस्ट के दो दिन के भीतर समाप्त होने में दोनों टीम के गेंदबाजों के स्तर की अहम भूमिका रही। मेजबान टीम के दूसरे ही दिन मुकाबला छह विकेट से जीतकर 1-0 की बढ़त बनाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने ब्रिसबेन की पिच को औसत से खराब रेटिंग दी। इस साल मई में ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच का पद संभालने वाले विटोरी ने कहा कि उन्होंने इससे भी बदतर पिच देखी है।

# दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका

## कप्तान केएल राहुल अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल, ईश्वरन को मिल सकता है डेब्यू का मौका

**एजेंसी। मीरपुर**

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। कप्तान केएल राहुल नेट प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गये। वे ढाका टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो चेतेश्वर पुजारा कप्तानी कर सकते हैं। अभिमन्यु ईश्वरन को शुभमन गिल के साथ ओपनिंग का मौका मिल सकता है। इससे पहले टीम के रेगुलर कैप्टन रोहित शर्मा वनडे सीरीज के दौरान अंगूठे में लगी चोट के कारण टेस्ट मैचों से बाहर हो गए थे। उनकी जगह केएल राहुल ने पहले टेस्ट में कप्तानी की थी। टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ अब भी राहुल के खेलने की उम्मीद रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और वे दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं। हालांकि, इसके लिए मैच की सुबह तक इंतजार करना होगा। तब राहुल की चोट का जायजा लिया जायेगा और इसके बाद ही कोई फैसला होगा। राहुल को यह चोट नेट प्रैक्टिस के दौरान थ्रो-डाउन खेलते वक्त लगी।



**नेट प्रैक्टिस के दौरान थ्रो-डाउन खेलते वक्त राहुल को लगी चोट**

**इससे पहले टीम के रेगुलर कैप्टन रोहित शर्मा वनडे सीरीज के दौरान अंगूठे में लगी चोट के कारण टेस्ट मैचों से हो गये थे बाहर**

**टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ अब भी राहुल के खेलने की रखे हुए हैं उम्मीद**

संयोग से यह थ्रो-डाउन खुद बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ ही करा रहे थे। इसके बाद टीम डॉक्टर राहुल के पास आये।

**भारत ने 188 रनों से जीता पहला टेस्ट :** टीम इंडिया ने चटगांव में खेला गया पहला टेस्ट मैच 188 रनों से जीता था। भारतीय टीम दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले चुकी है।

### घरेलू श्रृंखला से पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट अच्छा अभ्यास : राठौड़

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ चल रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर इसी तरह की टर्निंग पिचों पर आस्ट्रेलिया से होनेवाली सीरीज से पहले भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी के लिए बिलकुल परफेक्ट है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की जिससे भारत ने चटगांव में मुश्किल पिच पर बांग्लादेश को 188 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर चल रही भारतीय टीम शीर्ष पर चल रही आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होनेवाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से पहले बांग्लादेश में क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

# अक्षर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे, कुलदीप को भी फायदा





**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल बुधवार को यहां जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 20 स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 18वें पायदान पर पहुंच गये जबकि स्पिनर कुलदीप यादव 19 स्थान आगे बढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गये हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के पहले मैच में 113 रन देकर आठ विकेट चटकाने के लिए कुलदीप को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उनके 455 रेटिंग अंक हैं। अक्षर ने मैच में पांच विकेट चटकाए और वह 650 अंक के साथ शीर्ष 20 गेंदबाजों में जगह बनाने में सफल रहे हैं। चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चौथे) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (पांचवें) शीर्ष पांच में बने हुए हैं। बल्लेबाजों की सूची में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और युवा शुभमन गिल दोनों 10 स्थान के फायदे से क्रमशः 16वें और 54वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले हफ्ते पहले टेस्ट में पुजारा ने 90 और 102 रन की पारियां खेली जिससे वह 664 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष 20 में वापसी करने में सफल रहे हैं। पहले मैच में शतक जड़ने वाले एक अन्य भारतीय गिल 517 अंक के साथ 54वें स्थान पर हैं। पहली पारी में 86 रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर 11 स्थान आगे बढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

**पंत छठे स्थान पर :** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत छठे स्थान के साथ भारतीय बल्लेबाजों में शीर्ष पर हैं। अंगूठे की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा नौवें जबकि दिग्गज विराट कोहली एक स्थान के फायदे से 12वें नंबर पर हैं। कराची में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के अंतिम मैच में दो अर्धशतक जड़नेवाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर हैं। बाबर ने 78 और 54 रन की पारियों के साथ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़ा जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में दो पारियों में 36 और छह रन ही बना पाये थे। एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर एक और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज बाबर टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे मार्नस लाबुशेन से 61 अंक पीछे हैं। ब्रिसबेन टेस्ट की पहली पारी में 92 रन के साथ मैच के शीर्ष स्कोरर रहे ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड तीन स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। उन्होंने अपने करियर में पहली बार 800 रेटिंग अंक की उपलब्धि हासिल की।

### स्टोक्स तीन स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (तीन स्थान के फायदे से 23वें), दक्षिण अफ्रीका के तेंबा बावुमा (आठ स्थान के फायदे से 24वें) और बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन (चार स्थान के फायदे से 37वें) की बल्लेबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ तीनों टेस्ट में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक पहली बार शीर्ष 50 में जगह बनाने में सफल रहे। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा चार स्थान के फायदे से तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने गाबा टेस्ट की दोनों पारियों में चार-चार विकेट चटकाये। ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत दूसरे स्थान पर है।

# चार गोल दागकर फाइनल में रांची

**इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट : धनबाद का सपना टूटा**

**दो गोल से पिछड़ने के बाद रांची ने दागे चार गोल**

**23 को फाइनल में रांची व जमशेदपुर होंगे आमने-सामने**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गत चैंपियन छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए), रांची ने इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने का स्थान पक्का कर लिया। हाईवोल्टेज सेमीफाइनल मैच में रांची के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर मेजबान धनबाद को 4-3 से हराकर फाइनल में पहुंचा। 23 दिसम्बर को चक्रधरपुर में खेले जानेवाले फाइनल मैच में रांची का मुकाबला जमशेदपुर के साथ होगा।

धनबाद के सिजुवा ग्राउंड में खेले गये मुकाबले में धनबाद के खिलाड़ियों ने पहले हाफ के खेल में शानदार प्रदर्शन कर रांची की टीम पर 3-1 की बढ़त बनाये रखी। धनबाद के बिरसा ने हैट्रिक गोल दागा। बिरसा ने 5वें, 17वें व 31वें मिनट में तीन शानदार गोलकर रांची पर दबाव बना दिया। रांची को 40वें मिनट में फ्री किक मिला, कप्तान सोमरा मुंडा ने फ्री किक को गोल में तब्दिल कर स्कोर 1-3 कर दिया। 43वें मिनट में रोहित तिग्गा ने शानदार गोलकर रांची का स्कोर 2-3 कर दिया। पहले हाफ के खेल में धनबाद की टीम 3-2 से आगे रही।

### 10 खिलाड़ियों से खेला सीएए

सेकेंड हाफ के शुरुआती खेल से ही रांची के खिलाड़ियों ने जोरदार आक्रमण करना शुरू किया। लेकिन 49वें मिनट में रांची के डिफेंस मंजीत को मैच के दौरान दूसरा येलो कार्ड दिखाया गया। दूसरा येलो कार्ड होने के बाद मंजीत को मैदान से बाहर जाना पड़ा। रांची के खिलाड़ियों ने 10 खिलाड़ियों से मैच खेलकर धनबाद पर पूरी तरह से दबाव बनाये रखा। 56वें मिनट में रांची के स्टार फॉरवर्ड रोहित तिग्गा ने एक और शानदार गोलकर टीम का स्कोर 3-3 कर दिया। 80वें मिनट में शंकर उरांव ने एक बेहतरीन गोलकर रांची की टीम को 4-3 से आगे कर दिया। रांची के फाइनल में पहुंचने पर महासचिव आसिफ नइम, अध्यक्ष एंजेलो कुक, चेयरमैन नसीम अख्तर, लुइस टोपनो, अशोक कुमार, आरके सेनापति, लाल आरएन शाहदेव आदि ने बधाई दी।

# एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा दिल्ली

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने घोषणा की है कि 2023 सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन नयी दिल्ली में 28 मार्च से दो अप्रैल तक किया जायेगा। साथ ही अगले साल से होनेवाली रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिताओं के दौरान पहलवानों को उनके वजन में दो किलोग्राम तक की छूट दी जायेगी।

नयी दिल्ली में एशियाई चैम्पियनशिप का आयोजन तीन साल के दो बार होगा। भारतीय राजधानी ने फरवरी 2020 में भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। दो किग्रा छूट को यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो ने सोमवार को स्वीकृति दी जब इसने 2023 के कैलेंडर को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की। यूडब्ल्यूडब्ल्यू की




वेबसाइट के अनुसार कि ब्यूरो के समक्ष भार वर्ग में दो किग्रा की छूट का प्रस्ताव रखा गया जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस कदम से पहलवान भविष्य की रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिताओं में अधिक भार वर्ग की जगह अपनी पसंद के भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा पेश कर पायेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया में गाबा ग्रीन-टॉप सबसे कठिन पिच : स्टीव

**ब्रिस्बेन टेस्ट के सिर्फ छह सत्रों में गिरे कुल 34 विकेट**

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो दिनों के भीतर पहला टेस्ट समाप्त होने के बाद, स्टीव स्मिथ का मानना है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच में और भी बहुत कुछ होगा। पहला टेस्ट ब्रिस्बेन में गाबा में हुआ था और टेस्ट क्रिकेट के धुरंधर स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया में गाबा ग्रीन-टॉप सबसे कठिन पिच थी। खेल के सिर्फ छह सत्रों में कुल 34 विकेट गिरे और मैच जल्दी समाप्त हो गया, ऑस्ट्रेलिया ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। पहला टेस्ट 91 वर्षों में



ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे छोटा टेस्ट मैच साबित हुआ। जबकि सभी को उम्मीद थी कि श्रृंखला का पहला एक रोलरकोस्टर की तरह होगा, लेकिन यह विपरीत निकला। स्मिथ ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में मैं चाहूंगा कि यह थोड़ा कम करे। मुझे लगता है कि बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला करने की कोशिश करना एक अच्छा संतुलन है। गाबा का विकेट शायद ऑस्ट्रेलिया में मैंने यहां खेला सबसे कठिन विकेट था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर इस बात से बहुत निराश थे कि पिच कैसे निकली और उन्होंने मैच के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसे खतरनाक बताते हुए इसकी आलोचना की। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने खेल के दौरान अंपायरों से सवाल किया कि क्या पिच को खेलने के लिए असुरक्षित माना जायेगा। स्मिथ ने भी कहा कि कई बार ऐसा भी हुआ जब वह चौकन्ने हो गये। स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि कुछ उदाहरण थे कि गेंद ने कुछ ऐसा किया जो कहीं से भी बाहर था। कुछ गेंदें विकेट पर टिकी हुई थीं, कुछ गेंदे उछाल ले रहीं थी और बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय रूप से कठिन था। यह असुरक्षित था या नहीं, यह मैं नहीं जज कर सकता हूं, लेकिन यह निश्चित रूप से बल्लेबाजी करना आसान नहीं था।

# बीसीसीआई को बड़ा झटका, पीसीबी के समर्थन में उतरता दिख रहा आईसीसी

**एजेंसी। दुबई**

भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज लंबे समय से देखने को नहीं मिली। हालांकि, पाकिस्तान ने कई बार भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने की इच्छा जाहिर की, लेकिन बीसीसीआई ने सुरक्षा का हवाला देकर उनका हर संदेश ठुकराया। यहां तक कि पाकिस्तान में होनेवाले आगामी एशिया कप को लेकर भी बीसीसीआई ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये टूर्नामेंट पाकिस्तान के बजाय किसी अन्य देश में करवाना चाहिए, अगर ऐसा नहीं हुआ तो भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर नहीं जायेगी। वहीं, पाकिस्तान अब बड़ी टीमों की मेजबानी कर सबको बता रहा



है कि वे किसी भी टीम की कड़ी सुरक्षा के साथ मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बीच पाकिस्तान को भी अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से सहारा मिलता दिख रहा है और यह जरूर बीसीसीआई के लिए झटका देनेवाली बात साबित होती है। वो इसलिए क्योंकि माना जाता है कि बीसीसीआई के फैसले के आगे आईसीसी भी हामी भरता है, लेकिन अब आईसीसी ने संकेत दिये हैं कि पाकिस्तान का दौरा करना अब किसी भी टीम के लिए फायदेमंद साबित होगा।

बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम के तीन मैचों के सफल दौरे से उत्साहित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ ज्योफ एलार्डिस चाहते हैं कि पाकिस्तान में और अधिक टेस्ट मैच खेले जायें। इंग्लैंड ने रावलपिंडी, मुल्तान और कराची में टेस्ट मैच खेले जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंचे।

**आईपीएल 2023** | **नीलामी के लिए 991 खिलाड़ियों ने कराया है रजिस्ट्रेशन**

# दो करोड़ के टॉप बेस प्राइस में कोई भारतीय नहीं

**एक करोड़ की लिस्ट में मयंक, स्मिथ रहेंगे दूर**

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आईपीएल के अगले सीजन के लिए खिलाडियों की नीलामी 23 दिसम्बर को कोच्चि में होगी। यह पिछली बार की तरह बड़ी नहीं होगी, उसके बावजूद 991 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें भारत के सबसे ज्यादा 714 क्रिकेटर हैं। 10 टीमों को मिलाकर 87 जगह ही खाली है। खिलाड़ियों ने अलग-अलग बेस प्राइस में अपना नाम दिया। दो करोड़ के बेस प्राइस में एक भी भारतीय खिलाड़ी नहीं हैं। कुल 21 क्रिकेटर इसमें शामिल हैं। इंग्लैंड को टी-20 विश्व कप दिलाने वाले स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और सैम करन ने इसी बेस प्राइस में



अपना नाम दिया है। स्टोक्स और सैम करन के अलावा ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन, न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन भी टॉप बेस प्राइस में हैं।

**ये दिग्गज अगले साल नहीं खेलेंगे :** चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने नीलामी के लिए अपना नाम नहीं दिया। उन्होंने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। ब्रावो को चेन्नई सुपरकिंग्स ने अगले सीजन के लिए गेंदबाजी कोच बनाया है। ब्रावो तीन बार आईपीएल जीतनेवाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 183 विकेट है। ब्रावो के अलावा जिन बड़े खिलाड़ियों ने अपना नाम नहीं दिया है, उनमें स्टीव स्मिथ और मार्नश लाबुशेन प्रमुख हैं। दोनों को पिछली बार नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। अगले साल 16 जून से एशेज शुरू होगी। स्मिथ और लाबुशेन उस पर अपना पूरा ध्यान लगाना चाहते हैं। उनका नीलामी से दूर होना कोई हैरानी भरी वाली बात नहीं है।

### मयंक और अजिंक्य सहित कई दिग्गजों ने दिया नाम

19 कैप्ड भारतीयों की सूची में मुख्य रूप से अजिंक्य रहाणे, ईशांत शर्मा और मयंक अग्रवाल सहित राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। रहाणे को कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछली नीलामी में एक करोड़ में खरीदा था। इस बार उनका बेस प्राइस 50 लाख है। 2022 में अनसोल्ड रह चुके ईशांत शर्मा ने 75 लाख की लिस्ट में अपना नाम दिया है। मयंक अग्रवाल पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के कप्तान थे। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 14 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। इस बार उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। अग्रवाल का बेस प्राइस एक करोड़ हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने अपना बेस प्राइस 50 लाख रखा है। वह आईपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा कमाई करनेवाले खिलाडियों में से एक रहे हैं।

